सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

06.01.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 174



12 बंगाल को बदनाम करने की कोशिश क्यों हुई

## न्यूज डायरी

### रामगढ़ की महिला थाना प्रभारी घूस लेते गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामगढ़ महिला थाना प्रभारी मेंजारी बिरवा को गुरुवार को एसीबी हजारीबाग टीम ने 10 हजार रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक एसीबी की टीम दोपहर रामगढ़ महिला थाना पहुंची। एसीबी के डीएसपी और इंस्पेक्टर के नेतृत्व में छापामारी में महिला थाना प्रभारी को एक केस के मामले में आरोपी से 10000 रुपए रिश्वत लेते पाये जाने की बात सामने आयी। टीम ने उन्हें रंगे हाथधर दबोचा। एसीबी की टीम उन्हें हजारीबाग ले गयी।

### कोर्ट से सीएस को बड़ी राहत अवमानना नोटिस पर रोक

**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। एकल पीठ द्वारा उनके खिलाफ जारी अवमानना नोटिस पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने रोक लगा दी । साथ ही शहादत हुसैन की रिट याचिका को एकल पीठ से खंडपीठ में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। अब इस रिट की सुनवाई खंडपीठ में अपील याचिका के साथ होगी।

### निर्मला देवी को हाइकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने पूर्व विधायक निर्मला देवी को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए बेल दे दी है। न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्यय और अम्बुज नाथम की कोर्ट में निर्मला देवी की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने उन्हें निचली अदालत में बेल बॉन्ड भरने के बाद रिहा करने का निर्देश दिया है। एमपी-एमएलए की कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनायी। पूर्व विधायक निर्मला देवी बड़कागांव एनटीपीसी आंदोलन में हुई गोलीबारी में सजायाफ्ता हैं। इस मामले में रांची एमपी-एमएलए की कोर्ट ने उन्हें दस वर्ष की सजा सुनाई है।

### आज शाम रांची पहुंचेंगे गृह मंत्री अमित शाह

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोल्हान की यात्रा पर आ रहे हैं। वे शुक्रवार शाम छह बजे विशेष विमान से रांची पहुंचेंगे। गृहमंत्री रात्रि विश्राम के रांची में होटल रेडिसन ब्लू में करेंगे। सात जनवरी को शाह सुबह 10 बजे एयरपोर्ट से चाईबासा के लिए रवाना होंगे। वहां से फिर रांची एयरपोर्ट लौटेंगे और छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो जायेंगे। गृहमंत्री के चाईबासा आगमन को लेकर प्रदेश भाजपा के तीन महामंत्री और अध्यक्ष कैंप कर रहे हैं। केंद्र से लेकर राज्य तक भाजपा लोकसभा चुनाव मिशन 2024 की तैयारियों में लगी हुई है।

### सड़क हादसे में मां और पुत्र की मौत

**धनबाद।** जीटी रोड पर गोविंदपुर थाना के गहीरा मोड़ के पास सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कापासारा गांव के राजीव मंडल पूरे परिवार के साथ मैथन डैम पिकनिक मनाने गये थे। लौटते समय उनकी कार ने आगे खड़ी टैंकर को धक्का मार दिया। हादसे में राजीव की पत्नी शर्मिला मंडल और चार साल के बेटे की मौत घटनास्थल पर हो गयी। राजीव मंडल, बिजेंद्र गोस्वामी और उनकी पत्नी व बच्चे घायल हैं।

### मोबाइल देखने से रोका तो कर ली खुदकुशी

**खूंटी।** माता-पिता ने अपनी पुत्री को मोबाइल देखने से मना किया, तो गुस्से में आकर करिश्मा कुमारी (17) ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मुरहू थाना के राजा कुंजला निवासी देवी महतो और उनकी पत्नी ने बेटी को अधिक मोबाइल देखने पर डांट लगायी थी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## सम्मेद शिखरजी पर बड़ा फैसला : केंद्र ने अपना पुराना आदेश वापस लिया

# अब पर्यटन क्षेत्र नहीं, मांस व मदिरा पर रोक

- सीएम हेमंत ने पत्र लिख कर शीघ्र फैसले का किया था आग्रह
- जैन समाज का आंदोलन खत्म, बैठक के बाद अधिसूचना जारी, निगरानी कमेटी बनी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** झारखंड के पारसनाथ में स्थित जैन समुदाय का पवित्र तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। केंद्र के मुताबिक, यह अब पर्यटन क्षेत्र नहीं होगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में सभी पर्यटन और इको टूरिज्म गतिविधि पर पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्विटर के जरिये इसकी जानकारी दी है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग के बाद इसकी घोषणा की। साथ ही बताया कि केंद्र सरकार ने तीन साल पहले जारी किये गये अपने आदेश को वापस ले लिया है। 2019 में केंद्र सरकार ने सम्मेद शिखर को इको सेंसिटिव जोन घोषित किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने इसे पर्यटन स्थल घोषित किया था। वहीं झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार को पत्र लिख कर सम्मेद शिखरजी विवाद मामले में धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिसूचना के संदर्भ में शीध्र फैसला लेने का आग्रह किया था। इसके बाद मंत्री ने कहा- जैन समाज से कहा कि पीएम मोदी सरकार सम्मेद शिखर सहित जैन समाज के सभी धार्मिक स्थलों पर उनके अधिकारों की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

**केंद्र ने आदेश वापस लिया :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को तीन साल पहले जारी किए गए अपने आदेश को वापस ले लिया है। भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से पांच जनवरी को जारी दो पेज की चिट्ठी के दूसरे पेज पर लिखा गया है, "इको सेंसेटिव जोन अधिसूचना के खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगायी जाती है, जिसमें अन्य सभी पर्यटन और इको-टूरिज्म गतिविधियां शामिल हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### इन पर रहेगा प्रतिबंध

झारखंड के पारसनाथ स्थित जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगा दी गयी है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी नोटिफिकेशन में सभी पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं। मांस, मदिरा ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री, तेज संगीत या लाउडस्पीकर बजाना प्रतिबंधित होगा। साथ ही पालतू जानवरों के साथ आना, अनधिकृत कैम्पिंग और ट्रैकिंग करने पर भी रोक रहेगी। इसके अलावा उन सारी एक्टिविटीजी पर रोक रहेगी, जिनसे जल स्रोत, पौधे, चट्टानों, गुफाओं और मंदिरों को नुकसान पहुंचता हो।

### मुख्यमंत्री का प्रयास सफल रहा



**सम्मेद शिखरजी** विवाद सुलझाने में सीएम हेमंत सोरेन का प्रयास सफल रहा। झारखंड के सीएम ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा था। उसपर मंत्रालय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए इको सेंसेटिव जोन अधिसूचना के खंड 3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगा दी है। सीएम ने पत्र में कहा था कि इस मामले में जैन अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिसूचना के संदर्भ में फैसला शीघ्र ले। जैन अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिसूचना संख्या का.आ. 2795 (अ) दिनांक 02.08.2019 के संदर्भ में समुचित निर्णय लेने का आग्रह किया था। सीएम ने कहा था कि सम्मेद शिखर पौराणिक काल से जैन समुदाय का विश्व प्रसिद्ध पवित्र तीर्थ स्थल है। यहां जैन धर्म के कुल 24 तीर्थकरों में से 20 तीर्थकरों ने निर्वाण प्राप्त किया गया है। भारत एवं विश्व के कोने-कोने से जैन धर्मावलंबी इस स्थान का तीर्थ करने आते हैं। झारखंड पर्यटन नीति 2021 में पारसनाथ को तीर्थ स्थल मानते हुए इस स्थल को धार्मिक तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित करने का उल्लेख है। पूर्व में भी इस स्थल की पवित्रता अक्षुण्ण रखने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रतिबद्धता जारी किया गया है।

# 1 जनवरी 2024 को होगा श्रीराम मंदिर का उद्घाटन

- केंद्रीय गृह मंत्री ने त्रिपुरा की जनसभा में किया ऐलान
- कांग्रेस ने कोर्ट में मंदिर निर्माण का मामला उलझाये रखा
- राहुल बाबा अब अयोध्या का टिकट कटवा लें



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राम मंदिर के उद्घाटन के तारीख की घोषणा कर दी है। अमित शाह ने त्रिपुरा में एक जनसभा के दौरान कहा कि अयोध्या में अगले साल 1 जनवरी को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हो जायेगा। जनसभा में अमित शाह ने कांग्रेस पर भी बड़ा हमला किया। शाह ने कहा कि मैं यहां एक बात बताने आया हूं। 2019 में जब भाजपा का अध्यक्ष था, उस समय राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। शाह ने कहा कि उस समय राहुल बाबा रोज पूछते थे, मंदिर वहीं बनायेंगे, तारीख नहीं बतायेंगे। श्री शाह ने गुरुवार को कहा, राहुल गांधी आज कान खोल कर सुन लें। 1 जनवरी 2024 को अयोध्या में गगनचुंबी राम मंदिर बनकर तैयार मिलेगा।

**एतिहासक घटनाक्रम :** 1990 में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा के साथ अयोध्या में राम मंदिर की मांग जन आंदोलन में तब्दील हो गयी थी। राम मंदिर आंदोलन ने ही भाजपा को देश की केंद्रीय राजनीति में पहुंचाया। 1992 में 16 वीं शताब्दी के मुगल सम्राट बाबर द्वारा बनायी गयी बाबरी मस्जिद को कार सेवकों द्वारा तोड़ दिया गया जिसे जिसे कई लोग भगवान राम का जन्मस्थान मानते हैं। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी उस जगह को भगवान राम का जन्मस्थान माना जहां राम मंदिर का निर्माण हो रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

## ग्रामीणों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षमता बढ़ाने का संकल्प : हेमंत

# अब गांवों में ही मिलेंगी जरूरी दवाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीणों की सामाजिक-आर्थिक- शैक्षणिक और बौद्धिक क्षमता में बढ़ोतरी सरकार का संकल्प है। गांवों में जरूरी दवाओं की नहीं होगी किल्लत। सरकार कर रही व्यवस्था। पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का सरकार अपने संकल्प पर आगे बढ़ रही है। इसी मकसद से कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। जिनके लिए ये योजनाएं हैं, उनके दरवाजे तक यह पहुंचे, इसी लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को धरमपुर, पतना, साहिबगंज में परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि अब योजनाएं कागजों- फाइलों में सिमटी नहीं रहेगी। योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर सरकार की पूरी नजर है, ताकि हर जरूरतमंद और गरीब को



इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य में हजारों शिविर लगाये गये। इनके जरिये लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ योजनाओं से जोड़ा गया। अब फिर से शिविर होंगे, ताकि जो भी वंचित हैं, उन्हें उनका हक और अधिकार हम दे सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश को मजबूत करने का काम सरकार कर रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### साहिबगंज में सीएम

- धरमपुर, पतना, साहिबगंज में परिसंपत्ति का वितरण, दी कई योजनाओं की सौगात
- किसानों को खेतों से जोड़ने, मजदूरों को गांव -घर में रोजगार देने का प्रयास
- शिविरों के जरिये लोगों को योजनाओं से जोड़ने का अभियान जारी रहेगा

### नौजवान गांवों में खोलेंगे दवा की दुकान

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरी दवाओं की किल्लत नहीं हो, इसकी व्यवस्था सरकार जल्द करने जा रही है। अब हर गांव में जेनेरिक दवाएं की व्यवस्था होगी। इसके लिए गांव के ही पढ़े-लिखे नौजवानों को दवा दुकान खोलने की इजाजत दी जायेगी। गांवों में जरूरी दवाओं की उपलब्धता करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। ताकि इमरजेंसी में किसी बीमार को दवा का अभाव नहीं हो।

## भारतीय महिला हॉकी टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा

# 22 सदस्यीय टीम में चार झारखंड की

**बेंगलुरु/रांची (हिस /खबर मन्त्र संवाददाता)।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के लिए 22 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर है। इसमें झारखंड की चार खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग शामिल हैं। भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरे का मैच 16 जनवरी, 2023 से केपटाउन में शुरू होगा। ।इस दौरे पर, भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार और नीदरलैंड के खिलाफ तीन मैच 16 जनवरी 2023 से 28 जनवरी 2023 के बीच खेलेगी।





**सविता कप्तान, नवनीत कौर उपकप्तान :** हॉकी इंडिया ने गोलकीपर सविता को टूर्नामेंट के लिए टीम का कप्तान और अनुभवी नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान बनाया है। जबकि, अनुभवी फारवर्ड रानी बेल्जियम के खिलाफ एफआइएच महिला हॉकी प्रो लीग 2021/22 मैच के बाद से टीम में वापसी कर रही हैं। वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, जिन्होंने मई में यूनीफर अंडर-23, 5 नेशंस टूर्नामेंट 2022 में भारतीय महिला जूनियर टीम का नेतृत्व किया था, सीनियर टीम के लिए पदार्पण करेंगी। दौरे को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जानेके शोपमैन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका दौरा हमारे लिए नेशंस कप के अपने प्रदर्शन को आगे बढ़ाने का एक शानदार अवसर है।

(शेष पेज 11 पर)

# अभी और सतायेगी सर्दी, गिरेगा पारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जारी सर्दी के सितम से अभी राहत की उम्मीद नहीं है। अगले कुछ और दिनों तक राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। अगले चार दिनों में भी तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की गिरावट की संभावना है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने आमजनों के लिए अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम को देखते हुए गुरुवार को भी पुणे, दिल्ली और लखनऊ से आनेवाले तीन विमान रद करने की तैयारी थी। घने कोहरे के कारण बुधवार को भी तीन फ्लाइटें रद कर दी गयी थीं, जबकि छह विमानों को कोलकाता रूट में डायवर्ट किया गया। 17 फ्लाइटों ने विलंब से उड़ान भरी। घने कोहरे पूरे उत्तर भारत



को अपनी चपेट में ले रखा है। कड़ाके की सर्दी ने झारखंड ही नहीं पूरे उत्तर भारत में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर के रख दिया है।

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। मैकलुस्कीगंज में छह जनवरी को न्यूनतम तापमान छह डिग्री तक गिरने की संभावना है। वहीं कांके दूसरा सबसे ठंडा इलाका रहेगा। बुधवार को भी न्यूनतनम तापमान सात डिग्री रहा। छह जनवरी को भी पारा न्यूनतम सात डिग्री तक जा सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 06 से 08 जनवरी तक सुबह में कोहरे या धुंध और बाद आसमान साफ रहेगा एवं मौसम शुष्क रहेगा। वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद बताते हैं कि पूरा राज्य कोहरे की चादर से लिपटा है। पश्चिमी दिशा से आ रही ठंडी हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह के दौरान रांची के तापमान में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट हो चुकी है। तीन से चार दिनों के दौरान रात के तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है।

# मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह में रामगढ़ में चुनाव संभव : के रवि कुमार

## उपचुनाव को ले निर्वाचन विभाग ने कसी कमर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मंत्रिमंडल ( निर्वाचन) विभाग, झारखंड ने कहा है कि अगले एक-दो माह में रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव हो सकते हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने गुरुवार को निर्वाचन सदन कार्यालय भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते कहा कि निर्वाचन विभाग 6 जनवरी को चुनावी तैयारियों को दुरुस्त करने को रामगढ़ जा सकता है। निर्वाचन विभाग रामगढ़ उपचुनाव के लिए अपनी तैयारियों में लग गया है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग से भी इसके लिए ग्रीन





सिग्नल हो चुका है। सब ठीक रहा तो दो महीने में रामगढ़ में चुनाव संपन्न करा लिये जायेंगे। मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह में रामगढ़ में चुनाव हो सकता है। इस दौरान निर्वाचन विभाग के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे।


**रामगढ़ में वोट डालेंगे इतने वोटर :** रामगढ़ (23) उपचुनाव के लिए निर्वाचन विभाग ने वोटरों का रिकॉर्ड तैयार रखा है। पूर्व विधायक ममता देवी की सदस्यता खत्म होने के बाद यहां उपचुनाव होने हैं। इसके लिए वहां 334167 वोटर अपने अधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिसमें 172923 पुरुष और 161244 महिला वोटर हैं। 18-19 वर्ष की आयु वर्ग के 6124 नये वोटर भी पहली बार वोट डालेंगे। 405 मतदान केंद्र होंगे जिनमें 62 शहरी क्षेत्र जबकि बाकी ग्रामीण क्षेत्र में हैं।

### 67 फीसदी से अधिक वोटरों ने कराया आधार प्रमाणीकरण

के. रवि कुमार ने बताया कि 5 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची के आंकड़े के आधार पर अभी राज्य में अनुमानित जनसंख्या 4,14,71,111 है. इसमें से मतदाताओं की संख्या 24529841 है, जिसमें पुरुष वोटर 12608292, महिला 11921181 तथा थर्ड जेंडर वोटरों की संख्या 368 है। दिव्यांग वोटरों की संख्या 352980 जबकि सेवा मतदाताओं की संख्या 43936 है जिसमें 42037 पुरुष हैं। अब तक आधार प्रमाणीकरण हेतु 16629226 वोटरों ने आधार संख्या उपलब्ध कराई है। यह कुल वोटरों का 67.9 प्रतिशत है। 7900615 वोटरों का अब तक अप्राप्त है।

# झारखंड को जल्द मिलेगा नया डीजीपी

यूपीएससी ने अजय भटनागर अजय सिंह और अनिल पाल्टा के नाम पर लगायी मुहर



**एजेंसी**

**रांची, नयी दिल्ली।** गुरुवार को नयी दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग बोर्ड (यूपीएससी) ने अपनी बैठक में तीन झारखंड के नयी डीजीपी के लिए तीन आइपीएस अधिकारियों अजय भटनागर, अजय कुमार सिंह और अनिल पाल्टा के नाम पर मुहर लगा दी है। 1989 बैच के दो आइपीएस अधिकारी अजय भटनागर और अजय कुमार सिंह के अलावा 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अनिल पाल्टा के नाम का चयन किया गया है। अब गेंद राज्य सरकार के पाले में है। राज्य सरकार इन्हीं तीनों में से किसी एक को राज्य का नया डीजीपी बनाने पर विचार करेगी।

(शेष पेज 11 पर)

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची के आंकड़े को किया प्रदर्शित

# राज्य भर में चले विशेष अभियान में 5 लाख 40 हजार 360 लोग बने नये वोटर : के रवि कुमार

**विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतिम प्रारूप प्रकाशन पर आधारित आंकड़े किये प्रस्तुत**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में अब मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 45 लाख 29 हजार 841 हो गई है। पिछले साल 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक चले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाताओं की संख्या में कुल 2.7 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले प्रारूप प्रकाशन के समय राज्य में मतदाओं की कुल संख्या 2 करोड़ 39 लाख 89 हजार 481 थी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्यभर में चले विशेष ड्राइव में कुल 5 लाख 40 हजार 360 नये मतदाता बने हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी के अंत तक इन नये मतदाताओं को नया वोटर कार्ड उपलब्ध करा दिया जायेगा।

### मतदाता सूची का लिंगानुपात बढ़कर 946

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा कि कुल नये मतदाताओं की बात करें, तो पुरुष मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 2,37,872 है, जो लगभग 1.92 प्रतिशत है और महिला मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 3,02,406 है, जो लगभग 2.60 प्रतिशत है। वहीं पुनरीक्षण में मतदाता सूची का लिंगानुपात बढ़कर 946 हो गया है। राज्य में प्रोजेक्टेड पॉपुलेशन के आलोक में 18+ आयु वर्ग के नागरिकों का अनुपात 63.06 है। एढ अनुपात मतदाता जनसंख्या अनुपात के बारे में दशार्ता है, जो कि 18+ की जनसंख्या पर आधारित है। जनवरी 2023 तक अनुमानित जनसंख्या के आधार पर आदर्श एढ अनुपात 63.06 है। जबकि पुनरीक्षण के पश्चात झारखण्ड का अनुपात 59.15 हो गया है।

### 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं में हुई वृद्धि

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा कि 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर 2022 तक चले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत 18-19 आयु वर्ग के युवाओं को फोकास किया गया था। पुनरीक्षण के पहले 18-19 आयु वर्ग के कुल 1,69,018 मतदाता थे जबकि अंतिम प्रारुप प्रकाशन में 18-19 आयु वर्ग के 4,33,774 मतदाता हो गये हैं। इस प्रकार पुनरीक्षण अवधि में इस आयु वर्ग के मतदाताओं में 156 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुये 2,64,756 नये युवा मतदाता बने हैं।

### मिलेगा नये डिजाइन का वोटर कार्ड

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में राज्य में मतदाताओं को और अधिक सुरक्षा मानकों से युक्त नये डिजाईन (लैंडस्केप) का फोटो मतदाता पहचान पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### त्रुटियों पर किया जा रहा है कार्य

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से राज्य की मतदाता सूची में कुल 9,66,314 फोटो एक जैसे मिले हैं। साथ ही वर्तमान में कुल 19,397 डेमोग्राफिकल सिमिलर इन्ट्री विद्यमान हैं, जिसे सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराते हुये इसकी जांच एवं सुधार हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## नगर निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण देकर ही कराया जायेगा: बन्ना गुप्ता



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कमेटी ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर राज्य में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई कर आगामी नगर निकाय चुनाव कराने की मांग की। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता की इस मांग पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आश्वस्त किया की इस मांग को मुख्यमंत्री तक भेजकर ट्रिपल टेस्ट की कार्यवाही पूरी कराऊंगा।

प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री से कहा कि 55% ओबीसी समुदाय के हितों की रक्षा करने में गठबंधन की सरकार विफल हुई है। दूसरी तरफ मध्य प्रदेश की सरकार ने ओबीसी समुदाय को आरक्षण देकर पंचायत और नगर निकाय चुनाव कराया और उत्तर प्रदेश की सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय ओबीसी के आरक्षण बिना चुनाव कराने के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में जाकर इसे स्टे कराकर ओबीसी को आरक्षण देकर चुनाव कराने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने दृढ़ता पूर्वक कहा कि झारखंड में भी अगला नगर निकाय चुनाव ओबीसी के आरक्षण देने के बाद ही कराया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री से मिलने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, उमेश जायसवाल, वीरेंद्र साहू, अजय मेहता, शत्रुघ्न राय, शिव प्रसाद साहू, संतोष शर्मा, अभय प्रसाद, खुशियाल साहू, शेख इंतजाम अली, शेख शमीमा अली और राम लखन साहू शामिल थे।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस नहीं आयेंगे एसएन प्रधान


**रांची।** झारखंड में नए डीजीपी को लेकर कवायद तेज हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 1988 बैच के आईपीएस एसएन प्रधान केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस नहीं आएंगे। अपनी मंशा से उन्होंने सरकार को अवगत करा दिया है। बता दें कि एसएन प्रधान वर्तमान में केंद्र में डीजी एनडीआरफ के पद पर पदस्थापित हैं।

**नये डीजीपी के लिए यूपीएससी की बैठक** : नये डीजीपी को लेकर गुरुवार से दिल्ली में यूपीएससी की बैठक हो रही है। झारखंड से इस बैठक में मुख्य सचिव और डीजीपी भाग ले रहे हैं। झारखंड के नये डीजीपी के लिए राज्य सरकार ने सात अफसरों का पैनल ई-मेल के जरिये यूपीएससी को भेजा है। इनमें 1988 बैच के एसएन प्रधान, 1989 बैच के अजय भटनागर, इन्हीं के बैचमेट अजय कुमार सिंह, 1990 बैच के अनिल पाल्टा, अनुराग गुप्ता, 1992 बैच के प्रशांत सिंह और इनके बैचमेट आरके मल्लिक का नाम शामिल हैं। वर्तमान में प्रशांत सिंह और आरके मल्लिक एडीजी रैंक के अफसर हैं।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज आ रहे हैं झारखंड**

# मिशन 2024 होगा शुरू, अमित शाह चाईबासा से 14 विस और एक लोस सीट पर साधेंगे निशाना

**कोल्हान की बंजर जमीन पर कमल खिलाने की कवायद**



**राजेश सिंह**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात जनवरी को चाईबासा दौरे पर आ रहे हैं। उनका कोल्हान की जमीन पर आने का मकसद मिशन 2024 का आगाज है। 2024 में झारखंड में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसको लेकर भाजपा अभी से ही तैयारियों में जुट गई है। केंद्र से लेकर राज्य स्तर पर चुनाव को लेकर बैठकों का दौर जारी है। रणनीतियां बनायी जा रही है। इसी रणनीति के तहत झारखंड में भाजपा का कोल्हान और संताल परगना में विशेष फोकस है। इसका कारण है कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कोल्हान और संताल परगना में भाजपा का प्रदर्शन काफी खराब रहा था।

कोल्हान में तो भाजपा का एक लोकसभा सीट को छोड़कर सभी विधानसभा सीटों से सूपड़ा साफ हो गया। यही वजह है कि भाजपा मिशन 2024 के तहत कोल्हान में बंजर हो गयी अपनी राजनीतिक जमीन पर फिर से कमल खिलाने की कवायद शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार अमित शाह का झारखंड दौरे के दूसरे चरण में संतालपरगना का दौरा होगा।

### पिछले दोनों चुनाव में कोल्हान में भाजपा के हाथ खाली

वर्ष 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा कोल्हान में अपना खाता भी नही खोल पायी थी। झामुमो के नेतृत्ववाली यूपीए गठबंधन ने इस क्षेत्र में भाजपा का सूपड़ा साफ कर दिया था। लोकसभा की एकमात्र सीट पर पर कांग्रेस प्रत्याशी गीता कोड़ा ने जीत हासिल की। वहीं विधानसभा चुनाव में पूरे कोल्हान की 14 सीटों में से भाजपा एक सीट पर भी अपना खाता नहीं खोल पायी। पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम (कोल्हान) की कुल 14 विधानसभा सीटों में से झामुमो ने 11 सीटों पर कब्जा जमाया। जबकि दो सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई। वहीं एक सीट पर सरयू राय निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की। एक तरह से पिछले चुनाव में झामुमो की आंधी में भाजपा पूरी तरह से बिखर गई और झामुमो ने पूरे कोल्हान में अपना एक मजबूत किला खड़ा किया। भाजपा का मकसद इसी मजबूत किले को ध्वस्त कर अपना सिक्का स्थापित करने का है।

### मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए रघुवर दास हार गये

पिछले चुनाव के वक्त झारखंड में भाजपा की सरकार थी और रघुवर दास राज्य के मुख्यमंत्री थे। भाजपा के खिलाफ एंटी इनकमबैंसी कह लें या फिर मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ जनता का आक्रोश। चुनाव के सारे गणित फेल हो गये और रघुवर दास मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अपने विधानसभा सीट से चुनाव हार गये। उनको निर्दलीय उम्मीदवार सरयू राय ने हराया, जो पहले भाजपा के ही प सिंहभूम विधानसभा क्षेत्र के विधायक थे। पिछले चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया, तो वे अपना विधानसभा सीट छोड़ तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के ही खिलाफ चुनावी मैदान में उतर गये और उन्हें परास्त भी कर दिया। बताया जाता है कि रघुवर दास ने ही अपना वीटो लगाकर सरयू राय को पार्टी टिकट देने से वंचित कर दिया था। रघुवर दास का हारना झारखंड की राजनीति की दूसरी घटना है, जिसमें मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए कोई प्रत्याशी हार गया हो।

### पूरे कोल्हान में विद्युत वरण महतो ही एकमात्र सांसद हैं

कोल्हान क्षेत्र में भाजपा की स्थिति का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी पूरे क्षेत्र में भाजपा का एक मात्र जनप्रतिनिधि जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि विद्युतवरण महतो को चुनाव से पूर्व केंद्रीय कैबिनेट में जगह मिल सकती है। ताकि इसका फायदा आगामी चुनाव में उठाया जा सके।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, राँची**
**कार्यालय- जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा**
**प्रखण्ड नर्सरी परिसर, लोहरदगा**
(Email Id-dholohardaga@gmail.com)

**कृषको के लिए "चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिलास्तरीय सहयोग समिति लि0" गठन संबंधी आम सूचना**

जिले के सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 26 दिनांक 08/08/2022 द्वारा लोहरदगा जिला में चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिलास्तरीय सहयोग समिति लि0 का गठन किया जाना है। चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिलास्तरीय सहयोग समिति लि0 का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं अनुषंगी (कृषि एवं एलाईड गतिविधियाँ) उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना, क्रय-विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना, जिससे कि सदस्यों को सर्वोत्तम लाभ मिल सके। अंतराष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय हेतु मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करना साथ ही सदस्यों की सामाजिक और आर्थिक अवस्था की उन्नति करना होगा। लोहरदगा जिला अंतर्गत निबंधित समितियों के प्रतिनिधि / कृषक उत्पादक समूह के प्रतिनिधि/ किसान क्लब के सदस्यों तथा ऐसे कृषक अनाज, फल, या सब्जी एवं कृषि से जुड़े अन्य गतिविधियों को करता हों चैम्बर ऑफ फार्मर्स के सदस्य होगें।

नोटः-
1. सदस्यता हेतु प्रत्येक सदस्य को 50 रूपया सदस्यता शुल्क जमा करन होगा एवं हिस्सा पूंजी लेना होगा।
2. प्रत्येक हिस्सा पूंजी का मूल्य 250/- (दो सौ पचास रूपया) मात्र है।
3. सदस्यता हेतु आवेदन पत्र एवं घोषण पत्र/शपथ पत्र भरकर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा में जमा करना होगा।
4. विशेष जानकारी एवं आवेदन पत्र, घोषण पत्र/ शपथ पत्र जिला उद्यान कार्यालय, लोहरदगा/प्रखंड कृषि पदाधिकारी/ कृषक उत्पादक समूह/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0/प्रखंड के उद्यान मित्र से प्राप्त कर सकते है।

ह0/-
जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा।
PR.NO.286779 Lohardaga(22-23):D



झारखण्ड सरकार
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)**
कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू
Email- dcocoppalamu@yahoo.in

**आवश्यक सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत झारखण्ड राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 के अन्तर्गत निबंधित विभिन्न विशेष प्रकार की सहकारी समितियाँ यथा-फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद, लाह, मत्स्य, बुनकर, डेयरी, पोल्ट्री, उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास आदि को वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अन्तर्गत कार्यशील पूंजी के रूप में प्रति समिति न्यूनतम 2.00 लाख रू0 एवं अधिकतम 5.00 लाख रू0 उपलब्ध कराया जाना है जिसका चयन जिला स्तर पर गठित कमिटी के द्वारा किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या-10 दिनांक 07.11.2022 के कंडिका-06 के अनुरूप विशष प्रकार की सहकारी समितियों के चयन हेतु शर्ते निम्नांकित है:-
1. समिति का निर्वाच अद्यतन हो
2. समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-2021 तक का अंकेक्षण करा लिया गया हो।
3. समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 तक का बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गई हो।
4. समिति द्वारा पूर्व से बीज/उर्वरक/कृषि/मत्सय/बुनकर/फल-सब्जी/डेयरी/पोल्ट्री/उपभोक्ता सामग्री/महिला विकास आदि का कार्य/व्यवसाय संचालित किया जाता रहा हो।
5. समिति में पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा- कार्यालय/गोदाम/फर्नीचर की स्थिति अच्छी/संतोषजनक हो।
6. समिति में वाहन के आवागमन की सुविधा हो।
7. समिति पिछले 3 वित्तीय वर्षो यथा- 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 तक बैंक डिफॉल्टर नहीं रहा हो।
8. समिति का वार्षिक कारोबार कम से कम 3.00 लाख (तीन लाख) रूपये होनी चाहिए।
9. समिति का व्यवसाय पिछले 2 वर्षों से लगातार घाटे में नहीं हो।
10. समिति में पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था हो।
11. समिति में नियमित रूप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
12. चयनित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य के प्रकृति के अनुरूप अनुज्ञप्ति हो।
13. समितियों के चयन में अंकेक्षित वर्गीकरण (Audit Classification) A एवं B Category प्राप्त समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। A एवं B Category समितियों की अनुपलब्धता की स्थिति में C Category प्राप्त समितियों का चयन आवश्यकता अनुसार किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश के कंडिका-10 के अनुसार पलामू जिला अन्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी तथा चयन मापदण्डों को पुरा करने वाले विशेष प्रकार की सहकारी समितियों की निम्न विहित प्रपत्र में प्रस्ताव के साथ जमा किये जाने वाले अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव दिनांक 10.01.2023 तक कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा।

**विहित प्रपत्र**

| प्रखण्ड का नाम | समिति का नाम/पता एवं निबंधन संख्या | गत निर्वाचन की तिथि | आधारभूत संरचना | | | | वित्तीय प्रतिवेदन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कर्मी की संख्या | कार्यालय (हाँ/नहीं) | गोदाम (क्षमता) | फर्नीचर फिक्सचर | गत अंकेक्षण का वर्ष | अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति | लाभ/हानि, (2020-21 के पूर्व तीन वर्षो में) 2018-19:- 2019-20:- 2020-21:- | वार्षिक कारोबार (रूपये में) |

प्रपत्र के साथ जमा किये जाने वाले अभिलेख :- 1. अंकेक्षण प्रतिवेदन (2020-21 के पूर्व तीन वर्षो में), 2. निर्वाचन प्रमाण पत्र, 3. व्यवसाय कार्य योजना, 4. कारोबार संबंधित अनुज्ञप्ति, 5. शपथ पत्र- (क) समिति की प्रबंधकारिणी एवं वार्षिक आम सभा की बैठक नियमित रूप से होती रही है। (ख) समिति वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 में बैंक डिफॉल्टर नहीं रहा है।

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यालय का पता-जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू संयुक्त सहकारिता भवन, चर्च रोड ओवरब्रिज, पलामू- 822101

विश्वासभाजन
जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू
PR 286717 District (22-23)_D



**झारखण्ड सरकार**
**सांस्कृतिक कार्य निदेशालय**
**(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)**
Phone: 0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

**:- 'अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना' :-**

**गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के अवसर पर झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, राँची एवं पुलिस लाईन ग्राउण्ड, दुमका में आयोजित समारोह में झांकी का निर्माण एवं प्रदर्शन किया जाना है, जिस निमित्त झांकी निर्माण कार्य में योग्य एवं अनुभवी फर्मो/संस्थानों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः उपरोक्त हेतु अनुभवी एवं इच्छुक फर्म/संस्थान दिनांक 18.01.2023 पूर्वा० 11.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, तृतीय तल, एम०डी०आई० भवन, धुर्वा, राँची -04 में निविदा समर्पित कर सकते हैं। उक्त निविदा का निष्पादन दिनांक 18.01.2023 मध्या० 12.30 बजे किया जायेगा। निविदा से संबंधित सभी विस्तृत जानकारी निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com तथा सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है। इस निविदा से संबंधित अनुवर्त्ती/बाद की सभी सूचनाएँ निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com पर ही उपलब्ध होगी। निविदा को किसी भी समय रद्द/आवश्यक संशोधन करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखण्ड, राँची
PR 286764 (Art Culture Sports and Youth Affairs)22-23*D



**झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची**
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट पहचान सं0-U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.comjsbcl.jharkhand@gmail.com
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केन्द्र के समीप, कॉके रोड, पिन-834008

पत्रांक-20 दिनांक-05/01/2023

**शुद्धि पत्र**

Letter No:-2054, Dated:- 24-12-22, Advt P.R. No-285969 के माध्यम से प्रकाशित आई०टी० सेवा की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणवश निम्नवत संशोधित की जाती है :-

| क्रमांक | विवरणी | निविदा समर्पित करने की पूर्व की तिथि | निविदा समर्पित करने की विस्तारित तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Last date /closing date for submission of E-Tender | 06/01/2023 | 18/01/2023 | 04:00 P.M. |
| 2 | Last date for submission of document (Hard copy) in the JSBCL office. | 07/01/2023 | 19/01/2023 | 04:00 P.M. |
| 3 | Online opening of Technical Bid. | 09/01/2023 | 20/01/2023 | 11:00 A.M. |

Sd/-
General Manager (Operation) JSBCL.
PR 286723 Excise(22-23)D



**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत विभिन्न सरकारी विद्यालयों के लिए चलंत प्रयोगशाला का संचालन किया जाना है। उक्त के निमित इच्छूक चलंत प्रयोगशाला सेवा प्रदाता का चयन करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। इच्छूक चलंत प्रयोगशाला सेवा प्रदाता को सूचीबद्ध जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में किया जायेगा।

इच्छूक चलंत प्रयोगशाला सेवा प्रदाता अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग-अलग लिफाफा में भरकर बन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में (Expression of Interest) प्रकाशन की तिथि से दिनांक 19-01-2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक जमा कर सकते है।
उक्त निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभाकक्ष में दिनांक 19-01-2023 को 04.00 बजे अपराहन में खोली जायेगी।
नोट- निविदादाता हेतु विस्तृत जानकारी जिले के वेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/-
उपायुक्त-सह-
अध्यक्ष, DMFT, कोडरमा
PR 286735 (Rural Development)22-23*D



**जिला खनन कार्यालय, रामगढ़।**

**सूचना आदेश**

सभी खनन पट्टेधारी/सभी डीलर अनुज्ञप्तिधारी खनिज परिवहन मे लगे वाहन मालिको को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेश के आलोक मे JIMMS Portal पर पूर्व मे पंजीकृत वाहनों का synchronization का कार्य दिनांक 15.01.2023 तक सुनिश्चित किया जाना है। उक्त अवधि के उपरान्त Unsynchronized वाहनों का JIMMS Portal पर ई-परिवहन चालान सेवा बाधित हो जाएगी।

निदेश दिया जाता है कि खनिज परिवहन मे लगे सभी वाहनो का JIMMS Portal पर synchronization कर ले ताकि चालान Generation सुचारू रूप से जारी रहे।

अनुरोध होगा कि अंतिम वक्त का इंतजार न करें, चूंकि अंतिम वक्त पर Server Load बढ़ने की संभावना है। अतः 10.01.2023 तक ही सभी vehicle Synchronisation कार्य सम्पन्न कर ले।

इसे अत्यावश्यक समझे।

जिला खनन पदाधिकारी,
रामगढ़।
PR 286728 (Mines and Geology) 22-23 (D)


## खबर एक नजर में

### केके सोन और आराधना पटनायक को मिला सेंट्रल डेपुटेशन के लिए एनओसी

**रांची।** पिछले दिनों करीब पांच सेक्रेट्री और प्रिंसिपल सेक्रेट्री रैंक के अधिकारियों ने दिल्ली डिपुटेशन के लिए झारखंड सरकार को आवेदन दिया था। इसके बाद एक-एक कर अधिकारियों को सरकार की तरफ से एनओसी दी जा रही है। सबसे पहले आईएएस राहुल शर्मा को सरकार ने एनओसी दिया। इसके बाद केके सोन और आराधना पटनायक को भी सरकार की मंजूरी मिल गयी है। राहुल शर्मा की पत्नी हिमानी पांडे को भी कुछ दिनों में एनओसी दे दिया जाएगा। बताते चलें कि केके सोन फिलहाल भू-राजस्व के प्रधान सचिव हैं और आराधना पटनायक कॉमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट की प्रधान सचिव हैं। सभी चार आईएएस अधिकारियों को एक सप्ताह पहले ही प्रधान सचिव रैंक में प्रोन्नति मिली है।

### ए. एस. कॉलेज देवघर के शिक्षकों को वेतन भुगतान का हाई कोर्ट ने दिया निर्देश

**रांची।** ए. एस. कॉलेज, देवघर के शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान से संबंधित एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दायर सिद्धो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी और राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया। साथ ही शिक्षकों को वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया। पिछले सुनवाई में उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए और कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने उनके प्रतिशपथ पत्र को देखते हुए उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की थी। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

### सुरेश बैठा बनाम समरी लाल : दोनों पक्षों की ओर से गवाही पूरी, 16 से शुरू होगी बहस

**रांची।** वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से सभी गवाहों की गवाही पूरी कर ली गई। जिसके बाद न्यायालय ने बहस के लिए 16 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। गवाही पूरी होने के बाद अब दोनों पक्ष अपनी- अपनी दलीलें अदालत के समक्ष पेश करेंगे। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा।

### देवघर नगर थाना प्रभारी आरके सिंह सस्पेंड

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद देवघर नगर थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। दुमका के पुलिस उप महानिरीक्षक ने यह कार्रवाई की है। देवघर नगर थाना प्रभारी पर देवघर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के आर्म्स गार्ड कैलाश यादव के साथ मारपीट करने, मोबाइल तोड़ने एवं गार्ड को जेल भेजने का आरोप है। दो जनवरी को थाना प्रभारी द्वारा बैंक के गार्ड के साथ मारपीट एवं गाली गलौज की गयी थी। अतिरिक्त पुलिस बल के सहयोग से गार्ड को घसीटते हुए हाजत में बंद कर दिया गया था। उसके बाद गार्ड को जेल भेज दिया गया था।

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले सुमन गुप्ता समेत कई अधिकारी, नववर्ष की दी बधाई



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप, झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति टीएन साहू, एडीजी होमगार्ड सुमन गुप्ता एवं खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने मुलाकात की। सभी ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर नएवर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से इन सभी को नए साल की बधाई एवं मंगलकामनाएं दीं।

# केंद्रीय गृह मंत्री का झारखंड दौरा, कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ कारकेड रिहर्सल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। शाम में केंद्रीय गृहमंत्री रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। अमित शाह का रांची में ही रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है। रांची में झारखंड बीजेपी नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। इस दौरान राज्य की राजनीति पर चर्चा होने की संभावना है। इसके बाद वे 7 जनवरी को झारखंड के चाईबासा जिले में होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन को लेकर गुरुवार की शाम रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू तक कारकेड रिहर्सल किया गया। इस दौरान रांची पुलिस और सीआरपीएफ के अलावा कई केंद्रीय एजेंसी के अफसर मौजूद रहे।

**रूट पर हुआ रिहर्सल :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। 6 जनवरी को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद गृह मंत्री का काफिला किस रूट से होटल रेडिसन ब्लू पहुंचेगा और फिर वहां से किस रूट के द्वारा वापस एयरपोर्ट पहुंचेगा इसकी पूरी रिहर्सल गुरुवार को की गई। रांची एयरपोर्ट पर गुरुवार की शाम गृह मंत्री के काफिले में शामिल होने वाले सभी वाहनों की सुरक्षा जांच के उपरांत कारकेड रिहर्सल शुरू किया गया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद काफिला बिरसा चौक, सेटेलाइट चौक होते हुए अरगोड़ा चौक पहुंचा, उसके बाद अशोक नगर होते हुए होटल रेडिसन ब्लू पहुंचा। इस दौरान एयरपोर्ट से लेकर होटल तक उन तमाम सुरक्षा ड्रिल को सड़क पर उतारा गया जो केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन के दौरान देखने को मिलेगा।

## एयरपोर्ट से लेकर होटल तक अलर्ट रही पुलिस

कारकेड रिहर्सल के दौरान रांची एयरपोर्ट से होटल तक ट्रैफिक पुलिस से लेकर सभी सुरक्षा कर्मी सड़कों पर विशेष रूप से अलर्ट थे। कारकेड गुजरने के दौरान किन किन रास्तों को बंद किया जाएगा उसका भी गुरुवार की शाम हलचल किया गया।



# रांची जिले में छह राशन डीलरों के लाइसेंस रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत कई जिलों में पीडीएस दुकानदारों के द्वारा अनाज वितरण में लगातार अनियमितता के मामले सामने आ रहे हैं। पिछले दो महीनों में रांची जिले में छह राशन डीलर के लाइसेंस रद्द कर दिये गए हैं।

**जिन राशनों डीलरों पर हुई कार्रवाई :** जयेश कुमार की मृत्यु 29 अक्टूबर 2022 को हो गयी थी। जिस कारण से लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। यह जन वितरण प्रणाली दुकान रांची के धुर्वा के वार्ड 38 में है। आदर्श, धुर्वा सीसी स्टोर जन वितरण प्रणाली दुकान का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, जिला प्रशासन ने राशन डीलर से स्पष्टीकरण मांगा था। राशन डीलर के द्वारा स्पष्टीकरण देने के बजाय अवकाश के लिए आवेदन दिया गया। जिससे यह अनुमान लगाया गया कि डीलर को जन वितरण प्रणाली दुकान के संचालन में कोई रुचि नहीं है। जिस वजह से उनका लाइसेंस रद्द किया गया है। रांची जिला प्रशासन के द्वारा अन्य डीलरों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। इनके द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं था। जिस वजह से शांति कुमारी, लूटन प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, का लाइसेंस रद्द किया गया। धुर्वा स्थित वार्ड नंबर 38 में पीडीएस दुकानदार अशोक सिंह (वकील) कार्डधारियों को कम राशन दे रहा था। शिकायत मिलने के बाद लाइसेंस को रद्द कर दिया है।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण का निर्देश

# जिन प्रखंडों में शिशु मृत्यु दर ज्यादा है, उसकी सूची तैयार करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके माता-पिता से गृह भ्रमण के माध्यम से संपर्क स्थापित कर समुचित इलाज एवं पोषाहार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को वैसे आँगनवाड़ी केन्द्र जिनकी उपलब्धि योजनाओं के क्रियान्वयन में कम है वहाँ भ्रमण करने को कहा। उपायुक्त द्वारा सभी कुपोषण उपचार केन्द्र में कुपोषित बच्चों को बेड अनुरूप शत प्रतिशत भर्ती कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बैठक सुनिश्चित करें।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा में उपायुक्त ने योजना अंतर्गत अहत्तार्धारी लाभुकों का लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पोषण ट्रेकर ऐप में शत प्रतिशत डाटा इंट्री करने को कहा। उन्होंने आँगनबाड़ी केन्द्रों में बाल सर्वे पंजी संधारित करने का निदेश दिया।

बैठक में श्री सिन्हा ने सेविका/सहायिका की अनुपस्थिति विवरणी एवं सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों का पोषाहार व्यवस्था निर्धारित तिथि तक जिला समाज कल्याण कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

टीकाकरण/संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने ड्यू लिस्ट के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने आइएफए टैबलेट एवं कैल्सियम टैबलेट का वितरण सुनिश्चित करने को कहा।

उपायुक्त ने कहा कि जिन प्रखंडों में नवजात शिशु मृत्यु दर ज्यादा है उसकी सूची बनायें। उन्होंने कहा इन प्रखंडों में शिशु मृत्यु दर ज्यादा क्यों है, इसका कारण पता करें। उपायुक्त द्वारा बच्चों के पूर्ण टीकाकरण पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

## खबर एक नजर में

### डीसी ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बता दें कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

### कांग्रेसियों ने की सीएम की सराहना

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने मुख्यमंत्री हेमन्त द्वारा केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर जैन अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अधिसूचना पर समुचित निर्णय लेने का आग्रह किया है। यह एक सराहनीय एवं सकारात्मक प्रयास है, जिसकी प्रशंसा की जानी चाहिए।

### कृषि निदेशक ने प्रचार वाहन रवाना किया

रांची। कृषि निदेशक निशा उरांव ने इफको नैनो यूरिया तरल के जागरूकता अभियान प्रचार वैन का कृषि निदेशालय से फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही अच्छी पहल है इससे किसानों के बीच नैनो यूरिया के बारे में जानकारी बढ़ेगी और किसान इससे फसलों में होने वाले लाभ के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा इसके प्रयोग के प्रति और अधिक आकर्षित होंगे। मौके पर उप कृषि निदेशक संतोष कुमार, राज्य डीबीटी समन्वयक चन्दन सिंह भी उपस्थित थे। इफको के राज्य विपणन प्रबंधक यूके सिन्हा ने बताया कि इफको के 05 मोबाइल वैन झारखंड राज्य के पांचों प्रमंडल विभिन्न जिलों के लिए चलाया जा रहा है। यदि किसान भाई नैनो यूरिया का प्रयोग करते हैं तो पैसों की बचत होगी और फसलों से अधिक उत्पादन भी मिलेगा और फसलों में कीट और रोगों का प्रकोप भी कम होगा।

### रांची मंडल की दो ट्रेनों का रूट बदला

**रांची।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल में रेल लाइन दोहरीकरण के अंतर्गत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इससे रांची मंडल से चलने वाली दो ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी। ट्रेन संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन (वाया मुरी) यात्रा प्रारम्भ 06-01-2023, 13-01-2023 और 20-01-2023 (कुल 03 ट्रिप) को परिवर्तित मार्ग बीना मालखेड़ी, बीना, निशातपुरा, संत हिरदाराम नगर, नागदा, कोटा होकर चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 18010 अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन (वाया मुरी) यात्रा प्रारम्भ 08-01-2023 और 15-01-2023 (कुल 02 ट्रिप) को परिवर्तित मार्ग कोटा, नागदा, संत हिरदाराम नगर, निशातपुरा, बीना, बीना मालखेड़ी होकर चलेगी।

### जस्टिस प्रसाद का निधन अपूरणीय क्षति

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति लोकनाथ प्रसाद के निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने शोक व्यक्त किया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि न्यायमूर्ति लोकनाथ प्रसाद पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए लगातार सक्रिय रहते थे। वहीं, जस्टिस लोकनाथ प्रसाद के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने गहरी संवेदना एवं दुख प्रकट किया है।

### डीपीएस के 7 विद्यार्थी आइओक्यू-2 के लिए चयनित



**रांची।** डीपीएस रांची के 7 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित परीक्षा इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाड, इंडियन नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड , इंडियन नेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड और इंडियन नेशनल एस्ट्रोनॉमी ओलंपियाड (ग्रुप ए और ग्रुप बी) क्वालिफाई करके अपने स्कूल का नाम रौशन किया। **आईओक्यू 2022-23 में दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के सफल छात्र :** किसलय, आर्यन कुमार सिंह, निशांत रंजन, प्रतीक रतन, अशहद हुसैन और वेद वत्सल को सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि बारहवीं कक्षा के किसलय ने आईएनपीएचओ और आईएनएओ (ग्रुप ए) में क्वालीफाई किया और 14 छात्रों ने मिनिमम एडमिसिबल स्कोर (एम.ए.एस) से ज्यादा स्कोर प्राप्त किया। डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन, छात्रों की कड़ी मेहनत और ईमानदारी हमेशा लाभांश देती है।

### सीसीएल में ऑनलाइन समाधान पोर्टल शुरू



**रांची।** सीसीएल में ऑनलाइन समाधान पोर्टल का शुभारंभ निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर रश्मि दयाल, नवनीत कुमार, अंकुर मिनोचा समेत कई अधिकारी थे। मौके पर हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि अब कोई भी अपनी समस्या ऑनलाइन समाधान पोर्टल पर दर्ज कर सकता है जिसे ऑनलाइन ट्रैक (जानकारी) किया जा सकता है। आपके द्वारा दर्ज समस्याओं का निपटारा समयबद्ध रूप से किया जायेगा। ज्ञात हो कि सीएमडी, सीसीएल, पीएम प्रसाद के मार्गदर्शन में कंपनी को जीरो ग्रीवान्स कंपनी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विगत कुछ वर्षों से कंपनी में सीसीएल कर्मी सहित स्टेक होल्डर्स की समस्याओं का निवारण करने हेतु एवं पूरी प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यालय के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में समाधान केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

### योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें : डीडीसी

**रांची।** उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने गुरुवार को सांसद निधि एवं विधायक निधि अन्तर्गत स्वीकृत एवं अपूर्ण योजनाओं तथा लम्बित डीसी विपत्रों के समायोजन की समीक्षा की। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित कार्यकारी एजेन्सियों यथा कार्यपालक अभियन्ता, एनआरईपी- 1, कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी-2 राँची, जिला अभियन्ता, जिला परिषद् को तीन माह से अधिक अवधि के सभी अपूर्ण योजनाओं को 15 फरवरी 2023 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने वित्त वर्ष 2020-21 तक के लम्बित डीसी विपत्रों का शत प्रतिशत समायोजन करना सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम राँची, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, राँची, कार्यपालक अभियन्ता एनआरईपी- 1, रांची, कार्यपालक अभियन्ता, एनआरईपी-2, राँची, जिला अभियन्ता, जिला परिषद्, राँची तथा राँची नगर निगम, राँची के प्रतिनिधि के साथ सभी कार्यकारी एजेन्सियों के अधिकांश कनीय अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता उपस्थित थे।

# पीएलएफआइ के चार उग्रवादी गिरफ्तार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची पुलिस ने गुरुवार को पीएलएफआई के चार उग्रवादियों का गिरफ्तार किया। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर बेडो डीएसपी के नेतृत्व में गठित पुलिस की टीम ने उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफतार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने हथियार और पैसा बरामद किया है। बेडो थाना क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति से पीएलएफआई के नाम पर दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर डीएसपी बेडो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए योजना बना कर दस लाख रुपये के साथ उग्रवादियों को गिरफतार कर लिया। जिनमें एरिया कमांडर प्रेम प्रकाश बारला, करमदेव तिर्की शामिल थे। इन उग्रवादियों के निशानदेही पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विजय गोप और संजय कुमार को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार हुए उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा लेवी के 10 लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया है। प्रेम प्रकाश बारला पर रांची और खूंटी के अलग-अलग थानों में 25 मामले दर्ज हैं।

## हथियार के साथ सात अपराधी धराये आपराधिक घटना को देना चाहते थे अंजाम

**रांची।** राजधानी पुलिस ने बुधवार की देर रात सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। रांची एसएसपी किशोर कौशल को जानकारी मिली थी कि किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में आधा दर्जन से अधिक अपराधी किसी स्कॉर्पियो गाड़ी में घूम रहे हैं। कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर बड़ा तालाब के नजदीक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी का नाम मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद बेलाल खान, मोहम्मद बाबू खान, अरबाज खान, मोहम्मद चांद, मोहम्मद नसीम और मोहम्मद कलाम है। इनके पास से हथियार बरामद किया गाया। गिरफ्तार सभी अपराधियों को जेल भेज दिया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उठायेंगे सिक्योरिटी गाड्र्स का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स की व्यवस्था बुधवार को ठप कराने के बाद गुरुवार को भी सिक्योरिटी गाड्र्स और ट्रालीमैन हड़ताल पर रहे। हॉस्पिटल से हटाए जाने की सूचना के बाद से सभी स्ट्राइक पर चले गए हैं। वहीं पांच महीने का बकाया वेतन भी प्रबंधन से मांग रहे हैं। इस बीच गुरुवार को सिक्योरिटी गाड्र्स का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिला। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्य सचिव ने यह आदेश जारी किया है लेकिन 10 जनवरी को होने वाली बैठक में इस मामले को उठाएंगे। इस आश्वासन के बाद और मरीजों की परेशानी को देखते हुए गाड्र्स-ट्रालीमैन ने काम पर लौटने की बात कही है। बताते चलें कि रिम्स के गाड्र्स और ट्रालीमैन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे कि हॉस्पिटल की व्यवस्था गड़बड़ हो गई है।

**परिजन खींच रहे हैं ट्राली:** हॉस्पिटल में ट्रालीमैन की हड़ताल से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। मरीजों के परिजन खुद से ट्राली खींच रहे है। जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। वहीं इस वजह से मरीजों का दर्द भी बढ़ जा रहा है। इतना ही नहीं जगह पर पहुंचने में उन्हें काफी समय लग रहा है। रिम्स में तीन शिफ्टों में 70 ट्रालीमैन को ड्यूटी में लगाया गया था। अब उनमें से एक भी ट्रालीमैन ड्यूटी में नहीं है।

## बाबूलाल के दलबदल मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सभी पक्षों की सुनवाई पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। कहा गया कि न्यायाधिकरण में जब तक आदेश बाबूलाल मरांडी के मामले में न हो जाए तब तक झारखंड हाईकोर्ट इस रिट को नहीं सुन सकता है।

## हाइकोर्ट के सरकारी वकील 6-7 जनवरी को न्यायिक कार्य में होंगे : महाधिवक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक तरफ झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने 6 और 7 जनवरी को राज्यव्यापी न्यायिक कार्य के बहिष्कार का ऐलान किया है। वहीं दूसरी ओर महाधिवक्ता राजीव रंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि हाईकोर्ट में सभी सरकारी वकील न्यायिक कार्य में शामिल होंगे। इसकी लिखित जानकारी उन्होंने एक्टिंग चीफ जस्टिस को भी दी है। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के वकीलों के साथ एक संवाद कार्यक्रम करेंगे। इस कार्यक्रम में वकीलों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी। वहीं कोर्ट फीस के मुद्दे पर महाधिवक्ता ने कहा है कि इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति हो रही है। सरकार कोर्ट फीस में हुई बढ़ोतरी को वापस लेने की तैयारी में है। इस बात की जानकारी बार काउंसिल को है। महाधिवक्ता ने कहा कि वकीलों के कार्य बहिष्कार का निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ है। काउंसिल का डेलीगेशन और सीएम के बीच मुलाकात के लिए समय निर्धारित नहीं होने के बाद भी कुछ सदस्य दुष्प्रचार कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने उनसे कोर्ट फीस मुद्दे पर बातचीत नहीं की। जबकि मुख्यमंत्री ने खुद झारखंड में 7 जनवरी को वकीलों से संवाद का कार्यक्रम रखा है।

## सीएम की बैठक में न जायें, काउंसिल सदस्य भी बनायेंगे दूरी : बार काउंसिल अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने मीडिया को बताया कि कोर्ट फीस बढ़ाये जाने से आम जनता न्याय से दूर हो जायेगा और वकीलों पर भी इसका असर पड़ेगा। इसलिए इसे वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस निर्णय को वापस लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ज़िला बार संघों से अपील की है कि शनिवार को मुख्यमंत्री के साथ वकीलों की प्रस्तावित बैठक में शामिल न हों, वहीं काउंसिल के सदस्य भी मुख्यमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम से दूर रहेंगे।

बता दें कि कुछ दिन पहले काउंसिल ने इस मुद्दे को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की थी। जिसके बाद मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की तिथि निर्धारित थी, लेकिन प्रोजेक्ट भवन जा कर डेलीगेशन को यह जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री 7 जनवरी को वकीलों से मिलने वाले हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं होने से काउंसिल के डेलीगेट्स काफी आहत हैं। राजेंद्र कृष्ण ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री का काउंसिल के डेलीगेशन से मुलाकात नहीं करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि 7 जनवरी को सीएम वकीलों के साथ कार्यक्रम तय है। लेकिन इस कार्यक्रम की जानकारी काउंसिल को नहीं है।

झारखंड आर्म्ड फोर्स मना रहा है जैप वन परिसर में अपना 143वां स्थापना दिवस

# गौरवशाली है गोरखा जवानों की वीरता का इतिहास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आर्म्ड फोर्स-वन का 143वां स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ गुरुवार को डोरंडा स्थित जैप-वन परिसर में हुआ। आयोजित समारोह में सर्वप्रथम शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं इस अवसर पर आयोजित परेड का निरीक्षण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि एडीजी प्रशांत सिंह ने सलामी ली। इस मौके पर परिसर में ही आनंद मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में 84 स्टॉल लगाए गए हैं। आनंद मेला में प्राइड ऑफ गोरखा स्टॉल लगाया गया है। इसमें गोरखा समाज की उपलब्धि, उनकी संस्कृति को दशार्या गया है। इस दौरान जैप वन ग्राउंड पर जवानों और बैंड पार्टी ने आकर्षक परेड पेश किया। बैड डिस्पले ने सभी को मंत्रमुग्ध कर लिया था।





**गौरवशाली रहा है बटालियन का इतिहास :** जनवरी 1880 में अंग्रेजों के शासनकाल में इस वाहिनी की स्थापना न्यू रिजर्व फोर्स के नाम से हुई थी। वर्ष 1892 में इस वाहिनी को बंगाल मिलिट्री पुलिस का नाम दिया गया। इस वाहिनी की टुकडियों की प्रतिनियुक्ति तत्कालीन बंगाल प्रांत, बिहार, बंगाल और ओड़िशा को मिलाकर की जाती थी। साल 1905 में इस वाहिनी का नाम बदलकर गोरखा मिलिट्री रखा गया। राज्य में प्रतिनियुक्त गोरखा सिपाहियों को इस वाहिनी में समायोजित किया गया। देश में स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1948 में इस वाहिनी का नाम बदलकर प्रथम वाहिनी बिहार सैनिक पुलिस रखा गया था। इस वाहिनी की प्रतिनियुक्ति नियमित रूप से देश के विभिन्न राज्यों में की जाती रही। वर्ष 1902 से 1911 तक देहली दरबार, वर्ष 1915 में बंगाल, 1917 में मयूरभंज, मध्य प्रदेश, 1918 में सरगुजा मध्य प्रदेश, 1935 में पंजाब, 1951 में हैदराबाद, 1953 में जम्मू-काश्मीर, 1956 में असम, 1962 में चकरौता (देहरादून), 1963 में नेफा, 1968-69 में नेफा के प्रशिक्षण केंद्र हाफलौंग असम आदि शामिल हैं।

साल 1971 में भारत पाक युद्ध के समय इस वाहिनी को त्रिपुरा के आंतरिक सुरक्षा कार्यों के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। उस वक्त साहस पूर्ण कार्यों के लिए इस वाहिनी को भारत सरकार ने पूर्वी सितारा पदक से अलंकृत किया था। साल 1982 में दिल्ली में आयोजित नवम एशियाड खेलकूद समारोह के दौरान इस वाहिनी की प्रतिनियुक्ति की गई, जहां बेहतर कार्य के लिए दिल्ली सरकार ने सराहा था। वर्ष 2000 में झारखंड अलग गठन के बाद इस वाहिनी का नाम झारखंड सशस्त्र पुलिस वन (जैप वन) रखा गया।

**साहस और वीरता के लिए जाना जाता है बटालियन :** ज्ञात हो कि गोरखा जवानों की यह बटालियन अपनी वीरता और अदम्य साहस के लिए जाना जाता है। नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा लेना हो या फिर झारखंड के माननीयों की सुरक्षा की जिम्मेवारी। यह कार्य कई दशकों से झारखंड आर्म्ड फोर्स के जवान पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। वीआईपी सुरक्षा को लेकर सबसे विश्वसनीय फोर्स माने जाने वाले झारखंड आर्म्ड फोर्स वन का 143वां स्थापना दिवस मनाया गया। जैप ग्राउंड में स्थापना दिवस समारोह बड़े भव्य तरीके से मनाया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि जैप के अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत सिंह ने कहा कि जैप वन का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है। बटालियन के वीर जवानों ने हमेशा अपनी शहादत देखकर जैप वन का नाम बुलंद किया है। बटालियन के बुलंदी के लिए कई तरह के कार्य योजना तैयार किए गए हैं, जिनपर जल्द ही अमल किया जाएगा।

# 22 फरवरी से मोरहाबादी में लगेगा पर्यावरण मेला

## सरयू राय और मेला समिति के सदस्यों ने लॉन्च किया ब्रोशर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन की ओर से राजधानी के मोरहाबादी मैदान में 22 फरवरी से 3 मार्च तक पर्यावरण मेला लगाया जायेगा।इसे लेकर गुरुवार को विधायक सरयू राय और मेला कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने मेले से संबंधित ब्रोशर का विमोचन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि लोगों में पर्यावरण के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए मेला लगाया जा रहा है। मेले में विभिन्न संस्थाओं के स्टॉलों के जरिये प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधत संरक्षण, पर्यावरण अर्थशास्त्र, ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी और भोज्य पदार्थों के क्षेत्र में किये गये प्रयासों को दिखाया जाएगा। मौके पर मेले के संयोजक डॉ एमके जमुआर, सह संयोजक डॉ ज्योति प्रकाश, आशीष शीतल मुंडा,




आयोजन सचिव अंशुल शरण, स्वागत समिति के संयोजक रवींद्र सिंह, व्याख्यान समिति के संयोजक आरपी सिंह के अलावा धर्मेंद्र तिवारी, रामानुज शेखर, सुधीर कुमार, राकेश सिंह और वीरेंद्र सिंह मौजूद थे।

**मेले में दो मंडप होंगे आकर्षण के केंद्र :** मेले का मुख्य आकर्षण दामोदर नदी का रूपांतरण और सरना पवित्र उपवन नाम के दो मंडप होंगे। सरयू राय ने कहा कि 2004 में जब दामोदर नद के पानी की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए दामोदर बचाओ आंदोलन और युगांतर भारती की ओर से प्रयास शुरू हुए लोग हंसी उड़ाते थे। लेकिन आज दोनों संस्थाओं के प्रयास से दामोदर के पानी की गुणवत्ता में सुधार लाने का काम किया जा रहा है। 2022 में किए गए वैज्ञानिक आकलन से यह साफ हो गया कि दामोदर में औद्योगिक प्रदूषण लगभग खत्म हो गया है।

**बच्चों के लिए होंगी कई प्रतियोगिताएं :** सरयू राय ने बताया कि मेले में छात्रों के लिए इंटरएक्टिव मंच के अलावा कई तरह की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। राज्य स्तर पर निबंध और चित्रांकन प्रतियोगिता भी होगी। मेले में पूर्वी क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद चखने को भी मिलेगा। मेले में पर्यावरण पर प्रतिकूल असर डालने वाले किसी भी उत्पाद की प्रदर्शनी और बिक्री नहीं होगी। वहीं देश के जाने-माने वैज्ञानिक, पर्यावरणविद, कानूनविद और राजनेता पर्यावरण के विभिन्न आयामों पर अपनी राय भी रखेंगे।

## पारसनाथ की पवित्रता के लिए केंद्र और राज्य को धन्यवाद : मित्तल



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने पारसनाथ मामले में पहल के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र एवं राज्य सरकार की इस पहल से पारसनाथ श्री सम्मेद शिखर की पवित्रता कायम रखने का रास्ता खुलेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने आज झारखंड सरकार को पत्र भेजकर पारसनाथ की पवित्रता कायम रखने संबंधी विभिन्न कदम उठाने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार ने पारसनाथ को इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित करने संबंधी विभिन्न प्रावधानों को भी शिथिल करने की घोषणा बात कही है। श्री मित्तल के अनुसार इससे जैन समाज के मन में व्याप्त आशंकाओं का निराकरण होगा।

## रउफ गद्दी के परिजनों से मिला एदार-ए-शरिया का प्रतिनिधमंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। एदार-ए-शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल दरगार कमिटी रेसालदार नगर डोरंडा के अध्यक्ष हाजी अब्दुल रउफ गद्दी के इंतेकाल पर उन के परिजनों से मिल कर ताजियत पेश करने व सांत्वना देने गवाला टोली डोरंडा पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल में मुफ्ती एजाज हुसैन मिस्बाही, कारी अय्युब रिजवी, मौलाना डॉक्टर ताजुद्दीन रिजवी, मौलाना गुलाम फारुक मिस्बाही, मौलाना आफताब जेया कादरी, मौलाना मसूद शहर काजी, मौलाना शेर मोहम्मद, कारी ताबे आलम, हाफिज ए मोबीन, मौलाना शम्स तबरेज, अकीलुर रहमान,



फारुक अहमद, शोएब अंसारी, प्रो इरशाद खान, मास्टर सईद अख्तर व अन्य शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने मरहूम हाजी साहब के लिए फातेहा पढा और दुआ की। स्वर्गीय हाजी अब्दुल रउफ गद्दी के बेटेव व अन्य परिजनों ने एदार-ए-शरीया झारखंड का धन्यवाद किया कि इस दुख की घडी में एदार ए शरीया उनके साथ खडा है।

## न्यायमूर्ति लोकनाथ प्रसाद का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलिन

**रांची।** झारखण्ड पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति लोकनाथ प्रसाद का निधन कल पारस अस्पताल धुर्वा में हो गया था। उनकी अंत्येष्ठि गुरुवार को मुक्तिधाम हरमू में किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में परिजनों एवं शुभचिंतकों व सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। उनको मुखाग्नि उनके नाती शिवम ने दी। उनके निधन पर श्रद्धांजलि देनेवालों में अध्यक्ष डॉ अशोक, कार्यकारी अध्यक्ष बिनायलाल, महासचिव अशोक कु. प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार, शशिभूषण प्रसाद, महंत प्रसाद, विनोद रंजन, रमेश साहू, बीरेंद्र साहू, संजय कु. साहू, मितुल कुमार, प्रदीप प्रसाद, पंकज प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, नरेश प्रसाद, राजन साहू, दीपारानी आदि शामिल हैं।

## सुषमा बड़ाईक गोलीकांड का आरोपी दानिश रिजवान आरा से गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी पुलिस ने सुषमा बड़ाइक गोली कांड में आरोपी और बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी की हम पार्टी के प्रवक्ता दानिश रिजवान को गिरफ्तार कर लिया है। दानिश रिजवान पर आरोप है कि उसी ने बड़ाईक के ऊपर गोली चलवाई है।रिजवान जीतन राम मांझी के पार्टी हम के प्रवक्ता के साथ-साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भी है। आपको बता दें कि 13 दिसंबर की सुबह राजधानी रांची में दिन दहाड़े मुख्य सड़क पर सुषमा बड़ाईक पर गोली चली थी। मोटरसाइकिल पर सवार



तीन अपराधियों ने स्कूटी में जा रही सुषमा बड़ाईक पर हमला किया और फरार हो गये थे। सीसीटीवी फुटेज में कैद तीन अपराधियों में से एक अपराधी की पहचान सुषमा बड़ाईक ने की थी। यह घटना रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास हुई थी। दानिश रिजवान को रांची पुलिस ने बिहार के भोजपुर से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब दानिश आरा के बहुचर्चित कृष्णा हत्याकांड में पेशी के लिए आरा पहुंचे थे। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल हम के प्रवक्ता की गिरफ्तारी के हाई प्रोफाइल मामले को लेकर भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने भी कुछ बताने से इनकार कर दिया। रांची पुलिस ने दानिश रिजवान को भोजपुर के नगर थाना की हाजत में रखा है। मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर शुक्रवार को रांची पुलिस झारखंड आएगी।

## एक नजर में

### तहरीक-ए-बेदारी का तीसरा इजलास आज

**रांची।** सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वाधान एवं एदारा- ए- शरीया की सरपरस्ती में शुक्रवार को बाद नमाज एशा 8:00 बजे रात में हिन्दपीढ़ी नेजाम नगर रांची स्थित मस्जिद-ए- गौसुलवरा में तहरीके बेदारी इजलास का आयोजन किया जा रहा है। इस इजलास में नशामुक्त अभियान, दहेज प्रथा पर रोक लगाने, समाज में फैल रही बुराईयों पर रोक लगाने आदि ज्वलंत मुद्दों पर अहले सुन्नत वल जमायत के उलेमा हजरात व प्रमुख लोग सभा को सम्बोधित करेंगे । उक्त क्षेत्र के तमाम लोगों के साथ-साथ विशेषकर नौजवानों (युवाओं) से ज्यादा से ज्यादा तादाद (संख्या) में उक्त सभा में भाग लेकर सभा को सफल बनाने की अपील की जाती है क उक्त आशय की जानकारी सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम ने संयुक्त रूप से दिया है।

### शराब माफिया सिंधिया की बेल पर हुई सुनवाई

**रांची।** शराब माफिया नरेश सिंघानिया उर्फ नरेश सिंधिया की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। नरेश सिंधिया की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अर्पण मिश्रा और विभास सिन्हा ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट से समय देने की अपील की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अब नरेश सिंधिया की जमानत पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। यहां बता दें कि वर्ष 2017 में रांची के अलग-अलग इलाकों में जहरीला शराब पीने से 22 लोगों की मौत हो गटी थी। मृतकों में जैप के दो जवान भी शामिल थे। मामला काफी हाईप्रोफाइल हुआ था। घटना के बाद से पुलिस ने लगातार छापेमारी भी की थी। शहर के कई इलाकों से जहरीले शराब की खेप भी पकड़ी गयी थी। लेकिन सबसे आश्चर्य की बात ये थी कि घटना के 4 साल बाद साल 2021 में रांची पुलिस ने सिंधिया को गिरफ्तार किया था। फिलहाल नरेश सिंधिया जेल में है।

### नेतरहाट में नामांकन मामले में 19 को सुनवाई

**रांची।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में छठी कक्षा में चयनित बच्चों का हेल्थ चेकअप के बाद नामांकन नहीं लेने संबंधी मामले में दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान नेतरहाट स्कूल की ओर से प्रति शपथ पत्र दाखिल करने के लिए 2 सप्ताह की समय की मांग की गई जिस पर कोर्ट ने जल्द ही प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की फाइनल सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय को नोटिस जारी किया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। मामले को लेकर सुमित राय सहित तीन अन्य ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसकी सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। बता दें कि प्रार्थी का चयन नेतरहाट आवासीय विद्यालय में छठी कक्षा में नामांकन के लिए हुआ है। नामांकन के पूर्व नेतरहाट आवासीय विद्यालय की ओर से इन बच्चों का हेल्थ चेकअप रांची सदर अस्पताल में कराया गया था। जिसमें चिकित्सकों ने बताया है कि इन बच्चों की उम्र 13 से 14 वर्ष लगता है। इसके आधार पर विद्यालय ने इन बच्चों का नामांकन लेने से इनकार कर दिया। जबकि सरकार द्वारा जो इन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है उसमें इनकी उम्र 12 वर्ष से कम बताई गई है। प्रार्थी की ओर से बच्चों के चयनित होने के बाद विद्यालय द्वारा नामांकन नहीं लेने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

### मारवाड़ी सम्मेलन कल करेगा कंबल वितरण

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया है कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन दूसरे चरण में तीन ग्रामीण क्षेत्रों में 7 जनवरी को सैकड़ों कंबल का वितरण करेगी। उन्होंने बताया कि कंबल का वितरण बुंडू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र ताईमारा गांव मे, तथा नामकुम प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र बुंडूबेड़ा एवं सापारूम गांव में निर्धनों, वृद्धजनों जरूरतमंदों तथा दिव्यांगों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण किया जाएगा।कंबल वितरण कार्यक्रम में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के कई पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

### मूलवासी सदानों की समस्याओं पर चर्चा आज

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा केंद्रीय समिति की अहम बैठक शुक्रवार को एचबी रोड स्थित ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वेट हॉल में दिन के 2:00 बजे आयोजित की गयी है। इस बैठक में मूलवनासी सदानों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं व समस्याओं पर मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के आलोक में चर्चा होगी। उक्त जानकारी मूलवासी सदान मोर्चा केंद्रीय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने दी।

### डालसा ने लोक अदालत की दी जानकारी



रांची। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से गुरुवार को रांची जिला के चान्हो प्रखण्ड के पतरातू गांव में 'डोर-टू-डोर' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। 'डोर-टू-डोर' जागरूकता कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी सुमन ठाकुर, तारामनी देवी, सत्यम कुमार एवं राजा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।डालसा के पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची से मिलनेवाले सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। इसके अलावा डायन-बिसाही के प्रति लोगों को जागरूक किये और कहा कि यह एक अंधविश्वास है। उन्होंने 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई वाद अगर लंबित हैं, तो आप लोक अदालत में सुलझा सकते हैं।तारामनी देवी एवं सत्यम कुमार ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा उन्होंने न्यायालय में चल रहे विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से निबटारा करने पर बल दिया एवं राष्ट्रीय लोक अदालत, विशेष मध्यस्थता अभियान एवं लोक अदालत के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगों को बताएं। डालसा के पीएलवी ने मजदूरों का निबंधन हेतु नियोजन फर्म भरने के बारे में बताया, जिसके तहत उन्हें कई लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा।

### आदि शक्ति जीण माता का 13वां वार्षिकोत्सव कल से

राँची। हर साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा स्वरुपनी आदि शक्ति श्री जीण माता जी का 13वाँ वार्षिकोत्सव स्थानीय मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, राँची में 07 एवं 08 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। यह जानकारी श्री जीण माता प्रचार समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने प्रेस को दी। कहा कि 07 जनवरी को दोपहर 1:00 विशाल शोभायात्रा 351 निशानों के साथ लक्ष्मी-नारायण मंदिर से शुरू होकर वंशीधर अडुकिया लेन, बड़ालाल स्ट्रीट, जैन मंदिर, शहीद चौक, पुस्तक पथ, गाँधी चौक, बाबूलाल प्रेमकुमार, चुरुवाला गली, कार्ट सराय रोड, गाडीखाना चौक, हरमू रोड होते हुए मारवाड़ी भवन पहुंचेगी. निशान यात्रा में माता की अलोकिक झांकी के साथ साथ राधा कृष्ण की झाकी विशेष आकर्षण होगी। दूसरे दिन 08 जनवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान विजय पालडीवाल सपत्निक प्रात: 10 बजे गणेश पूजन , माता का अभिषेक के साथ ज्योत प्रज्वलन कर करेंगे.अपराह्न एक बजे से 751 महिलाओं के द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वेश भूषा में सामूहिक मंगलपाठ किया जायेगा। मंगलपाठ का वाचन आनंद पारासर, जीण धाम पुजारी एवं अनुश्री शर्मा करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माता चौसठ योगिनी की जीवंत झाकी होंगी। कार्यक्रम के दौरान माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चुनडी महोत्सव, गजरा महोत्सव, छप्पनभोग एवं निशान महोत्सव मनाया जायेगा। इसमें विशेष रूप से कुशल कारीगरों द्वारा 181 फीट की चुनडी का निर्माण किया जा रहा है जो आदि शक्ति श्री जीण माता जी को चढ़ाई जाएगी। उपस्थित लोगो में मुख्य संयोजक विजय पालड़ीवाल, सचिव दिलीप पटवारी, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, बजरंग सोमानी, प्रदीप सिंघानिया, अमित शर्मा प्रदीप शर्मा आदि शामिल थे।

## वेटनरी कॉलेज के मॉलिक्यूलर प्रयोगशाला बनेगा फंक्शनल

### सांख्यिकीय टूल्स में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा है कि वैज्ञानिक निष्कर्ष निकालने में सांख्यिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सांख्यिकीय टूल्स बड़े डाटा सेट को प्रभावी ढंग से मैनेज करते हैं और डाटा प्रोसेसिंग आसान हो जाता है। वह 5 जनवरी को को रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय में स्टैटिसटिकल पैकेज फॉर सोशल साइंसेज (एसपीएसएस) सॉफ्टवेयर के प्रयोग द्वारा बेसिक डाटा एनालिसिस विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि एसपीएसएस सॉफ्टवेयर संख्यात्मक और गुणात्मक दोनों प्रकार के डाटा के लिए उपयोगी है और विश्वसनीय एवं त्वरित उत्तर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षकों और अवकाश प्राप्त शिक्षकों को मिलकर संकाय में स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति का मार्ग सुगम बनाने का प्रयास करना चाहिए। प्रसिद्ध पशु आनुवंशिकी विशेषज्ञ और बीएयू के के पूर्व अनुसंधान निदेशक डॉ डीके सिंह द्रोण ने कहा कि डाटा प्रसंस्करण और विश्लेषण के लिए बहुत से अच्छे स्टैटिसटिकल सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं। सही निष्कर्ष के लिए शोधार्थियों को अपने शोध प्रयोगों की डिजाइनिंग बहुत सावधानी से करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के नए शिक्षक और वैज्ञानिकों को सांख्यिकीय प्रशिक्षण के लिए भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान (नई दिल्ली) भेजा जाना चाहिए। पशु आनुवंशिकी विभाग को ऐसी कार्यशाला नियमित रूप से आयोजित करनी चाहिए। पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पशु आनुवंशिकी विभाग के मॉलिक्यूलर एवं साइटोजेनेटिक्स प्रयोगशाला को शीघ्र ही फंक्शनल बनाया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है। वानिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमएस मलिक ने कहा कि अग्रणी कृषि शोध संस्थानों में प्रशिक्षण और कार्यशाला में भाग लेने को इच्छुक पीजी विद्यार्थियों और शिक्षकों को नाहेप परियोजना द्वारा हर संभव मदद और वित्तीय सहायता दी जाएगी। कार्यशाला की समन्वयक डॉ नन्दनी कुमारी ने धन्यवाद किया। कार्यशाला की योजना और डिजाइनिंग पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद के मार्गदर्शन में विभाग के शिक्षकों डॉ नंदनी कुमारी, डॉ अबसार अहमद, डॉ थानेश उरांव और डॉ मंजरी पांडेय द्वारा तैयार की गयी थी।

## जैन धर्मालंबियों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है केंद्र सरकार : प्रदीप तुलस्यान

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान ने कहा है कि पारसनाथ जैन धर्मालंबियो का सबसे बड़ा धार्मिक तीर्थ स्थल है। जैन धर्म को मानने वाले 24 तीर्थकरों में 20 तीर्थकरों ने यहां निर्वाण प्राप्त किया। यह बिल्कुल आस्था का मामला है। यूपीए 02 की सरकार ने 2014 पूरे देश में जैन धर्म को अल्पसंख्यक घोषित किया था।

उन्होंने कहा कि आज केन्द्र सरकार गलत बयानबाजी कर जैन धर्मालंबियों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि 2018 में राज्य में तत्कालीन रघुवर दास की सरकार ने उसे पर्यटक स्थल घोषित करने का प्रस्ताव लाया और 2019 में केन्द्र की भाजपा सरकार ने उसे गजटीय प्रावधान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा अब जैन समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करें। इसके साथ राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने से भी उन्होंने ने मांग की है कि त्वरित कारवाई करते हुए इस मामले का निष्पादन करें। ताकि किसी की भावना पर आघात न पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश यहां सभी धर्मों का आदर और सम्मान है। यही हिन्दुस्तान की खुबसूरती है।

## माता-पिता की सेवा से मिलती है जन्नत :हसन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हज कमेटी के सदस्य सह ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन सह मस्जिद-ए-जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि सिर्फ पूजा पाठ, नमाज रोजा करने से जन्नत नहीं मिलती, बल्कि माता पिता के सेवा से मिलता है। जिसके माता-पिता अपने औलाद से नाखुश या नाराज होते हैं उससे ईश्वर कभी राजी नहीं होता।

ईश्वर को राजी करना है तो माता-पिता को राजी करो। मौलाना सामाजिक कार्यकर्ता सह अखिल भारतीय वैदिक पत्रकार महासंघ के जिला महामंत्री सलीम शहजादा की माता स्वर्गीय जरीना फातमा पुत्री स्वर्गीय सैयद मकबूल हुसैन के चेहल्लुम के अवसर पर बड़ी कर्बला तुंबा में आयोजित कार्यक्रम में कही। इस आयोजन में हर धर्म हर जाति के लोगों ने अपनी तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को वक्ताओं ने संबोधित करते हुए इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म बताया। कहा कि धर्म बुरा नहीं होता धर्म में कुछ बुरे लोग आ जाते हैं। जो इंसानियत को कमजोर करते हैं। मौलाना कल्बे रूशद दिल्ली ने कहा इंसानियत की आस्था उसका अच्छा कर्तव्य है। जिसके पास बुद्धि होती है वह कभी नफरत का पुजारी नहीं होता। इस अवसर पर तसव्वर हुसैन, फिरोज हैदर ने कलाम पेश किया। कार्यक्रम का संचालन हसन सरियावी ने किया। मौके पर तोराब नया जी नगर अध्यक्ष रोहतास के वरिष्ठ पत्रकार इरफान कुरैशी, बिहार झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार रमेश कुमार, आलोक कुमार, समाजसेवी चंदन कुमार केसरी, इस्लामिया स्कूल के हेड मास्टर मोहम्मद इस्लाम अंसारी,श्री प्रसाद सिंह यादव, सैयद हसन रजा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इश्तियाक अंसारी, व अन्य ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शहजाद हुसैन, शाहिद रजा, अकील रजा, सफदर हुसैन व अन्य ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आए हुए लोगों का धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद सलीम ने किया।

## न्यूनतम शुल्क में जेपीएससी की तैयारी कराएगा अंजुमन इस्लामिया

### इच्छुक स्टूडेंट्स 07 से 14 जनवरी तक करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन कक्षाएं 23 जनवरी से होंगी शुरु 15 से 21 तक डेमो क्लासेस

खबर मन्त्र संवाददाता

राँची। अंजुमन इस्लामिया राँची झारखण्ड सिविल सेवा परीक्षा(जेपीएससी) की तैयारी कराएगा। इस संबंध में विषय विशेषज्ञों के साथ अंजुमन प्लाजा स्थित मौलाना आजाद लाइब्रेरी एंड स्टडी सेंटर में एक बैठक हुई। बैठक में विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया कि 23 जनवरी 2023 से जेपीएससी की तैयारी के लिए क्लास आरंभ कर दिया जाएगा। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए शिक्षा संयोजक शहजाद बबलू ने बताया कि सेंटर में बहुत ही कम फीस पर जेपीएससी की तैयारी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन 7 से 14 जनवरी तक चलेगा। वहीं 15 से 21 जनवरी तक डेमो क्लासेस का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें छात्र निशुल्क भाग ले सकते हैं। श्री बबलू ने बताया कि तैयारी करने वालों के लिए साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट और गेस्ट फेकल्टी के रूप में सिविल सर्वेंट्स के द्वारा मोटिवेशनल क्लासेस का भी आयोजन किया जाएगा।

तैयारी के दौरान उम्मीदवार लाइब्रेरी, स्टडी सेंटर एवं इन्फॉर्मेशन सेंटर का नि:शुल्क सेवा ले सकते हैं। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मोख्तार अहमद, महासचिव डॉ तारिक हुसैन, अंजुमन के पूर्व उपाध्यक्ष मंजर इमाम, शहजाद बबलू, लतीफ आलम,नूर आलम व अन्य मौजूद थे।



स्पीड न्यूज

## लांदुपडीह गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**सोनाहातू।** प्रखंड के लांदुपडीह हरिजनटोली में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। टोली में एक माह से ट्रांसफार्मर खराब था। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना विधायक सुदेश महतो को दिया। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक सुदेश महतो ने तत्काल टोली के लिए नया ट्रांसफार्मर भेजा। पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रमेश सिंह मुंडा ने नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन स्विच ऑन कर किया। मौके पर पुष्कर मछुआ, शिव मछुआ, रामेश्वर महतो, भादो महतो, जागीन महतो, वार्ड सदस्य सुदामा साहू आदि उपस्थित थे।

## कुरमी/कुड़मी महतो का मिलन समारोह आठ जनवरी को

**सोनाहातू।** कुरमी/कुड़मी, महतो समन्वय समिति का पिकनिक सह मिलन समारोह 8 जनवरी रविवार को 10 बजे से हारिन घाट सोनाहातू में आयोजन किया गया है। आयोजन और व्यवस्था को लेकर रामेश्वर महतो के देखरेख में तपन महतो, जगदीश कुमार महतो सुनील महतो, पद्मलोचन महतो, कर्ण महतो, आनन्द महतो, मेघनाथ महतो, गोबिंद महतो, हरीराम महतो को जिम्मेदारी सौपी गयी है।

## राज्यसभा सांसद महुआ माजी आज आएंगी खलारी

**खलारी।** राज्य सभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी का कोयलांचल क्षेत्र में एक दिवसीय आगमन पर उत्तरी कर्णपूरा क्षेत्र के रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत करने का कार्यक्रम तय किया है। सभा सांसद का आगमन छः जनवरी की सुबह 11 बजे कोयलांचल के खलारी में पहुँचेंगी। आगमन पर एनके एरिया के सभी कोलियरियों के रैयत एवं विस्थापित ग्रामीणों को शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## फलदार पौधों के रख रखाव का प्रशिक्षण

**ठाकुरगांव।** रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी के तत्वावधान में गुरुवार को बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव में फलदार पौधों के रखरखाव पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ रविंद्र कुमार सिंह ने आम, लीची, अमरूद, चीकू आदि फलदार पौधों में होने वाले बीमारियों व उनके रखरखाव की विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि फलदार पौधों में फल आने से पूर्व गोमूत्र का छिड़काव कई बीमारियों से पौधों को बचाता है। साथ ही कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि फलदार पौधों की खेती कर जहां किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं वहीं फलदार पौधे पर्यावरण के लिए भी काफी लाभदायक हैं। मौके पर राधाकांत गिरि, छुन्नूलाल महतो, शिवशंकर महतो, अमानुल हक, सुभाष पुरी समेत अन्य किसान मौजूद थे।

## बिजली तार चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

स पुलिस ने दो आरोपियों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चटवल मोड़ के निकट ग्यारह हजार वोल्ट वाले बिजली के पोल से तार चोरी करते हुए रंगे हाथ दो चोरों को गुरुवार की अहले सुबह गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये चोरों में मांडर के बाजार टांड़ निवासी अफजल अंसारी व अबुसाद अंसारी शामिल हैं। थाना प्रभारी बिनय कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब चार बजे सूचना मिली थी कि चटवल मोड़ के निकट कुछ लोग पोल पर चढ़कर बिजली का तार काट रहे हैं। जब इस सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो मौके से अफजल अंसारी व अबुसाद अंसारी को पोल से काटे गये छह बंडल तार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अन्य साथी का नाम बताया जो फरार हो गये।

## भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक

**राहे।** प्रखंड के कांग्रेस पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर मुंडा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित थे।

# ठंड में जमीन पर नहीं डेस्क-बेंच पर बैठेंगे पिस्का हाई स्कूल के विद्यार्थी

### हजारीबाग टोल वे क्यूवेरूट ने स्कूल को दिया डेस्क-बेंच

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** हजारीबाग टोलवे लिमिटेड क्यूवेरूट द्वारा गुरुवार को अपग्रेडेड हाई स्कूल पिस्का को 10-10 बेंच डेस्क व टेबल के साथ छात्राओं के लिए नैपिक डिस्पॉजल मशीन दिया गया। इसके अलावा स्कूल लाइब्रेरी के लिए दो बूक अलमिरा भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंपनी के प्रोजेक्ट हेड चेतन मालवारी ने शिक्षकों को सामग्री प्रदान किया और कहा पिछले दिनों क्षेत्र के पढ़ाई में उत्कृष्ट 26 गरीब बच्चों को 10-10 हजार रुपया प्रोत्साहन राशि दिया गया था। सड़क परिवाहन के अलावे कंपनी स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़े कार्यों में भी अपनी भागीदारी निभाती है। उन्होंने स्कूली छात्रों से मोबाइल का सही उपयोग करने का अहवान किया और कहा बेहतर जिंदगी पाना है तो शिक्षा सबसे बेहतर माध्यम हो सकती है। वहीं प्रोजक्ट मैनेजर वर्तांत राजावत ने कहा शिक्षा के साथ खेल व योग भी जरूरी है। विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहा संस्कारिक शिक्षा भी मिलती है। विद्यालय के प्राचार्य धनंजय सिंह ने स्कूली बच्चों के लिए सामग्री उपलब्ध कराने के लिए क्यूवेरूट के प्रति अभार जताया और कहा कि विद्यालय में ज्यादातर बच्चे सुदूरवर्ती गांव व अभिभावक मजदूर तबके से आते हैं। पिछले कई वर्ष से स्कूली बच्चे जमीन पर बैठ कर पढ़ाई कर रहे थे। इसके लिए विभाग से भी मांग की गई थी। उन्होने कहा शिक्षा के समग्र विकास के लिए समाजिक भागीदारी जरूरी है। वहीं मौके पर मुखिया रीना देवी, राजेश वर्मा, रंजीत ठाकुर, उमा महेश्वर राव, राहुल तिवारी, तरूण सिंह व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



स्कूल के प्राचार्य को डिस्पॉजल मशीन देते प्रोजेक्ट हेड चेतन मालवारी।

### नैपकिन डिस्पॉजल मशीन पाकर हर्षित हुईं छात्राएं

सरकारी स्तर से स्कूल में छात्राओं को शौचालय उपलब्ध है। इसके अलावे स्कूल भी स्कूल में छात्राओं को कई समस्याओं से गुजरना पड़ता है। छात्राओं को पढाई में भी परेशनी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नेपकिन डिस्पॉजल मशीन निष्चित ही छात्राओं के लिए काफी उपयोगी होगी। उक्त बाते स्कूल की शिक्षिकाओं ने कही और छात्राओं को शिक्षिकाओं द्वारा नपकिन डिस्पॉजल मशीन उपयोग करने सहित कई जानकारी दी गई। वहीं अन्य सामग्री के साथ नपकिन डिसपॉजल मशीन मिलने से छात्राओं के साथ स्कूल के शिक्षिकाएं भी हर्षित थे। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने गीत प्रस्तुत किए।

## इटकी में 340 पशुओं को लगा एमएमडी का टीका

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** पशुओं में खुरहा चपका की बीमारी से बचाव के लिये गुरुवार को इटकी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 340 पशुओं को एफएमडी का टीका लगाया गया। 3 से 18 जनवरी तक प्रखंड के नौ पंचायत में चलाये जा रहे एफएमडी टीकाकरण अभियान के तहत गुरुवार को कुंदी पंचायत के कुंदी गांव में 100 गौवांसीय पशु को एफएमडी का टीका लगाया गया। जबकि कुली पंचायत के भंडारा गांव में 50, कुली डहुटोली में 20, कुर्गी पंचायत के तरगड़ी में 50, सेमरा में 30, गढ़गांव में 50 व चिनारो पूरीयो पंचायत के चिनारों गांव में 40 पशुओं का टीकाकरण किया गया। भ्रमनशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी इटकी डॉ शिवानंद कांशी ने बताया कि इस बीमारी से पशुओं के मुंह व जीभ में छाले पड़ जाते है। पैरों के खुर में भी घाव हो जाते है। ऐसे में पशु को खाने व चलने में परेशानी होती है। बीमारी होने पर दुधारू गाय के दूध भी कम हो जाता है।

## चान्हो: अनिल उरांव बने जंगल बचाओ समिति के अध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** चामा के ग्राम चोड़ा में गुरुवार को अनिल उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें पंचायत के मुखिया विश्वनाथ भगत, वन क्षेत्र फॉरेस्ट गार्ड संजय पाहन विधायक प्रतिनिधी अली हसन अंसारी, समाजसेवी कजरू उरांव, मुमताज अंसारी, कार्तिक भगत, एतवा उरांव एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। बैठक में जंगल बचाओ समिति बनाया गया जिसका अध्यक्ष अनिल उरांव को बनाया गया। क्षेत्र के सभी लोगों को जंगल के प्रति जागरूक किया जाएगा जिससे कि बिना जरूरत पेड़ों की कटाई को रोका जा सके। ज्ञात को कि चामा पंचायत से बीजूपाड़ा मांडर के साप्ताहिक बाजारों में भारी मात्रा में लकड़ी बेचा जाता है। साथ ही करकट पंचायत, टांगर पंचायत आदि क्षेत्रों से भी ग्रामीण इस क्षेत्र की जंगलों की कटाई करते हैं। उन्हें भी लकड़ी ले जाने से रोका जायगा। मुखिया ने कहा कि जो लकड़ी के कारोबार में लगे हैं वे परेशान नहीं हों।

## मांडर : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** रांची- मेदनीनगर मुख्य पथ पर स्थित तिग्गा फ्यूल के निकट हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गई। घटना बुधवार रात 10रू00 बजे की है। बताया जाता है पुंनगी निवासी वर्षीय सनम उरांवए 23 वर्षीय सुनील उरांव दोनो माला वाहक ओटो को लेकर डीजल भरवाने तिग्गा फ्यूल पंप गए थे। जहां से जैसे ही डीजल लेके निकल कर हाईवे पहुंचे ठीक उसी समय तेज गति से आरहे एक अज्ञात ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि मालवाहक टेम्पो का चालक सनम उरांव पिता सकलु उरांव व सुनील उरांव पिता चामा उरांव टेम्पो लेकर कंदरी चील टोली स्थित पेट्रोल पंप में तेल भराने गये थे और जैसे ही डीजल भरा के हाईवे पर निकले ठीक उसी समय तेज गति से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मांडर पुलिस ने दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन इससे रिम्स में इलाज के क्रम में देर रात को दोनों की ही मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार सुनील उरांव एक स्थानीय टेंट हाउस में काम करता था वहीं सनम उरांव मालवाहक टेम्पो में सामान ढोने का काम करता था।

### साइबर ठंग के निशाने पर हैं नवजात की मां

**ओरमांझी।** आंगनबाड़ी सेविका व नवजात बच्चे की माताएं साइबर ठगों के निशाने पर हैं। नवजात की माताओं के मोबाइल पर फोन कर सरकार द्वारा पांच हजार रुपया मिलने का प्रलोभन देकर झांसे में लेने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर थाना क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका व नवजात बच्चों की माताएं घबराई हुई हैं। इसकी जानकरी देते हुए हरचंडा की आंगनबाड़ी सेविका गीता तिग्गा ने बताया कि फोन करने वाले नवजात व लगभग दो वर्ष तक के बच्चों की माताओं को झांसे में लेने का प्रायस किया गया है। साइबर ठगों द्वारा आंगनबाड़ी सेविका का नाम व उसके द्वारा भरे गए फार्म के आधार पर ही जानकरी देकर, माताओं को झांसे में लेने का प्रयास किया गया है। जब दर्जनों माताओं के पास इस प्रकार का फोन आने की सूचना मिलने लगी। जिसके बाद आंगनबाड़ी सेविका, सतर्क हो अपने-अपने क्षेत्र की बेनिफिसरी माताओं को सावधान किया। सूचना है कि तबतक कई माताएं ठगी की शिकार भी हो गई। प्रखंड क्षेत्र के कितनी माताएं ठगी के शिकार हुई। जानने के लिए सीडीपीओ निलम भेंगरा से संपर्क करने पर फोन रिसिव नहीं किया गया।

एक नजर में

## निरोग रहने के लिए सदा करें योग



ओरमांझी में अतिथियों के साथ स्कूल की छात्राएं।

**ओरमांझी।** शिवाजी स्कूल दडदाग में गुरुवार एक कार्यक्रम आयोजित कर भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया। युवा प्रभारी रणधीर कुमार चैधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को योग का लाभ बताया गया। वहीं योग गुरु डॉ पारसनाथ महतो ने योग महत्व व आयुर्वेद के महत्व बताया और निरोग रहने के लिए लोगों सदा योग करने का अहवान किया। इससे पूर्व स्कूली छात्राओं द्वारा प्रभत फेरी निकाल लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर प्राचार्य धनीलाल महतो, अनिल कुमार महतो, विगेदर महतो, महेंद्र मानकी, शैलेंद्र मिश्रा, सुरेंद्र महतो, लक्ष्मण महतो, रंजीत कुमार, रीता कुमारी, मुक्ता कुमारी, रुदन देवी, प्रिया कुमारी, रीता देवी, आशा देवी व छात्र-दात्राएं उपस्थित थे।

## मारुति मंगल परिवार ने किया कंबल वितरण



**इटकी।** कुंदी खेल मैदान में गरुवार को मारुति मंगल परिवार की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद 21 सौ लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने संस्था के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि मारुति मंगल परिवार समाज मे व्याप्त शराबए जुआ व डायन प्रथा जैसे सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिये जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। इसके अलावा सामाजिक बदलाव के लिए शिक्षा पर बल दिया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों को भोजन भी कराया गया। वितरण कार्य की शुरूआत परिवार के अध्यक्ष विक्रम महतो, जिप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांव, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू व सीओ रश्मि लकड़ा ने की। कार्यक्रम में संजय गोप, सत्यनारायण महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय फुटबॉल और वॉलीबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, हुए पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल और वॉलीबॉल टूनामेंट का आयोजन हाई स्कूल लांदुपडीह के मैदान में आयोजित किया। फुटबॉल में 8 टीम और वॉलीबॉल में 4 टीम ने खेल प्रदर्शन किया। फुटबॉल टूर्नामेंट में विजेता युवा मंडल क्लब लांदुपडीह विजेता तथा युवा विकास क्लब धर्मराज उपविजेता बना। वॉलीबॉल में नेहरू युवा क्लब लांदुपडीह विजेता तथा युवा इलेवन क्लब बांधडीह विजेता बना। उपविजेता नेहरू युवा क्लब लांदुपडीह रहा। खेल के मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र के निर्देशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कृत किये।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रमेश सिंह मुंडाए मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह मुंडा, पूर्व शिक्षक हिकिम सिंह मुंडा, राजेश्वरी देवी आदि उपस्थित थे। खेल को सफल बनाने में खेल शिक्षक बिंदेश्वर महतो, उमाकांत स्वांसी, विवेक कुमार, कंचन कुमारी आदि का योगदान रहा।

## लापुंग के सरकारी स्कूल के शिक्षक की बाइक बेड़ो से चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कथकुंवारी के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह के बाईक हीरो पैंशन प्रो नंबर जेएच 01 एआर 7091 को अज्ञात वाहन चोरों ने बेड़ो थाना क्षेत्र के एक होटल के समीप से दिन दहाड़े चोरी कर ली। घटना गुरुवार की लगभग 3.45 बजे की है। भुक्तभोगी सरकारी शिक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि होटल के सामने रांची गुमला मुख्य मार्ग के समीप भीड़ भाड़ वाले इलाके में गुरुवार को साप्ताहिक हाट के दिन वे अपनी बाईक पर सवार होकर मोहन सिंहए अरुण कुमार साहुए उमेश सहित अन्य लोगों के साथ बाजार के समीप होटल में चाय पीने आए थे। वहीं पुलिस को दिए गए लिखित आवेदन में दोलैचा लापुंग निवासी संजय कुमार सिंह ने बताया कि वह अपने हीरो पैंशन प्रो बाइक नं जेएच 01एआर 7091पर सवार होकर बाजार टांड़ चाय पीने आए थे। संजय ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक होटल के समीप 3.40 में खड़ी की थी और 3.55 वे जब होटल से चाय पीकर पीछे मुड़े तो बाइक गायब थी। उसने तुरंत आस पास के लोगों से बाइक के बारे में पूछताछ की लेकिन किसी को भी बाइक की कोई जानकारी नहीं मिली। उसने काफी देर तक बाइक की तलाश भी की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

## कपड़ा बैंक ने बच्चे और असहाय बुजुर्गों के बीच किया गर्म कपड़े का वितरण

**पिठोरिया।** गुरुवार को रोटरी क्लब भुरकुंडा के द्वारा रोटरी इमेज प्रोग्राम के तहत ओम साईं फ्यूल पिठोरिया में नए साल का स्वागत बैनर लगाया गया। इसके तत्पश्चात गुरुवार को बाजार टांड़ पिठोरिया में कपड़ा बैंक के माध्यम से रोटरी क्लब भुरकुंडा के द्वारा असहाय बुजुर्गों बच्चो के बीच पुराने एवं गर्म कपड़ो का वितरण किया गया। मौके पर रोटरी क्लब भुरकुंडा के प्रवीण शर्मा ने कहा कि विगत पांच सालों से असहायों के बीच वितरण का कार्य करते आ रहा है। और आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम में रोटरी के अध्यक्ष राम अवतार प्रसाद, प्रवीण शर्मा, अजय गोयल, रंजीत गुप्ता, निशांत, मधु साहू, शशांक नाथ मिश्रा, अजीत केसरी, रामलगन महली समेत कई लोग मौजूद थे।

## नगड़ी: सुंदरकांड पाठ को लेकर जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** विश्व शांति जन-जन सनातन धर्म और श्री राम चरित मानस के पंचम सोपान सुंदर कांड का प्रचार प्रसार के उद्देश्य से नगड़ी के श्री मानस प्रचार मंडल के सक्रिय सदस्यों के द्वारा आगामी 21 जनवरी 2023 दिन शनिवार को होने वाला एक दिवसीय सुंदरकांड पाठ के लिए नगड़ी प्रखंड गांव-गांव टोला में जन संपर्क किया जा रहा है आयोजक मंडली के सदस्यों के द्वारा गुरुवार को नगड़ी में जन संपर्क कार्यक्रम का आरंभ किया। मौके पर आयोजक मंडली के सदस्यों ने बताया कि आगमी 21 जनवरी को दिन शनिवार नगड़ी के प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर परिसर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 1001 पाठ कताओं के दारा सुन्दर कांड का साठ दोहा सस्वर किया जाएगा सामुहिक पाठ 21 जनवरी शनिवार के सुबह साढ़े नौ बजे सुन्दर कांड का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने में हेमंत केसरी, संजीव केसरी, कमलेश केसरी आदि सहयोग कर रहे हैं।

## नवयुवक संघ का निर्णय: सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए चलेगा जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** तिरुफॉल में एनके. पिपरवार नवयुवक संघ के तत्वाधान में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्लाम अंसारी एवं संचालन अब्दुल कुदुस अंसारी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं के द्वारा सामाजिक स्तर पर फैली कुरीतियों को दूर करनेएसमाज के युवकों को रोजगार मुहैया करानेएदहेज प्रथा और नशा पान पर रोक लगानेए शादी विवाह में फिजूलखर्ची बंद करने सहित गरीब और असहाय युवती के शादी में मदद करनेए समाज मे भटके युवकों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने सहितए सामाजिक स्तर पर फैली विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया स कार्यक्रम में मुस्लिम डेवलपमेंट सोसाइटी के बैनर तले कोयलांचल क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। धन्यवाद ज्ञापन राजा खान ने किया। कार्यक्रम में इस्लाम अंसारी, अब्दुल कुदुस, मोहम्मद ताज, राजा खान, कयूम अंसारी, शेख इरफान, जेया आलम, इरफान आलम मौजूद थे।



## गोपालन आर्थिक विकास का साधन: आशुतोष

**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया पंचायत सचिवालय में गुरुवार को जिला गव्य विकास द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिपस चान्हो आशुतोष तिवारी के द्वारा किया गया। श्री तिवारी ने उपस्थित लोगों को बताया अपनी अंश का 10 प्रतिशत जमा कर मुख्यमंत्री गव्य विकास योजना का लाभ लेना है। जिससे हम अपना आय में वृद्धि कर सके वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में गोपालन आर्थिक उपार्जन का एक बेहतरीन साधन है। दूध के साथ साथ गोबर भी खेती का मुख्य आव्यव है। मौके पर उप मुखिया सरिता देवी, वार्ड बिजय सोनी, सुशीला देवी दुग्ध शीतल केंद्र के अरबिन्द सिंह के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सीएन राज हाई स्कूल मैदान में ग्रामीण प्रतिभा खेल महोत्सव- 2023 का हुआ आगाज

# फुटबॉल टूर्नामेंट: सिमलिया ने एडचोरो को 1-0 से हराया

### 32 टीमें ले रही हैं हिस्सा, उत्साहित हैं खेल प्रेमी, 12 को होगा फाइनल मैच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** छोटानागपुर राज उवि मैदान में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जयंती और युवा दिवस पर ग्रामीण प्रतिभा खेल महोत्सव 2023 का आगाज किया गया। नवीन स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आयोजित विधान सभा स्तरीय 8 दिनी महोत्सव का उद्घाटन विधायक नवीन जायसवाल ने बॉल को किक लगाकर किया। इससे पूर्व उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय लिया। सिमलिया ने एडचोरो को 1-0 से शिकस्त दी। वहीं दूसरे, तीसरे व चौथे मैच में क्रमशः दक्षिणी टुंडुल ने चंदाघासी को रोमांचक मुकाबले में 2-0, बाजपुर ने रातू दक्षिणी को 3.1 तथा तिगरा ने नारो को 2.0 से पराजित कर दिया। प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग ले रही है। फाइनल मैच 12 जनवरी को खेला जायेगा। महोत्सव को लेकर खेल प्रेमी काफी उत्साहित हैं।



### पूर्व खिलाड़ी सम्मानित

समारोह में सुब्रतो कप के पूर्व खिलाड़ी पुरियो के रघुनाथ भगत व समाजसेवी हुसे उरांव सम्मानित किये गये। मौके पर थानेदार सपन कुमार महथा, अवर निरीक्षक हसनैन अंसारी, उज्वल कुमार सिंह व हसनैन खान आदि मौजूद थे। संचालन जेम्स खलखो कर रहे हैं। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है। सीएचसी की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया गया है।

### निभा रहे हैं भूमिका

रामधीर तिवारी, कृष्णा भगत, राहुल कुमार, इमरान खान, ईश्वर गोप, रूपेश महतो, शिवपूजन साहू, हजारी प्रसाद, राजेश सिंह, संतोष भगत, संजय राय, प्रदीप टोप्पो, रामानंद तिवारी, एसएन यादव, रमेश साहू, प्रवीण सिंह, मुकेश भगत, अमित गोप, चंदर उरांव, बिरेंद्र उरांव, अरविंद उरांव, जीवन मिर्धा, अमित तिवारी, सुनिल गोप, राधा उरांव, पंचम किस्पोट्टा, रमेश महतो, बैजनाथ मुंडा, देवेंद्र सिंह, बंधन उरांव, मंटू सिंह व कृष्णा उरांव आदि।

## मुखिया और पंचायत सेवकों संग खलारी बीडीओ ने की बैठक, दिये दिशा-निर्देश

**खलारी।** खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग की अध्यक्षता में मैक्लुस्कीगंज के दो पंचायत मायापुर व लपरा के मुखिया व पंचायत सचिव परिक्षित महतोएरोजगार सेवक विश्वरंजन कुमारएलालमोहन राम को पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित आवश्यक बैठक किया गयाए बैठक में बीडीओ ने निर्देश देते हुये बताया गया कि ठोस कचरा पदार्थ और तरल कचरा पदार्थ को लेकर जो बेहतर कार्य करने करने का निर्देश दिया गया कि पंचायत में जलजमाव वाले स्थल को चिन्हित कर उसपर नाडेभ व सोख्ता का निर्माण जल्द किया जायए जिससे कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिसन के तहत पूरे गांव को साफ रखना हैए पंचायत के प्रबुद्ध सुधारक को स्थल देख कर विभाग द्वारा रेटिंग दिया जाएगा। बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार गुप्ता, प्रखण्ड समन्वयक एसबीएम प्रमोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## गुरुकुल चिकित्सा मंच का शिविर कल

**बुंडू।** गुरुकुल परिवार की शाखा गुरुकुल चिकित्सा मंच द्वारा सात जनवरी को बुंडू नगर स्थित मिलन मंदिर क्लब में निशुल्क हृदय एवं पेट रोग चेकअप कैंप लगाया जा रहा है। ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जमशेदपुर के सहयोग से कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## नापाक करतूत

पाक सीमा से लगे जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हाल की लक्षित हत्याएं पाकिस्तान के नापाक करतूत को दर्शाती है। राज्य के डांगरी गांव में फायरिंग में चार लोगों की हत्या व कई लोगों के घायल होने से देश सहमा हुआ था कि अगले दिन इसी गांव में बम धमाके से हुई एक बच्चे की मौत ने आतंकवादियों के दुस्साहस की बानगी दिखा दी। आतंकवादियों ने गांव में आधार कार्ड देखकर लोगों को निशाने पर लिया और जमकर फायरिंग की। फिर अगले दिन आईईडी ब्लास्ट किया। ग्रामीणों का आतंकित होना स्वाभाविक है जब उन्हें घर में घुसकर मारा जा रहा हो। निस्संदेह, मामले में खुफिया सूचना व सुरक्षा चौकसी में कहीं न कहीं कमी जरूर रही है, जो आतंकी अगले दिन बम ब्लास्ट करने में कामयाब रहे। इससे कुछ सप्ताह पूर्व राजौरी में सेना के कैंप के बाहर दो लोगों की हत्या हुई थी। यह भी गंभीर चिंता का विषय है कि ये घटनाएं उस राजौरी क्षेत्र में हुई हैं, जिसमें आतंकवादी घटनाएं कम ही देखने में आती थीं। हाल के महीनों में सार्वजनिक स्थानों पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के ट्रेंड के बजाय जिस तरह से संप्रदाय विशेष के लोगों को गोलियों का शिकार बनाया जा रहा है, वह एक गंभीर मसला है। यह जहां कानून-व्यवस्था की विफलता का मामला है वहीं केंद्र की उन नीतियों की सार्थकता पर सवाल उठाता है, जिसमें बड़े व्यवस्थागत बदलावों के बाद शांति स्थापना का दावा किया गया था। खासकर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 की समाप्ति के बाद। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि ऐसे माहौल में राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापना के लक्ष्य हासिल हो पाएंगे? जाहिर बात है कि कभी कश्मीरी पंडितों तो कभी बाहरी कामगारों को निशाना बनाकर आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में सांप्रदायिक विभाजन की साजिश रच रहे हैं।

## शर्मनाक घटना


देश की राजधानी दिल्ली के लिए नए साल की शुरूआत एक शर्मनाक, खौफनाक घटना के साथ शुरू हुई। स्कूटी को एक कार ने टक्कर मारी, इसके बाद अंजलि कार के नीचे आ गई और लगभग 12 किमी तक कार के साथ घिसटती गई। 20 बरस की मृतका अपने परिवार में इकलौती कमाऊ सदस्य थी, उसके पिता की कुछ साल पहले मृत्यु हो गई थी। अंजलि की मां का कहना है कि हमारे पास 10 रुपए भी अंतिम संस्कार के नहीं हैं। अंजलि शादी या अन्य समारोहों में मेहमानों के स्वागत का काम किया करती थी और रोजाना लगभग 5 सौ रुपए कमाती थी, जिससे घर चलता था। जो पांच आरोपी इस मामले में गिरफ्तार किए गए हैं, उन पर अब केवल सड़क दुर्घटना वाले कोण से जांच बिठाई जाएगी और संभवतः सजा भी इसी मुताबिक हो। हालांकि उनका दोष कब और कैसे सिद्ध हो पाएगा, अभी यही नहीं कहा जा सकता, सजा तो उसके बाद की बात है। 31 दिसंबर का वक्त अतिरिक्त सावधानी बरतने का होता है, क्या यह बात दिल्ली पुलिस नहीं जानती है। कोई तेज रफ्तार गाड़ी किसी को ठोकर मार कर भाग जाए या कोई नशे में धुत्त सवार गाड़ी पलटा दे, यह ऐसा मामला नहीं है। इस घटना में एक इंसानी शरीर को सौ-पांच सौ मीटर नहीं, पूरे 12 किमी तक कार के साथ घसीटा गया। खबरें हैं कि एक सामान पहुंचाने वाले लड़के ने और एक दूध वाले ने कार के साथ लड़की को घिसटते देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी लेकिन पुलिस फिर भी सुस्त बनी रही। दिल्ली की पुलिस भी सिर्फ बीआईपी की सुरक्षा कर अपने कर्तव्य का इतिश्री समझती है। अभी कुछ महीने पहले दिल्ली की सड़कों पर निगरानी के लिए 56 हजार सीसीटीवी कहां गयी। क्या ये कैमरे ऐसे हादसों को रिकार्ड करने का ही काम करेंगे या फिर इनसे बचाव का भी कोई इंतजाम होगा।

# हमें नहीं भूलना चाहिए अर्कमण्यता की कीमत



**पंजाब** के उपलब्ध आंकड़ों पर सरसरी निगाह आपको बताने को काफी है कि कभी समृद्ध रहे इस सूबे की अधोगति कितनी रही। 1960-70 और 1980 के दशक के आरंभिक सालों तक भी, सकल घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति आय सूची में पंजाब अव्वल रहा, पर आज निचले पायदानों पर है। इस पूरी अवधि में कांग्रेस और अकाली-भाजपा गठबंधन सत्तारूढ़ रहा। इस उपलब्धि का श्रेय यह तीनों ले सकते हैं। मौजूदा सरकार के सत्तासीन होने के पीछे बड़ा कारक प्रभावशाली किसान आंदोलन रहा। यह प्रतिष्ठान को नकारकर, बदलाव के पक्ष में मतदान करने का प्रेरक बना। पंजाब की अधोगति के लिए बहुत से कारक हैं, कुछ स्व-निर्मित, कुछ जो सशस्त्र आंदोलन के दौरान विदेशी ताकतों की शह से बने।

यूके, यूरोप और कुछ हद तक अमेरिका में श्रमिक संघ वर्तमान में भी सक्रिय हैं। यूके में आज की तारीख में रेलवे, परिवहन, नर्सिंग, आव्रजन स्टाफ समय-समय पर हड़तालें करते हैं जिससे सेवाओं में भारी बाधा आती है। लेकिन जनता में इनको लेकर रोष नहीं हैं क्योंकि श्रमिक संगठन की संरचना आम लोगों से है और वे उनकी शिकायतों को परिलक्षित करते हैं। कर्मियों की जागरूकता से यूनियनें बनती हैं। जिससे कामगारों का सरकारों से और बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों से राब्ता बना रहता है। लेकिन भारत में पिछले कुछ वक्त से श्रमिक संघों की गतिविधियों में बहुत कमी आई है। पहले, लगभग हर राजनीतिक दल का अपना एक अलग प्रकोष्ठ था, जैसे कि किसान, छात्र, शिक्षक, बैंककर्मी, रेलवे और परिवहन कामगार संघ आदि। सच तो यह है कि 1960-70 के दशक में पुलिस का ज्यादा काम अनेकानेक यूनियनों के आंदोलनों का सामना करने का हुआ करता था। यूनियनों के बीच अपनी गतिविधियों को ज्यादा प्रखर दिखाने की होड़ हुआ करती थी, क्योंकि अधिकांश का संबंध अलग-अलग राजनीतिक दलों से था। आम आदमी को दरपेश मुश्किलों को अभिव्यक्ति देने में श्रमिक संगठन एक जरिया बनते थे और इन्हें सरकार तक पहुंचा पाते थे। हालांकि यह कहना भी सही है कि सभी यूनियन गतिविधियां पवित्र उद्देश्य से नहीं थीं, कई बार वे गैर-वाजिब मांगें करके सरकारों को ब्लैकमेल करने का यत्न सेवाओं को बाधित करके किया करतीं। आज लोग इंटरनेट के



- गुरुवचन जगत

> पहले, लगभग हर राजनीतिक दल का अपना एक अलग प्रकोष्ठ था, जैसे कि किसान, छात्र, शिक्षक, बैंककर्मी, रेलवे और परिवहन कामगार संघ आदि। सच तो यह है कि 1960-70 के दशक में पुलिस का ज्यादा काम अनेकानेक यूनियनों के आंदोलनों का सामना करने का हुआ करता था।

जरिए अपनी समस्याओं और सरकार की भूमिका को लेकर ज्यादा जागरूक हैं। उन्हें कॉर्पोरेट जगत की मजबूत होती जकड़, ठहर चुकी अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति आदि के बारे में पता है। लेकिन तगड़े श्रमिक संघ की अनुपस्थिति, मीडिया एवं राजनीतिक दलों की इस ओर रुचि न होने से सरकारों को संगठित विरोध का सामना नहीं करना पड़ रहा। इस बेचारगी ने लोगों के पास यही चारा छोड़ा कि झंडा खुद बुलंद करें। इसका नजारा हमें दिल्ली के प्रवेश द्वारों पर चले किसान आंदोलन में देखने को मिला। वहां अनेकानेक किसान संगठन थे, अपने-अपने इलाके में सक्रिय किंतु विचारधारा से बंटे हुए।

केंद्र सरकार द्वारा थोपे अनुचित कृषि कानूनों ने किसानों को आक्रोशित किया। तमाम राजनीतिक दल उनका मुद्दा उठाने में विफल रहे और या तो उन्होंने चुप रहना चुना या निर्लिप्त रहना। एक बार दिल्ली कूच शुरू हुआ तो यह प्रदर्शन का एक दरिया बन गया और आगे चलकर सैलाब का रूप धर लिया, लगभग एक मिशन सरीखा। बहुत सी अफवाहें उड़ी कि फलां किसान नेता अंदरखाते सरकार से मोल-तोल कर रहा है, खासकर पंजाब में होने वाले चुनावों के दृष्टिगत, लेकिन एकता बनी रही। चरमपंथियों द्वारा मोर्चे का अपहरण किए जाने के यत्न भी हुए, लेकिन तमाम ऐसे प्रयास सफलतापूर्वक विफल कर दिए गए। गर्मी, मानसून और ठंड में भी किसान अड़े रहे, जरा झुकने को तैयार नहीं। चूंकि वे जागरूक थे, जानकार भी, यहां तक कि राजनीतिक मदद बगैर सफल हो पाए।

पंजाब में चुनाव आ गए, भितरघात शुरू हुआ और आपसी एकता जाती रही। हालांकि लोगों ने अपने मानस में एक के सिवा तमाम दलों को नकारकर झाड़ू फेरने का मंसूबा बना लिया था। एक नई जागरूकता की उम्मीद जगी। वादों और कारगुजारी के बीच सदा अंतराल रहा है, किसान इसको समझ चुके हैं, शहरी गरीब भी यह जान चुका है। सब्र और सहनशक्ति की खूबी उसके खून में है। लेकिन जब हल वाकई न निकलता दिखे तो समस्या वहीं है, वह जो हो सकता है मेरे-आपके लिए छोटी हो पर भुक्तभोगियों के लिए उतनी नहीं। उन्हें तो हल चाहिए, न कि कमेटियां। सरकार की कारगुजारी और राजनीतिक मदद की अनुपस्थिति वाली यह स्थिति स्थानीय लोगों को खुद ही कुछ कर गुजरने को आमादा करती है।

इसकी एक मिसाल फिरोजपुर का मंसूरवाला प्रसंग है, जहां पर एक शराब की फैक्ट्री से निकलते प्रदूषित जल के मुद्दे को लेकर काफी समय से रोष धधक रहा था। स्थानीय लोगों ने प्रदूषित जल से पैदा हुई बीमारियां, कैंसर मामलों में वृद्धि, फसलों को नुकसान आदि को लेकर स्थानीय प्रशासन से शिकायतें की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं। मुझे उम्मीद थी कि खुद उपायुक्त मौका मुआयना करते, लोगों से जानकारी लेते, सरकार को अपना आकलन पहुंचाते और तुरंत कोई कार्रवाई अमल में लाई जाती। यही अफवाहें आगे त्रासदी में तब्दील हो जाती हैं।

उन्होंने हरचंद गुहार लगाई लेकिन किसी ने आवाज नहीं सुनी, न जालंधर में, न ही चंडीगढ़ में। कहा जाता कि उन्हें छोटे-छोटे फ्लैट देने की पेशकश हुई थी। एक दिन, बुलडोजर आया और उनके घर ढहा दिएह्न वाह, क्या शानदार जीत है, विजेता की जय हो। बेघर हुए ये लोग अब कहां हैं? खुले आसमान के नीचे और बेहद ठंडी जमीन पर, तमाम मानवीय गरिमा से महरूम। एक बार फिर से बेघर हुए, इसबार अपने ही देश में, अपने ही लोगों द्वारा। अगर वे 1947-48 के वक्त के शरणार्थी हैं, तो क्यों नहीं आजाद भारत की सरकारें, सूबा अथवा केंद्र सरकार, इतनी सहृदयता रख पाईं कि तीन एकड़ के इस टुकड़े पर उन्हें बने रहने दिया जाता? मुझे मालूम है यह भूमि का टुकड़ा किसी के लिए सोने की खान है, वह जिसके पास पहले ही जरूरत से ज्यादा होगा।

### खास बात

## भारत जोड़ो

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**मैंने** लिखा था कि राहुल गांधी के पास यदि भाजपा का कोई वैकल्पिक राजनीतिक दर्शन होता तो देश के समस्त विरोधी दलों को एक सूत्र में बांधा जा सकता था। मुझे खुशी है कि कल राहुल गांधी ने इसी बात को दोहराया। उन्होंने अपनी भारत यात्रा के दौरान अपनी नौंवी पत्रकार परिषद में कहा है कि भाजपा को हराने के लिए विरोधी दलों के पास कोई अपनी दृष्टि होनी चाहिए।

राहुल को शायद पता नहीं है कि हमारे देश के सभी विरोधी दलों के पास जबरदस्त दृष्टि है। हर दल के पास दो-दो नहीं, चार-चार आंखें हैं। इन चारों आंखों से वे चारों तरफ देखते हैं और उन्हें बस एक ही चीज दिखाई पड़ती है। वह है- सत्ता, कुर्सी, गद्दी। इसके अलावा सभी दल खाली-खट हैं। उनके पास सिद्धांत, विचारधारा, नीति, कार्यक्रम के नाम पर खाली झुनझुना होता है। उसे वे बजाते रहते हैं। उनके पास जाति, मजहब, संप्रदाय, भाषा, प्रांतवाद आदि की सारंगियां होती हैं। चुनाव के दिनों में वे इन झुनझुनों और सारंगियों के जरिए अपनी नय्या पार लगाने में जुटे रहते हैं। और यदि वे सत्ता में हों तो वे रेवड़ियों का अंबार लगा देते हैं। किसी नेता या पार्टी के पास भारत की गरीबी और असमानता को दूर करने का कोई नक्शा नहीं होता, उन्हें पता ही नहीं है कि भारत को संपन्न और शक्तिशाली बनाने के लिए क्या-क्या कदम उठाने चाहिए और सभी दल सत्तारूढ़ होने के लिए नोट और वोट का झांझ पीटते रहते हैं। सत्तारूढ़ होने पर वे नौकरशाहों की नौकरी करने लगते हैं।

भारत में सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ऐसी है, जिसके कुछ नेता पढ़े-लिखे और विचारशील हैं लेकिन यह पार्टी भी मलयाली उप राष्ट्रवाद (केरल) की बेड़ियों में जकड़ी हुई है। कांग्रेस एक मात्र विरोधी पार्टी है, जिसके सदस्य आज भी देश के हर जिले में मौजूद हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि उसके पास न कोई नेता है और न ही नीति है। लगभग 10-12 वर्ष पहले राहुल गांधी में कुछ संभावना दिखाई पड़ रही थी लेकिन इतना लंबा वक्त बापकमाई और अम्माकमाई को जीमने में गुजर गया। अब जबकि कांग्रेस वेंटिलेटर पर आ गई है।

## जीवन का मोल

### धर्म-प्रवाह

**जीवीएस शास्त्री**

**द्रविड़** देश के राजर्षि सत्यव्रत कृतमाला नदी में नहा रहे थे। दोनों हाथों में नदी से पानी भरा तो उनके हाथों में एक छोटी-सी मछली आ गई। मछली ने राजा को आवाज लगानी शुरू कर दी, ह्यराजा, राजा... राजा मैं एक छोटी मछली हूं। नदी में बड़ी मछलियां छोटी मछलियों को खा जाती हैं। जब मैंने आप जैसे वीर पुरुष के हाथों में खुद को सौंप दिया तो मुझे यकीन था कि अब मेरी रक्षा होगी। यदि आप भी मुझे त्याग देंगे तो फिर निर्बल प्राणियों को शरण कौन देगा? कृपया मेरे प्राणों की रक्षा करें राजा।

यह सुनकर राजा सत्यव्रत को बड़ा आश्चर्य हुआ। वह बोले, ह्यघबराओ नहीं। तुम्हें हम महल में शरण देंगेह्ल मछली बोली, ह्यहे राजन, क्या आपके महल में मेरे लिए स्थान होगा। राजा ने ठहाका लगाया, हा हा हा... स्थान। राजा के महल में तुम जैसे क्षुद्र जीव के लिए स्थान की बात करती हो, वहां तो एक नगर समा सकता है। शायद तुमने राजमहल कभी देखा ही नहीं, चलो आज राजमहल भी देख लो। राजा बड़े धर्मात्मा थे, मगर अभी उनमें अहंकार बाकी था। उन्होंने मछली के लिए अपने महल में एक सोने के बर्तन में रहने का इंतजाम कर दिया। मगर मछली बर्तन जितनी बड़ी हो गई। तब मछली ने बड़े बर्तन की मांग रखी। राजा ने बड़े बर्तन का इंतजाम कराया। मछली फिर बड़ी हो गई। तब राजा ने मछली को निकालकर अपने सरोवर में डाल दिया। अब वह निश्चिंत थे कि सरोवर में वह सुविधापूर्ण तरीके से रहेगी।

**बड़ा** उदास सफर है हमारे साथ रहो
बस एक तुम पे नजर है हमारे साथ रहो
तुम्हें ही छांव समझकर यहां चले आये
तुम्हारी गोद में सर है हमारे साथ रहो।

**- कुंवर बेचैन**

### आपके ट्वीट

**देश** की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जी प्रेरणादायी है। उनके संघर्ष को सम्मान देते हुए अब तक झारखण्ड की 5.5 लाख से अधिक गरीब किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है।

**- हेमंत सोरेन, मुख्य मंत्री**





एक सेब गिरा और न्यूटन ने ग्रेविटी की खोज कर ली....इंसान गिर रहे हैं और कोई मानवता नहीं खोज पा रहा है....

**-योगी आदित्यनाथ**

# आइए वर्ष 2023 में लिखें नयी इबारत

### विचार

**गिरीश्वर मिश्र**

**नये** के प्रति आकर्षण मनुष्य की सहज स्वाभाविक प्रवृत्ति है। ह्यनयाह्न अर्थात जो पहले से भिन्न है। मौलिक है। अपनी अलग पहचान बनाता है। यह भिन्नता सृजनात्मकता का प्राण कही जाती है। उसी कृति या आविष्कार को प्रतिष्ठा मिलती है, पुरस्कार मिलता है जिसमें कुछ नयापन होता है, जो पुरानी घिसी-पिटी लीक पर न होकर उससे हट कर हो। हालांकि, एक सच यह भी है कि अक्सर नए को अपनी प्रतिष्ठा अर्जित करना आसान नहीं होता, उसे पुराने से टक्कर लेनी पड़ती है और प्रतिरोध की पीड़ा और उपेक्षा भी सहनी पड़ता है। कभी ऐसे ही क्षण में संस्कृत के शीर्षस्थ कवि कालिदास को यह कहना पड़ा कि ह्य पुराना सब अच्छा है और नया खराब हैह्ल ऐसा तो मूढ़ और अविवेकी लोग ही सोचते हैं जो दूसरों की कही-कहाई बात सुन कर फैसला लेते हैं परंतु साधु या विवेकसम्पन्न लोग सोच-विचार कर और परख कर ही अच्छाई या बुराई का निश्चय करते हैं। नए के प्रति आकर्षण का एक पहलू यह भी है कि लगातार एक सा अनुभव हमारे मन-मस्तिष्क को उबा देने वाला होता है। ऐसे में नीरस होते जाने या उकता जाने से थकान और गतिहीनता का तनाव भी पैदा होने लगता है जो मानसिक उलझन और अस्वास्थ्य का कारण बनता है।

चलने और आगे बढ़ते रहने का अहसास अपने होने या कहें जीवन-स्पंदन का प्रमाण देता रहता है। चलना जीने का पर्याय होता है और मन के लिए भरोसा देने वाला होता है। चलने का अर्थ श्रम भी है जिसके बिना कुछ भी नहीं होता। इसी अर्थ में ऐतरेय ब्राह्मण मेम एक प्रसंग में कहा गया है कि जो श्रम करने से थकता नहीं है, उसे ही श्री अर्थात समृद्धि मिलती है। यही सोच कर निर्देश दिया गया कि चरैवेति ! चरैवेति ! यानी चलते रहो, चलते रह। चलने वाले को ही मधु मिलता है- चरन् वै मधु विन्दति ।जो भी हो नयेपन की हर किसी को तलाश रहती है। काव्य जगत में तो प्रसिद्धि ही है कि हर क्षण नया होते रहना ही रमणीयता का स्वरूप है - क्षणे-क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः। नया ही रमणीय होता है इसलिए नया सबको प्रिय लगता है। आज की दुनिया में देश-विदेश चारों ओर वस्त्र आभूषण का फैशन हो या ज्ञान-विज्ञान का कोई क्षेत्र या फिर टेक्नोलोजी और उपकरण की दुनिया हर जगह नए की ही धूम मची रहती है। कोई पुराना नहीं रहना चाहता और नए को अपनाने के लिए मन में उत्सुकता रहती है और उसे अपनाने की उमंग होती है। अपटुडेट या अद्यतन बने रहना सभ्यता का तकाजा हो चुका है। पुराने खयाल दकियानूसी और कालातीत होने से अप्रासंगिक ठहरा दिए जाते हैं। चूंकि काल का पहिया आगे ही चलता है इसलिए हर किसी पर नित्य नए बने रहने का दबाव होता है।

भविष्य पर्दे के पीछे रहता है इसलिए अज्ञात और अनागत का आकर्षण सदैव रहता है। उससे रूबरू होने का अनुभव उत्साह और उत्सव का क्षण बन जाता है। ऐसे में एक किस्म का उन्माद का भाव आता है जो नया वर्ष मनाते समय अक्सर दिखता है विशेषकर युवा वर्ग में जिसके अतिरेक के कभी कभी घातक परिणाम भी हो जाते हैं। नया वर्ष का अवसर उनके लिए भविष्य की एक खिड़की या एक किस्म के समय के पुल जैसा होता है जब वर्तमान में रहते हुए (मानसिक स्तर पर) भविष्य में छलांग लगाते हैं। अक्सर सब लोग खुद को सम्बोधित करते हैं। अपने को टटोलते हुए खोने-पाने का हिसाब भी लगाते हैं। साल भर जिन उपलब्धियों और विफलताओं का अनुभव करते रहे हैं वे सब मुक्त करने वाले और बांधने वाले होते हैं। पर वे ठहरे अतीत के अनुभव जिनसे अपना रिश्ता परिभाषित करना हमारा काम होता है। उनसे बंधना या उन्हीं में अटक कर ठहर जाना निरर्थक है।

### कॉर्टून वर्ल्ड

**कोरोना का वर्क फोर्स**



साभार कॉर्टून मूववेंट

### लेटर टू एडीटर

#### जनता की नियति

हिंदी में एक कहावत है कि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और। यह कहावत राजनीति दलों के चुनावी घोषणा पत्रों पर सटीक बैठती है। चुनाव चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं।

**- राममूरत, जमशेदपुर**

#### अमानवीय बर्ताव

म्यांमार में सेना द्वारा सत्ता अपने हाथ में लेने के बाद की गई बर्बरता ने दुनिया को चिंता में डाल दिया गया है। तख्तापलट के बाद प्रदर्शनकारियों पर जिस तरह सेना गोलियों की बौछार कर रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। अमेरिका सहित यूरोपीय देश भी म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली का इंतजार कर रहे हैं। वहीं चीन ने म्यांमार की घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पूंजी प्रभावित हो। **-डॉ मेरी ग्रेस, गुमला**

# क्या झारखंड-बिहार यूपी से सीख सकते हैं?

**मुरलीधर**

**राज्यों** की वित्तीय स्थिति को लेकर कितने लोग गंभीर होते हैं। आर्थिक स्थिति पर न तो मीडिया में बेहतर रिपोर्टिंग होती है और न ही आम लोगों की पूरी समझ है लेकिन यह सबसे महत्वपूर्ण तथ्य है। आज महाराज जी उर्फ योगी आदित्यनाथ ने जिस प्रकार के प्रयास यूपी जैसे पिछड़ें राज्य के लिये किया है वैसा प्रयास बिहार और झारखंड ने किया है। यूपी में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार हरियाणा व पंजाब के उद्यमियों को अपने यहां आमंत्रित करेगी। यूपी सरकार की कोशिश है कि इन दोनों राज्यों से यूपी में निवेश बढ़ सके। इसके लिए यूपी के तीन मंत्री 27 जनवरी को दोनों राज्यों की राजधानी यानी चंडीगढ़ में रोड-शो करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार अपने राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट करने जा रही है। इसके लिए जिन शहरों में रोड शो होगा, उनमें चंडीगढ़ शहर भी शामिल है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरूआत लखनऊ में योगी आदित्यनाथ 5 जनवरी को करेंगे। चंडीगढ़ में रोड शो को अंतिम चरण में रखा गया है। हरियाणा व पंजाब के निवेशकों को रिझाने के लिए योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल के तीन प्रमुख चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, गृह राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति और कृषि राज्य मंत्री बलदेव औलख शामिल हैं। योगी आदित्यनाथ का विशेष फोकस दोनों राज्यों के कृषि आधारित उद्योगों पर है। योगी को उम्मीद है कि हरियाणा व पंजाब कृषि का गढ़ हैं और यहां के निवेशकों को वे आसानी से उत्तर प्रदेश के लिए आकर्षित कर सकते हैं। इसके अलावा खेल इंडस्ट्री, ऊन व हौजरी के क्षेत्र के निवेशकों पर उत्तर प्रदेश सरकार फोकस करने वाली है। योगी के साथ हरियाणा व पंजाब के उद्यमियों की बैठकें हो रही हैं। इसको लेकर शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब सरकार के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया सवाल भी खड़े कर चुके हैं।

कृषि उपकरणों के निर्माण के साथ ही चावल निर्यात में हरियाणा का कारोबार 13 हजार 736 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। हरियाणा के कृषि खाद्य उत्पादों का निर्यात 2,080 करोड़ का है। हथकरघा, हस्तशिल्प और चमड़ा उत्पाद में 11,524 करोड़, ऑटोमोबाइल और आटो पार्ट में 9,225 करोड़, रेडीमेड कपड़ों में 5,687 करोड़, इलेक्ट्रानिक्स और मशीनरी पार्ट्स में 3,924 करोड़, केमिकल और दवाइयों में 3,526 करोड़ का निर्यात हुआ है। बिहार और झारखंड की सरकार पूरी तरह से अगंभीर और निवेश का माहौल बनाने में असफल रही है। इसका प्रमाण है कि राजनीतिक मुद्दों को सिर्फ और सिर्फ वोट बटारने वाले नीतियों के इर्द-गिर्द सीमित रखा है। एक एनजी ओ के अध्ययन के अनुसार बिहार से चार करोड़ और झारखंड से लगभग 32 लाख लोग दूसरे राज्यों में जाकर काम कर रहें हैं। वे राज्य के लिये शर्म की बात है। अगर उद्योग धंधें बिहार-झारखंड में लगे होते तो महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली सहित दक्षिण के राज्यों से लोग हमारे राज्य में काम करने आते लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। मूलरुप से कृषि और पहले के उद्योग पर ही सब कुछ निर्भर है। आर्थिक रुप से केन्द्र पर निर्भरता आज बिहार-झारखंड के लोगों के लिये शर्मनाम होता जा रहा है। राज्यों के असंतुलित विकास की श्रेणी से जिस तेजी से यूपी बाहर निकल रहा है उससे बिहार- झाररखंड को प्रेरणा लेना चाहिए।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## मतदाता सूची का किया गया अंतिम प्रकाशन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत कोरियाडीह स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह के प्रांगण में मतदान केंद्र संख्या 358 का अंतिम सूची का प्रकाशन स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन बीएलओ किरण कुमारी ने किया। कार्यक्रम में नए मतदाताओं का पंजीकरण, विलोपन एवं शुद्धिकरण पर भी जोर दिया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना देवी, उपमुखिया दामोदर वर्मा, अजय कुमार, नरेश प्रसाद, अजित कुमार, रामजी प्रसाद, विनय कुमार, शिक्षक रेखा कुमारी, मधुबाला कुमारी, दीनानाथ प्रसाद, मतदाताओं में सबिता देवी, रेशमी देवी, आरती देवी सहित नव मतदाताओं में रामजी प्रसाद, नितिन कुमार, सन्नी कुमार, दिनेश कुमार, दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मुखिया ने ली उत्क्रमित मध्य विद्यालय की कमियों की जानकारी

**बड़कागांव।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरली की आवश्यक बैठक कर मुखिया कविता देवी ने पठन–पाठन से संबंधित आवश्यक जानकारी ली और अविलंब दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक में छात्र–छात्राओं की संख्या एवं उनकी उपस्थिति, शिक्षा व्यवस्था, मध्यान भोजन एवं उसके गुणवत्ता, साफ–सफाई तथा स्कूल की सुरक्षा हेतु चारदीवारी व खेल मैदान की देखरेख को लेकर चर्चा की गई तथा कमी को अविलंब पूरा करने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुखदेव महतो, प्रधानाध्यापिका सचिव मीनू कुमारी, प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष तुलेश्वरी देवी, सुमन देवी शिक्षिका मनु कुमारी, मंजू कुमारी, दयानंद कुमार, पंकज कुमार, महेंद्र महतो, रामकुमार रवि, शिवनंदन कुमार समेत सैकड़ों छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## चूरचू सुपर किंग 11 ने अंबेडकर युवा क्लब सिंदवारी को एक 11 रनों से रौंदा

**बड़कागांव।** प्रखंड के सिंदवारी क्रिकेट मैदान में एस पी एल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है।जिसके लीग मैच में आज बृहस्पतिवार को चुरचू सुपर किंग 11 बनाम अंबेडकर युवा क्लब सिंदवारी के बीच खेला गया।जिसमें टॉस जीतकर सिंदवारी की टीम ने पहले बॉलिंग का निर्णय लिया। जिसमें चुरचू सुपर किंग इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 119 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसका पीछा करने उतरे अंबेडकर युवा क्लब सिंदवारी की टीम ने 108 रन पर ही ऑल आउट हो गया। मैच चुरचू सुपर किंग इलेवन ने 11 रनों से जीत लिया। मैच में चुरचू सुपर किंग इलेवन के तरफ से पिंटू कुशवाहा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 29 गेंद में छह छक्का,तीन चौके की मदद से 57 रन की शानदार पारी खेली। बॉलिंग करते हुए 2 विकेट भी चटकाए। शानदार खेल के लिए मैच का मैन ऑफ द मैच पिंटू कुशवाहा को चुना गया। मौके पर मुख्य रूप से टूनार्मेंट के आयोजक तनवीर आलम, आसिफ रजा, धीरंजन सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# कक्षा 1 व 2 के बच्चो के बीच बांटी गयी पोशाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक।** उत्क्रमित प्रथमिक विद्यालय रविदास टोला सिझुआ में कक्षा एक एवं द्वितीय में नामांकित 28 बच्चों के बीच दो जोड़ी पोशाक, स्वेटर, जुता एवं मौजा बांटी गई । वितरण



पोषाक प्राप्त करते बच्चे

मुखिया रंजीत मेहता ने किया। मुखिया रंजीत मेहता ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं तथा उनके बीच समानता का भाव हो इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना अच्छा कदम है एंव पोसाक मिलने से बच्चो मे खुशी दिखा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मंजू देवी, प्रधानाध्यापक वकिल कुमार दास, शिक्षका मेनका कुमारी, सुरेंद्र कुमार, प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोपी राम अग्रवाल की स्मृति में किया गया कंबल का वितरण



कंबल का वितरण करते

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के कुरुम गांव में बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए स्वर्गीय गोपी राम अग्रवाल जी की स्मृति में उनके पौत्रों के द्वारा गुरूवार को अनेकों महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी अमित साहू उपस्थित थे। मौके पर श्री साहू ने कहा कि स्वर्गीय गोपी राम अग्रवाल के स्मृतियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि स्वर्गीय गोपी राम रामगढ़ के प्रखर समाजसेवियों में से एक थे। आज उनके पोत्रों राहुल अग्रवाल और मनीष अग्रवाल उनके स्मृतियों को आगे ले जा रहे हैं जो बहुत ही गौरव की बात है। कंबल वितरण के मौके पर राहुल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

# बच्चों की सुविधाओं का रखूंगा पूरा ख्याल : विकास

### चीफ हाउस पंचायत में 25 बच्चों के बीच मुखिया ने गर्म वस्त्र का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड भुरकुंडा स्थित चीफ हाउस पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र चीफ हाउस में गुरूवार को 25 बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण करते हुए कहा कि किसी भी हाल में बच्चों को पठन-पाठन में दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य बच्चों को हर हाल में ठंड से बचाया जायेगा।

पठन-पाठन सहित हर तरीके से बच्चों के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। मुखिया श्री पांडेय ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा की आप अपने-अपने बच्चो को



गर्म वस्त्र का वितरण करते मुखिया विकास पांडेय

नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजे ताकि सरकार द्वारा दी जा रही सारी सुविधा का शत प्रतिशत लाभ मिले और बच्चो का शरीरक व मानसिक विकास हो सके। साथ ही नियमित रूप से बच्चो का पढ़ाई जारी रहे। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका मेरी अंजना मिंज, सहायिका मेनिका देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार उर्फ पिंटू, उप मुखिया विंदा देवी, वार्ड सदस्य जया देवी, राजु गुप्ता, रेखा देवी, अंजनी देवी, रीता देवी सहित दर्जनों बच्चो मौजूद थें।

# झारखंड हाईवा ओनर एसोसिएशन ने कुजू में की प्रेस वार्ता, दी चेतावनी



प्रेस वार्ता में एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** क्षेत्र के हाइवा मालिकों को जिला प्रशासन व बिहार फाऊंडरी फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा बेवजह परेशान किए जाने से नाराज हाईवा मालिकों ने अब आंदोलनात्मक रुख अख्तियार करने का निर्णय लिया है। गुरुवार को क्षेत्र के कुजू रेलवे साइडिंग के निकट हरिओम फ्यूल्स परिसर में हाईवा मालिकों ने झारखंड हाईवा ओनर एसोसिएशन के बैनर तले प्रेस वार्ता की। एसोसिएशन के संयोजक पचु राणा, अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रसाद ने आयोजित प्रेस वार्ता में कहा की सीसीएल से पावर प्लांटों में कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे हाईवा को लगाया जाता है परंतु हाईवा मालिकों को उचित भाड़ा व अन्य सुविधाएं फैक्ट्री मालिक द्वारा नहीं दी जाती है। वहीं दूसरी ओर जिला माइनिंग ऑफिसर द्वारा खनिज परिवहन चालान की मांग करते हुए ट्रकों को बेवजह जब्त कर लिया जाता है। जबकि खनिज परिवहन चालान हाईवा मालिक नहीं बल्कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा दिया जाता है। फैक्ट्री प्रबंधन उक्त चालान को देने में आनाकानी करती है। जिसका बूरा परिणाम हाईवा मालिकों को भुगतना पड़ता है। प्रेस वार्ता में एसोसिएशन के संयोजक पचु राणा, अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रसाद के अलावा कार्तिक मंडल, अखिलेश प्रसाद, बसंत कुमार प्रजापति, विनोद मेहता, हरेंद्र प्रसाद, श्रवण पाठक विनोद कुमार रशीद अंसारी नागेंद्र कुमार, सनोज कुमार महतो, राजेंद्र कुमार, मोहम्मद तौफीक, सद्दाम हुसैन, सुरेंद्र महतो, आनंद कुमार पांडे, टुनटुन सिंह, दिलीप प्रसाद, संजय सिंह, दिनेश कुमार महतो, पूरन गंझू आदि मौजूद थे।

## प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार ने झाड़ियों की सफाई बाद पुनः अस्पताल का किया निरीक्षण

**दारू।** प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार के निर्देश पर हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून के द्वारा बंद पड़े अस्पताल भवन के चारदीवारी के अंदर बड़े-बड़े झाड़ियों की सफाई कराई गई । गुरुवार को अस्पताल का पुनः निरीक्षण करने प्रक्षिशु आई एस शताब्दी मजूमदार के साथ सिविल सर्जन डॉ एस के सिंह और प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर कपिलमुनि स्वास्थ्य उपकेंद्र हरली पहुँचे। तत्पश्चात प्रशिक्षु आईएएस ने सभी कमरों का बारी बारी से निरीक्षण किया और कहा की इस बंद पड़े अस्पताल को जितनी जल्द शुरू किया जाएगा मुझे भी काफी खुशी मिलेगी। सी एस एस के सिंह ने बताया की स्वास्थ्य केंद्र को एक महिने के अंदर में चालु करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर बीडीयो सुशील कुमार राय,सिविल सर्जन डॉक्टर सरजु कुमार सिंह, नंद जी दुबे,डॉ अमरेश कुमार, मुखिया फरजाना खातुन,मो फारूक सहित लोग मौजूद थे।

# अरुण साहू ने अलाव की व्यवस्था की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** मौसम का अचानक परिवर्तन के कारण सर्दी से आमजनों का जीना मुहाल हो गया है। लोग ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए घर से निकलने के स्थान पर घर पर ही रहना सही समझ रहे है। सड़के शाम होते ही वीरान होने लगी है। बिगड़ते मौसम और शीतलहरी को देखते हुए तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण



अलाव की व्यस्था करते अरुण साहू

साहू के निर्देशन में बरही चौक सहित अन्य कई सार्वजनिक स्थानों पर लकड़ी की व्यवस्था करते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी।

इस दौरान उन्होंने बरही चौक पर दर्जनों कार्यकताओं के साथ अलाव का आनंद लिया और बरही वासियों को संदेश देते हुए कहा कि बरही वासियों के लिए हर सुख दुःख में वह खड़े मिलेंगे।

एक बार उन्हें क्षेत्र की जनता अपना आशीर्वाद दे। बरही का सच्चा बेटा बनकर दिखाऊंगा, बरही वासियों के हर अधूरे सपने को पूरा करने का कार्य करूंगा। मौके पर तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मीडीया प्रभारी बबलू साहू, सन्नी गुप्ता, रवि साहू, अशोक साहू, राहुल केसरी, कारू ठठेरा, महेन्द्र केसरी, बाबू मधेशिया, अनिल निषाद, मिटकु केसरी, पप्पू खान, श्याम निषाद, शंकर निषाद, जनतु केसरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# आरओआईएस : साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड में 21 छात्रों ने लिया भाग

### दिव्या गुप्ता व आलोक कुमार सिन्हा को इंटरनेशनल जरनल नॉलेज ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला स्वर्ण पदक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखण्ड के रसोइया धमना चकुराटांड स्थित रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल जरनल नॉलेज ओलम्पियाड में सितंबर माह में विभिन्न कक्षाओं के 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित थे और उन्हें अपने उत्तर ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन शीट में देने थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने अब प्रत्येक विद्यालय के परिणाम अलग अलग घोषित करते हुए प्रगति रिपोर्ट स्कूल को भेज दी है। 21 छात्रों में चौथी कक्षा की दिव्या गुप्ता और सातवीं कक्षा के आलोक कुमार सिन्हा को इंटरनेशनल जरनल नॉलेज ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक मिला है। इसके अलावा सभी छात्रों ने परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया है। प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



ओलंपियाड परीक्षा में उतीर्ण छात्रगण

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक छात्रों के बीच अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए हमेशा व्यस्त रहते हैं और वे हर विषय में सभी छात्रों पर गहरी नजर रखते हैं जो छात्रों को अच्छे अंक लाने में मदद करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साबित करते हैं। कहा कि विद्यालय प्रबंधन छात्र छात्राओं के शैक्षणिक कुशलता को लेकर प्रयासरत है। मौके पर शिक्षक संजय रविदास, प्रतिमा कुमारी, उषा देवी, रीता कुमारी, इंदु कुमारी, शेरोन थॉमस, सुनील पांडे, शिव कुमार पाठक, पवन कुमार, प्रशांत कुमार, सूरज ठाकुर, पंकज कुमार और आलोक कुमार ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।

# इकलौता चिराग था दीपक, सड़क हादसे में गयी थी मौत

### शव के घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से गमगीन हुआ माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** बुधवार की रात्रि आठ बजे हुटपा पंचायत के तरवा खरवा चौक के पास सड़क हादसे में जान गवाने वाले दीपक घर का इकलौता चिराग था जो कि हमेशा के लिए बुझ गया। मृतक दीपक के पिता ओमप्रकाश मिश्रा विनोबाभावे यूनिवरसिटी हजारीबाग में कार्यरत है और दारू प्रखंड के महेशरा में इनका निवास स्थान है।घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक दीपक चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था और ड्यूटी से वापस अपनी घर महेशरा लौट रहा था तभी तरवा खरवा चौक के पास एक ट्रक को ओवरटेक करने लगा इसी बीच सामने से आ रही दूसरी ट्रक की चपेट में आ गया। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया और ट्रक का पिछला चक्का उसके सर को पिसते हुए फरार हो गया। इस



दीपक कुमार (फाइल फोटो)

हादसे में दीपक के धड़ से सर कट कर अलग हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर बुधवार की रात को ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी बजरंग महतो और दारू थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। गुरुवार को सुबह उसका शव घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घर का इकलौता चिराग के बुझ जाने से पूरे मोहल्लेवासी काफी दुखी थे। दीपक का विवाह एक साल पहले ही हुआ था उसकी पत्नी भी रोते रोते बेसुध हो जाती थी उसे इस बात का यकीन नही हो रहा था कि उसके पति की इस तरह से मौत हो गई है। परिजनों ने शव को दाह संस्कार के लिए महेशरा शमशान घाट ले गए जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# दिशोम सोहराय समारोह का किया गया आयोजन



समारोह में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** सिद्धू कान्हू संथाल समिति टाटीझरिया के ओर से दुधमटिया में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अदिवासी समुदाय द्वारा संथाली गीत नृत्य ढोल नगाड़ा मांदर झाल क्षेत्रीय वाद्य यंत्रों के धुन पर चोंचा, भदरकटवा, हटवे, सिमराढा,चुरचू, चुड़को गांवो के महिला पुरुषों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ दिशोम सोहराय समारोह 2023 के बैनर तले मनाया। वही बाबा बालक नाथ मंदिर टाटीझरिया से दुधमटिया जंगल मंच तक झूमते थिरकते पहुंचे। तथा मुख्य अतिथिओ में टाटीझरिया बीडीओ साइनी तिग्गा सीओ निलम कुमारी को महिलाओ ने जल परिक्षेप कर स्वागत किया। वही बीडीओ सीओ ने मनोबल को बढ़ाने के लिए झूमते हुए महिलाओं के साथ नृत्य किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता असोक किस्कू मंच संचालन डेगलाल किस्कू ने किया। कार्यक्रम का सुरुआत संयुक्त रूप से टाटीझरिया बीडीओ साइनी तिग्गा सीओ नीलम कुमारी टाटीझरिया पंचायत मुखिया सुरेश यादव बेडम पंचायत मुखिया सुमित्रा देवी डहरभंगा मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव मुख्य अतिथियों के हाथों संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया गया। मंचासीन मुख्य अतिथि बीडीओ सीओ ने आदिवासी समुदाय के लोगों को कार्यक्रम के दौरान दिशोम सोहराय मिलन समारोह के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दिया। मौके पर सुरेंद्र किस्कू, असोक बास्के, असोक मुर्मू, सुरेश मुर्मू, संजीत मुर्मू, बिनोद हेम्ब्रोम, चिंतामन मुर्मू समेत अन्य कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

# श्रम मंत्री, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी मंत्री रामगढ़ सत्यानंद भोक्ता का दौरा

### मंत्री की अध्यक्षता में में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी म रामगढ़ सत्यानंद भोक्ता ने गुरूवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान मंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री फागु बेसरा, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त माधवी मिश्रा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, अध्यक्ष नगर परिषद युगेश बेदिया, विधायक प्रतिनिधि मांडू नीरज कुमार झा सहित अन्य 20 सूत्री सदस्य उपस्थित हुए। मौके पर मंत्री श्री भोक्ता ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार राज्य के विकास के लिए कार्य कर रही है । गरीब, जरूरतमंद तथा योग्य लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। वहीं, आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार ने लोगों को उनके क्षेत्र में ही योजनाओं का लाभ देने व सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने सभी को पूर्व में हुई 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों कि विभागवार जानकारी दी। बैठक के दौरान मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सभी



बैठक में शामिल मंत्री व अन्य

अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने एवं आम जनों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न कारखानों में कार्य कर रहे मजदूरों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उन्हें अनिवार्य रूप से न्यूनतम मजदूरी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने को लेकर मंत्री ने श्रम अधीक्षक रामगढ़ से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली वहीं उन्होंने श्रम अधीक्षक को नियमित रूप से कारखानों की जांच करने एवं दिशानिदेर्शों की अवमानना करने वाले संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मंत्री ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं, उन्होंने सभी विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए वहां मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बच्चों को पुस्तक, यूनिफॉर्म सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने संस्थागत प्रसव एएमसी पंजीकरण आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सभी के समक्ष रखते हुए उनके जल्द निराकरण की मांग की। मौके पर उनके द्वारा दाल भात केंद्रों के संचालन, सड़क, बिजली, पेयजल सहित अन्य मामले भी उठाए गए जिस पर माननीय मंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को विशेष ध्यान देते हुए जल्द से जल्द समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी ली वहीं उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल के माध्यम से जल के तहत हुए कार्यों की भी जानकारी ली। मौके पर उन्होंने स्थानीय लोगों तक पहुंच बनाते हुए जलापूर्ति संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या को दूर करने, चापानलों की ससमय मरम्मती सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# बकाया पैसे जमा करें दुकानदार

- गुमला नगर परिषद से आवंटित दुकानों के दुकानदारों को दिया गया फिर से एकरारनामा कराने का निर्देश, 137 दुकानें हैं शहर में
- 11 जनवरी को दिया अंतिम मौका

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर गुरुवार को निकाय के उड़नदस्ता दल ने निकाय के स्वामित्व वाली दुकानों के आवंटियों या किरायेदारों के पास डोर-टू-डोर जाकर अविलंब बकाया राशि जमा करने तथा नये सिरे से इकरारनामा करा लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर परिषद की 137 दुकानें शहर के अलग-अलग इलाकों में निर्मित हैं। जिन्हें पूर्व से ही किराए पर दिया हुआ है। ये दुकानें बस पड़ाव, पुराना नगर पंचायत भवन, टंगरा मार्केट जशपुर रोड आदि इलाकों में अवस्थित हैं। किंतु ज्यादातर आवंटियों के इकरारनामा का समय भी समाप्त हो चुका है। उसके बावजूद भी लोग कब्जा किए हुए हैं। ऐसे लोगों को आखिरी मौका देते हुए 11 जनवरी तक का समय निर्धारित किया गया है। लोग इस निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व नगर परिषद के साथ इकरारनामा संपादित कर सकते हैं। बताया कि 11 जनवरी तक इकरारनामा नहीं करने वालों के मामले में यह मान लिया जाएगा कि वे लोग विधिक रुप से दुकान का आवंटन बरकरार रखने में इच्छुक नहीं है और ऐसे में उनके पूर्व के आवंटन को रद्द करते हुए नए सिरे से दूसरे लोगों के बीच दुकान आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। कई ऐसे भी मामले प्रकाश में आए हैं जहां मूल आवंटी ने खुद को आबंटित दुकान अपने पास न रखकर किसी दूसरे किराएदार को दे रखी है तथा अवैध रूप से खुद किराया वसूल रहे हैं। यद्यपि ऐसा करना इकरारनामा के नियमों के विरुद्ध है। ऐसी स्थिति में आवंटन ही रद्द हो जाना चाहिए किंतु नगर परिषद की पिछली बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया है कि वर्तमान में जिन दुकानों में जिसका कब्जा है चाहे वे मूल आवंटी हों या उनके अवैध किराएदार, वर्तमान कब्जाधारी के नाम से ही नगर परिषद इकरारनामा करेगा। इतना ही नहीं अपने लिए आवंटित दुकान को किराए पर देने वाले आवंटी को न केवल भविष्य में नगर परिषद की किसी भी लॉटरी में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया जाएगा बल्कि इस वित्तीय अपराध के लिये कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। आगे से इस प्रथा पर कड़ाई से रोक लगाई जाएगी कि कोई आवंटी किसी दूसरे को किराए पर दुकान नहीं दे पाए। बताया कि उपरोक्त 137 दुकानों के अलावा हाल ही में कुछ दुकानों तथा टिकट काउंटरों के आवंटन हेतु भी विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसमें 385 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के उपरांत कई आवेदन पत्रों में त्रुटियां भी पाई गईं थीं। सही पाए गए आवेदनों की विस्तृत विवरणी तथा त्रुटिपूर्ण आवेदनों की विवरणी नगर परिषद कार्यालय में सूचना पटल पर लोग देख सकते हैं।



दुकानदारों को उड़न दस्ता टीम ने दी जानकारी।

## स्पीड न्यूज

### सीएम सारथी जागरूकता रथ रवाना



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के प्रचार-प्रसार हेतु समाहरणालय परिसर से एक प्रचार रथ को रवाना किया गया। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग, झारखण्ड के निर्देश पर निकाले गये इस प्रचार रथ द्वारा सभी प्रखण्डों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिसकी शुरूआत सेन्हा और भंडरा प्रखंड से की गई। इस मौके पर जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

### सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग का शुभारंभ



**लोहरदगा।** एसडीओ अरविंद कुमार लाल द्वारा जिला कौशल पदाधिकारी का कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, लोहरदगा में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। एसडीओ ने प्रशिक्षण लेने आए युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति के पास प्रतिदिन 24 घंटे होते हैं। इसी में कोई भी बेहतर समय प्रबंधन करता है। आप अपना लक्ष्य तय करें और उसमें लग जायें। किसी भी प्रकार की कुंठा से ग्रसित ना हों। कोई भी 100 प्रतिशत परफेक्ट नहीं होता है। कभी भी अपनी तुलना दूसरों से कर नकारात्मक नहीं होना चाहिए। खुद का विश्लेषण करें कि आप क्या कर सकते हैं। अपने माता-पिता को धन्यवाद दें जो जीवन में आपको मिला है। हमेशा सकारात्मक सोच रखें। बिना कठिनाई के कोई भी आगे नहीं बढ़ता है। रुके नहीं, घबराये नहीं। प्रशिक्षण में जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, आईटीआई कुजरा, बीएस कॉलेज और महिला कॉलेज की छात्राएं समेत अन्य उपस्थित थे।

### अपूर्ण पीएम आवास का निरीक्षण

**भंडरा।** प्रखंड में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने के उद्देश्य से बीडीओ रंजीत सिन्हा के निर्देश पर गुरुवार को पीएम आवास प्रखंड समन्वयक नित्यलेंद्र कुमार सिंह ने उदरंगी, हाटी, अंबेरा सहित कई गांव में संचालित पीएम आवास योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने अपूर्ण आवास लाभुक से मुलाकात कर आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही एक सप्ताह में अपूर्ण आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करने पर सर्टिफिकेट केस करने की बात कही है। इसके अलावे पीएम आवास निर्माण कार्य की राशि लेने के बाद भी लापारवाही बरतने वाले लाभुकों को आवास निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर फटकार भी लगाया है।

### इग्नू में नामांकन प्रक्रिया शुरू



**लोहरदगा।** इग्नू स्टडी सेंटर 3614 बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों और विषय में नामांकन आरंभ हो गया है।इस बारे में केंद्र के जिला समन्वयक डॉ शशि कुमार गुप्ता ने बताया कि बीए इतिहास, बी ए पॉलीटिकल साइंस, बी ए इकोनॉमिक्स ,बी ए हिंदी, बीए उर्दू, बीए इंग्लिश, बीए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन वही एमए में इतिहास, पॉलिटिकल साइंस, हिंदी एवं पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन विद्यार्थियों का मार्क्स 45फीसदी से कम है उनका भी नामांकन इग्नू में लिया जा रहा है। इच्छुक छात्र 31 जनवरी तक इग्नू के वेबसाइट पर ऑनलाइन नामांकन ले सकते हैं।वही अधिक जानकारी के लिए इग्नू स्टडी सेंटर 3614 में संपर्क कर सकते हैं।

### दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना मुख्य उद्देश्य : जयनाथ महतो




**भंडरा ।** समावेशी शिक्षा के तत्वाधान में गुरुवार को बीआरसी में प्रखंड स्तरीय अभिभावक सह सामुदायिक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी मवि के प्रधानाध्यापक व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर बीईईओ जयनाथ महतो ने कहा कि समावेशी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना तथा मुख्यधारा से जोड़ना है। सरकार दिव्यांग बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने के लिए कई तरह के योजना चला रही है। ताकि दिव्यांग को पठन-पाठन में सुधार आ सके। सरकार दिव्यांग बच्चों को निश्शुल्क ट्रायसाइकिल, श्रवण यंत्र, बैशाखी, ब्रेल बुक, ब्लाइंड स्टिक सहित विद्यालयों में रैंप सहित कई बेहतर सुविधा मुहैया करा रही है। सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे, ताकि दिव्यांग बच्चे के अंदर छिपी प्रतिभा सामने आ सके। जिसके लिए प्रबंधन समिति की भी जिम्मेवारी आवश्यक है। दिव्यांग बच्चे ईश्वर के दिए अनमोल रत्नों में से एक है। जिन्हें शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़ना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। साथ ही माता समिति एवं संयोजिकाओं को भी एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक रिसोर्स शिक्षक शबाना खातून, अभिमन्यु महतो द्वारा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर बीपीओ राम विजय खलखो, निशांत कुमार, प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर भगत, विनय कुमार, बीना कुजूर, उमेश राम, विदेश उरांव, गीता देवी सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

# अभिनय के क्षेत्र में गुमला का युवा बना रहा मुकाम

- वेब सीरीज लवलेन में अतीश सोनी असिस्टेंट डायरेक्टर की निभा रहा है भूमिका
- अभिनेता आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल में कैमियो के रूप में कर चुका है काम

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। अभिनय के क्षेत्र में गुमला जिला के अतीश सोनी अपनी प्रतिभा का बल पर गुमला का नाम रोशन कर रहे। अतीश सोनी रांची में बन रहे वेब सीरीज लवलेन में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में कार्य कर रहे हैं। साथ ही वे इस वेब सीरीज में स्पोर्टिंग कैरेक्टर के रूप में अपने अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगें। बताते चलें कि लवलेन एक वेब सीरीज है। जिसकी पूरी शूटिंग रांची जिला एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में की गई है। इस वेब सीरीज में झारखंड के उभरते सितारों ने अपने अभिनय का प्रदर्शन किया है। अतीश सोनी 2018 से अभिनय के क्षेत्र में जुड़े हुए हैं । वे 2018 में मुंबई के वीरेंद्र राठौर के जॉइन फिल्म एकेडमी से अभिनय का प्रशिक्षण लिए हैं। जिसके बाद वे फीगोट इंटरटेनमेंट में 2 वर्षों का थिएटर का अनुभव प्राप्त किए। थिएटर में कार्य के दौरान ही अतीश सोनी को अभिनेता आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल में कैमियो के रूप में कार्य करने का अवसर मिला । 2019 में ड्रीम गर्ल फिल्म में काम करने के दौरान ही अतीश को एक शॉर्ट फिल्म में काम करने का भी अवसर मिला। वर्ष 2020 में जब पूरे देश में लॉकडाउन लगा तो इस दौरान अतीश सोनी अपने घर यानी गुमला जिला में रहकर सामाजिक कार्यों का संपादन करते रहे। इस दौरान वे वॉइस ऑफ चेंज सामाजिक संस्था से जुड़कर लोक डाउन के कारण गरीब बच्चों के छूटती शिक्षा को बरकरार रखने के लिए कार्य करते रहें। रांची में बन रही वेब सीरीज लवलेन की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस सीरीज के प्रोड्यूसर आकर्ष सिन्हा एवं डायरेक्टर निमेश पांडे हैं।



## घाघरा में मोबिलाइजेशन कैंप में 109 युवाओं ने प्रशिक्षण के लिए भरा फार्म

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में कौशल विकास योजना के तहत जागरूकता एवं मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन गुरुवार को किया गया। कैंप में कौशल विकास केंद्र, एकमे एजुकेशनल सोलूशन जारी, एसजीआरएस प्राइवेट लिमिटेड, कल्याण गुरुकुल, रांची सिक्योरिटी, विकास भारती बिशुनपुर, डीयूजी सहित कई अन्य प्राइवेट कंपनी शामिल हुई। कैंप में 200 की संख्या में बेरोजगार युवक युवतियां पहुंचे जहां 109 अलग-अलग सेक्टरों में काम करने हेतु इच्छुक युवक-युवतियों ने फॉर्म जमा किया। जिसमें सभी का चयन प्रशिक्षण हेतु किया जाएगा। कैंप में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए अपनी इच्छा अनुसार रोजगार चयन का यह सुनहरा अवसर है। जिसमें आप सभी संस्थाओं के द्वारा चलाई जा रही प्रशिक्षण का लाभ ले प्रशिक्षण प्राप्त कर प्राइवेट नौकरी प्राप्त कर सकते हैं और अपनी आय को दुगनी कर सकते हैं। एसजीआरएस के जिला कोऑर्डिनेटर दीपेंद्र नाथ सहदेव ने बताया कि जिन युवक-युवतियों ने आवेदन दिया है। उन्हें प्रशिक्षण के असेसमेंट के बाद जॉब प्लेसमेंट दिया जाएगा।

## लोहरदगा में पतंजलि ने मनाया स्वाभिमान स्थापना दिवस



**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे पन्द्रह दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में गुरुवार को पतंजलि भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती द्वारा प्राणायाम एवं दिनेश प्रजापति द्वारा यौगिक जॉगिंग का अभ्यास कराया गया। उसके बाद संरक्षक शिवशंकर सिंह एवं पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अभय भारती के नेतृत्व में हवन किया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी एवं मुख्य योगशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि पतंजलि का मुख्य उद्देश्य योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं शिक्षा के माध्यम से एक स्वस्थ, समृद्ध और शिक्षित भारत का निर्माण करना है। योग हमारे मूल में है। एक स्वस्थ व निरोग व्यक्ति ही जीवन को उत्तम रीति से जी सकता है।योग आयुर्वेद की महत्ता को पूरे विश्व की स्वीकार्यता मिली है और संसार के लगभग दो सौ देशों ने इसे अपनाया है। आज भारत, भारतीयता, भारतीय ब्रांड, ऋषि परम्परा का डंका विश्व भर में बज रहा है। इस अवसर पर पूरे जिले में निःशुल्क योगशिविर लगाकर योग आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।मौके पर वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसादसिंह,अभय भारती, शिवशंकर सिंह ने भी अपने विचार रखे।


# राजस्व मामले में अव्वल और वेतन देने में फिसड्डी

लोहरदगा जिले में शराब दुकानों से 71 प्रतिशत राजस्व की वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में सरकारी शराब दुकानों से राजस्व वसूली में जबरजस्त सुधार आया है।इस वर्ष अभी तक लक्ष्य 18 करोड़ के विरुद्ध 12 करोड़,76 लाख 40 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हो चुका है।जो पिछले साल के मुकाबले बहुत अच्छा है।इस संबंध में जिला उत्पाद पदाधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में कुल 15 दुकान है।जिससे राजस्व लक्ष्य के लगभग 71 प्रतिशत वसूली दिसंबर माह तक हो गई है।उन्होंने बताया कि मार्च तक पूरे लक्ष्य की प्राप्ति हो जायेगी।

**4 माह से 45 कर्मियों को वेतन भुगतान नहीं :** शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों को 4 माह से नहीं मिला है वेतन जिले में कुल 15 शराब के दुकानों में 45 कर्मी कार्यरत है।जिन्हे पिछले चार महीने से वेतन नही दिया जा रहा है।जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में कार्यरत कर्मियों का कहना है कि प्राइम वन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा उन्हें कार्य पर रखा गया है।लेकिन वेतन उन्हें समय से नहीं मिल रहा है।ऊपर से 12 घंटे कार्य कराया जाता है ।और उसके हिसाब से पैसा भी काफी कम दिया जाता है।इस संबंध में जिला उत्पाद पदाधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि उनके संज्ञान में मामला आया है और इसे लेकर राज्य आबकारी आयुक्त को चिट्ठी भी लिखी गई है।चूंकि कम्पनी को भुगतान करना है इसलिए ज्यादा वो कुछ नहीं कर सकते है।वही कंपनी के जिला सुपरवाइजर ब्रजेश कुमार से फोन पर बात करने की कोशिश की गई है लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।



## विधानसभा के प्रभारी बने रोशन बरवा



गुमला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नागालैंड ,आसाम व त्रिपुरा प्रभारी डा. अजय कुमार ने आगामी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में विधानसभा प्रभारी के तौर पर गुमला जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान प्रदेश सचिव बसिया निवासी रोशन बरवा को पंचरताल व कंचनपुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। गुमला जिला कांग्रेस के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्यभार मिलना गर्व का विषय है। रोशन बरवा ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा दो विधानसभा की जिम्मेदारी दिया गया है। मेरी प्राथमिकता दोनो विधानसभा पर कांग्रेस के उम्मीदवार को चुनाव जीतना और शीर्ष नेतृत्व जो विश्वास दिखाया है उसमे खरा उतरना। प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत, प्रदेश सचिव रमेश चीनी, अकील रहमान,जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, पूर्व विधायक बैरागी उरांव, मानिकचंद साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, महिला अध्यक्ष अमृता भगत व अन्य ने दी बधाई।

# लोहरदगा जिले में बनेंगी 46 किमी सड़कें

सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से लोहरदगा के मन्हो मोड़ से भक्सो समेत 6 सड़कों की मिली स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा** जिला को नए वर्ष में 46.650 किलोमीटर सड़क का तोहफा मिला है। केंद्र सरकार के द्वारा सड़क को स्वीकृति दी गई है। क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से इन सभी सड़कों की स्वीकृति मिली है। 46.650 किलोमीटर सड़क का निर्माण लगभग 3002 करोड़ की लागत से होगा। जिले की 6 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुए हैं। कुतु प्रखंड के जीमा चौक से बराटपुर, लोहरदगा प्रखंड के मन्ही मोड़ से भक्सो, भक्तो से नदी नगड़ा तक सेन्हा में जोगना मोड़ से गणेया, कोराम्बे भाषा जामुनडीपा गया घाटा, रेहा से पीडब्ल्यू डी रोड वक्सी डीपा तक शामिल हैं। क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि सड़क निर्माण होने से क्षेत्र का बहुमुखी विकास होगा। गांव सीधे मुख्य मार्ग से जुड़ेंगे। सड़क की स्वीकृति मिलने के पर भाजपा संगठन के कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की है। इस खुशी पर जिला अध्यक्ष मनौर उरांव ने कहा कि विकास को लेकर सदैव भाजपा ने केंद्र सरकार की मांग की प्रतिबद्ध रहा है। जनता की आवाज थी। जिसकी स्वीकृति प्राप्ति के साथ और आवश्यकता को प्राथमिकता में राज्य को लागत राशि भी सांसद रखी गई है। केंद्र सरकार सड़क सुदर्शन भगत ने कहा है कि क्षेत्र के सहित अन्य विभिन्न प्रकार की ग्रामीणों की मांग पर आवंटित कर दी योजनाओं धरातल पर उतारी है। गई है। सांसद ने कहा कि इन सभी कहा कि राज्य सरकार की बारी कि सड़कों की स्वीकृति उनके प्रयास से केंद्र का दोषारोपण छोड़ योजना केंद्र सरकार के द्वारा दिया गया। केंद्र कार्य का निष्पादन अच्छी तरह से की ओर से सड़क निर्माण के लिए जल्दी कराए। साथ ही प्रधानमंत्री राशि भी झारखंड सरकार को नरेंद्र मोदी व क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन आवंटित कर दी गई है। सांसद ने भगत के प्रति आभार जताया।



## एक नजर में

### कृषि से इनकम बढ़ाएं किसान : बीडीओ



**घाघरा।** हापामुनी गांव में गुरुवार को आत्मा के द्वारा प्रखंड स्तरीय रवि कार्यशाला एवं किसान गोष्ठी हुई। बीडीओ ने कहा कि कृषक गोष्ठी का किसान लाभ उठाएं, वर्तमान में मुख्यमंत्री सुखाड योजना का पंजीयन एवं ई केवाईसी कराने के लिए लोगो को प्रेरित करे। उन्होंने ऋण माफी के लिए ई केवाईसी व टपक विधि ( ड्रीप) योजना के बारे में जानकारी दिया । साथ ही श्री कच्छप ने कहा कि आप कृषि के माध्यम से अपने आय को दुगनी कर सकते हैं। कृषक गोष्ठी का आयोजन आप लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए किया गया है। लोगों को फसलों से संबंधित जानकारी देने के लिए की गई है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि, वर्तमान में रबी फसल में किसान दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा दें। कृषि यंत्र 50 और 90फीसदी अनुदान में उपलब्ध है। कृषक आवेदन करके ले सकते हैं।

### चैनपुर में सरकारी जमीन पर चला बुलडोजर



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में गुरूवार को सीएम गौतम कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिसके तहत सरकारी भूमि में किये गये अतिक्रमण को बुल्डोजर से ध्वस्त कर उसे अतिक्रमण मुक्त किया गया। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पिपल चौक पर प्लाट नं 1166 ,रकबा 7 डिसमिल जो कि केसर हिन्द सरकारी जमीन था। जिसपर सहिनाथ रौतिया के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था तथा नोटिस भेजने पर भी वह जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं कर रहे थे। जिस पर अंचलाधिकारी गौतम कुमार के नेतृत्व में बुल्डोजर चलाकर अवैध कब्जे को हटाया गया। वहीं अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को अंचल कार्यालय से पहले ही नोटिस जारी किया गया था कि वो स्वयं अतिक्रमण किए हुए जमीन को खाली कर दें। लेकिन जब उनके द्वारा जमीन खाली नहीं किया गया तब आज बुल्डोजर चलवाकर अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है और आगे भी अतिक्रमण की कारवाई जारी रहेगी। बताते चलें कि चैनपुर के बस स्टैंड के समीप भी सरकारी जमीन पर कई दुकान व मकान बनाकर अवैध रूप से रह रहे हैं। अब देखना है कि प्रशासन इस पर कब कारवाई करती है। अतिक्रमण अभियान में चैनपुर थाना के एएसआई मदन शर्मा अपने दल बल के साथ शामिल थे।

### डुमरी में तीन फरार वारंटी गिरफ्तार



**डुमरी।** डुमरी थाना कांड संख्या 12/2013 के फरार वरांटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामकिशुन नायक, सुलेन्द्र नायक व तेतरा नायक सभी ग्राम जुरमू के नाम शामिल है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि लंबे समय से पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली की आरोप घर आये हुए हैं। तत्काल छापामारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### अवैध बालू लदा हाईवा जब्त, चालक गिरफ्तार

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड में गुरुवार सुबह छापामारी अभियान चलाकर सिसई पुलिस ने अवैध रूप से बालू ले जा रहे हाईवा को जब्त कर लिया। साथ ही हाईवा चालक बिहार पटना निवासी मोहित राज को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया है। सिसई पुलिस लगातार अवैध बालू तस्करी के खिलाफ छापामारी अभियान चला रही है।

### मजदूर -किसानों का शोषण चरम पर : माले



**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार जिला समिति गुमला की आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय में जिला प्रभारी प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के राज्य सचिव कामरेड वशिष्ठ तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार लूट व भ्रष्टाचार में लिप्त है। यही कारण है कि राज्य में मेहनतकश मजदूर किसानों का शोषण चरम पर है। जिसके खिलाफ पार्टी झारखंड स्तर पर आंदोलन करेगी । कामरेड ने यह भी कहा कि सत्ताधारी पार्टियों से जनता को कोई उम्मीद नहीं करना चाहिए और भाकपा (माले) रेड स्टार जैसी पार्टी को मजबूत बनाकर शोषण विहीन समाज के लिए आगे आने की जरूरत बतायी। वहीं पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि गुमला जिला पूरी तरह लूट का चरागाह बनी हुई है । यहां के सांसद-विधायक जन अधिकारों की हो रही लूट पर चुप्पी साधे बैठे हैं। पार्टी के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव ने कहा कि मजदूर किसानों का शोषण को देखते हुए 17 जनवरी को जिला मुख्यालय गुमला में धरना कार्यक्रम कर पार्टी जनता के लिए आंदोलन शुरू करेगी ।। बैठक में मुख्य रूप से प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, सोमरा खड़िया, ललन साहू, भूषण सिंह, दांदू भगत, बालेश्वर ठाकुर, पूरन सिंह, शिव प्रसाद नायक, मालती देवी व बंधनी कुमारी उपस्थित थे ।

### पतंजलि ने मनाया स्वाभिमान का स्थापना दिवस



**गुमला।** पालकोट रोड स्थित लक्ष्मी मंदिर परिसर में पतंजलि परिवार गुमला के द्वारा भारत स्वाभिमान का 28 वां स्थापना दिवस बृहस्पतिवार को मनाया गया। कार्यक्रम के तहत दैनिक योग कक्षा के साथ समुचित विश्व के कल्याण हेतु हवन पूजन की गई। इस मौके पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी रूपेश कुमार सोनी ने कहा कि 5 जनवरी 1994 को भारत स्वाभिमान की स्थापना की गई थी। यह संगठन राष्ट्र कल्याण की भावना से समाज सेवा में लगा रहता है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को योग, यज्ञ और आयुर्वेद से जुड़े रहना चाहिए। हम सभी सनातन धर्मावलंबी हैं और हमारी सनातन संस्कृति के सभी नियम एवं मान्यताएं वैज्ञानिक संवत हैं। अभी वर्तमान तथा बीते हुए वर्षों में जिन महामारीयों से पूरा विश्व त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहा है उसका सटीक समाधान हमारे पूर्वजों के ज्ञान में निहित है। आज वह समय आ गया है जब हम फिर से अपने पूर्वजों के बताए मार्ग पर चलना प्रारंभ करें ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित हो। इसके लिए हमें योग, यज्ञ एवं आयुर्वेद को जीवन में अपनाना ही होगा।

स्पीड न्यूज

## जुगसलाई आरओबी को शीघ्र चालू कराये सरकार


**जमशेदपुर।** कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद,आईपीएस डॉ अजय कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिख कर जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज को जनता के लिए शीघ्र शुरू करने का अनुरोध किया है। पत्र में डॉ अजय ने कहा है कि जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज का कार्य पूर्ण हो गया है तथा जमशेदपुर के तीन लाख लोगों का इंतजार खत्म हो गया है लेकिन किन्हीं राजनीतिक कारणों से जमशेदपुर के लोगों के लिए अभी तक पुल नहीं खोला जा रहा है, जिसके कारण बागबेड़ा, जुगसलाई और यहां तक कि कई गांवों के लोगों को यातायात की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## मारवाड़ी समाज के नेग चार पुस्तक का विमोचन



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मलेन द्वारा तैयार की गयी मारवाड़ी समाज के नेग-चार से संबंधित पुस्तक का विमोचन एवं सम्मान समारोह गुरूवार की देर शाम साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित श्री महालक्ष्मी दादी मंदिर में संपन्न हुआ। मारवाड़ी सम्मेलन जिलाध्यक्ष अशोक मोदी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यकम में बतौर अतिथि समाज के गणमान्य अशोक भालोटिया, निर्मल काबरा, उमेश शाह, ओमप्रकाश रिंगासिया आदि उपस्थित थे। अशोक ने बताया कि इसे पूर्ण करने में संपादक विजय खेमका, सह संपादक कविता अग्रवाल (सोनारी) एवं संगीता मित्तल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। मौके पर साकची, कदमा, सोनारी, टेल्को, मैंगो, बिष्टुपुर, आदित्यपुर, चाकुलिया, धालभूमगढ़ ., घाटशिला, जादूगोड़ा, भालुबासा और गोलमुरी शाखा को शानदार कार्यो हेतु सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जिले में अपने शानदार कार्यो हेतु भजन गायक महाबीर अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, संगीता मित्तल, बजरंग अग्रवाल थे।

## स्व केके सिंह की स्मृति में नेत्र शिविर कल से



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी माह का पहला नेत्र शिविर नेत्र ज्योति महायज्ञ के रूप में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष 7 से 10 जनवरी 2023 तक यह आयोजन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में जाने माने समाजसेवी व रेड क्रॉस के पेट्रन स्व केके सिंह की पुण्य स्मृति में आयोजित होगा। रेड क्रॉस एवं लोहिया नेत्रालय के इस वार्षिक आयोजन में 200 से अधिक ऑपरेशन किये जाने की तैयारी है।

## श्री श्याम महिला मंच मानगो ने बांटे 100 कंबल

**जमशेदपुर।** कड़ाके की बढ़ती ठंड को देखते हुए शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम महिला मंच मानगो की महिलाओं द्वारा गुरूवार की शाम को बिष्टुपुर स्थित सेक्रेड हार्ट कान्वेंट प्रोजेक्ट (हिंदी) स्कूल के जरूरतमंद बच्चों के बीच 100 कंबल बांटा। यह कार्यक्रम मंच की अध्यक्ष आशा अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। मौके पर सचिव किरण खेमका, कोषाध्यक्ष संगीता देबूका, निलारा देबूका, सरोज अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, रजनी खेमका, सरिता सिंह, मंजु मूनका आदि थी।

## पोटका सीएचसी में जांच शिविर आज

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को पोटका सीएचसी में आयोजित होने वाली दिव्यांगता जांच शिविर सफल बनाने में नीलदीप नि:शक्त सेवा अभियान स्वत:स्फूर्त योगदान देगी। संस्था के करुणामय मंडल ने बताया कि पोटका में लगने वाली दिव्यांगों की शारीरिक जांच शिविर में नीलदीप नि:शक्त सेवा अभियान भी दिव्यांगता जांच हेतु गांव-गांव से लाकर वैसे दिव्यांगों का आवेदन तैयार किया है जिनका अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। शिविर में सदस्य सह पीएलवी चयन कुमार मंडल उन दिव्यांगों की जांच करवाने में सक्रिय रहेंगे।

# 20-20 मेधावी बच्चों को फूडिंग-लॉजिंग की सुविधा के साथ-साथ इंजीनियरिंग और मेडिकल की नि:शुल्क कोचिंग देगा नारायणा

- नारायणा आइआइटी/नीट एकेडमी का सीओ प्रोग्राम का जमशेदपुर में भव्य शुभारंभ
- झारखंड-बिहार और पश्चिम बंगाल में सीओ प्रोग्राम प्रवेश परीक्षा 5 फरवरी और 2 अप्रैल को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी/ नीट एकेडमी, जमशेदपुर द्वारा इस्टर्न रिजन (झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा) का पहला सीओ कैंपस का जमशेदपुर में शुभारंभ किया जा रहा है। नारायणा जमशेदपुर केन्द्र के निदेशक श्री श्याम भूषण ने बताया कि इस अनूठे सीओ प्रोग्राम में कक्षा दसवीं से ग्यारहवीं में जा रहे 20-20 छात्र एवं छात्राओं का चयन किया जाएगा जो कि आई.आई.टी.-जेईई-2025 एवं नीट-2025 में शामिल होंगे। इस प्रोग्राम का उद्देश्य होगा कि जो भी छात्र इसमें चयनित होंगे उनको इस लेवेल की तैयारी कराई जाएगी कि उन विद्यार्थियों को नेशनल एवं रिजनल लेवल का टॉप रैंकर हो।

सीओ प्रोग्राम में चयनित छात्र एवं छात्राओं को नारायणा द्वारा पूरी तरह से नि:शुल्क तैयारी कराई जायेगी। इसके अलावें बाहर से आने वाले चयनित छात्र एवं छात्राओं को नि:शुल्क रहने एवं खाने की सुविधा प्रदान करेगी। सी.ओ. प्रोग्राम में छात्र एवं छात्राओं का चयन विभिन्न स्तरों पर प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा 2 फेज में होगी, जो कि 5 फरवरी 2023 एवं 2 अप्रैल 2023 को आयोजित किया जाएगा एवं प्रत्येक विषय के विशेषज्ञ शिक्षक द्वारा साक्षात्कार के बाद छात्रों का चयन किया जायेगा। प्रथम फेज 5 फरवरी 2023 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2023 तक है। इस प्रेवश परीक्षा का झारखंड में तीन केन्द्र जमशेदपुर, रांची एवं धनबाद बनाया गया है, जहां पर यह प्रवेश परीक्षा आयोजित किया जायेगा। पुनः श्री श्याम भूषण ने कहा कि सीओ प्रोग्राम में चयनियत छात्र एवं छात्राओं को प्रत्येक दिन 10 घंटे की पढ़ाई होगी जिसमें क्लासेज के साथ ही डाऊट सेशन एवं वोर्किंग सेशन रहेगा इसके अलावा प्रत्येक सप्ताह टेस्ट रहेगा। इन चयनित छात्रों को नारायणा द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रोग्राम के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए 9334870015/20 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

मालूम हो कि विगत कई वर्षों से नारायणा का यह प्रोग्राम काफी सार्थक सिद्ध हुआ है जिसके कारण आईआईटी-जेईई एवं नीट के परीक्षाओं में नेशनल टॉपर देने का अवसर मिला है साथ ही ऑल इंडिया दस के अन्दर पाँच विद्यार्थी एवं ऑल इंडिया बारह के अन्दर सात विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया है। श्री भूषण ने यह भी बताया कि नारायणा के संस्थापक डॉ. पी. नारायणा सर का विचारधारा एवं दृष्टिकोण भी यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक छात्र को दृढ़ता, कौशल और अंततः सफलता प्राप्त करने के लिए नींव, क्षमताएं और साधन प्रदान किया जायें। अंत में नारायणा झारखंड के सभी सदस्यों की तरफ से नारायणा के संस्थापक डॉ. पी. नारायणा सर, नेशनल हेड नारायण मूर्ति सर एवं वाईस प्रेसिडेन्ट के. लक्ष्मण राव सर को इस प्रोग्राम को झारखंड में शुरूआत करने के लिए धन्यवाद किया।



सीओ प्रोग्राम लांच करते निदेशक श्याम भूषण व साथीगण।

## जेएनएसी, जुस्को और विधायक प्रतिनिधियों के बीच बनी सहमति

# मोहरदा जलापूर्ति योजना के दूसरे चरण का डीपीआर शीघ्र बनेगा

- भुवनेश्वरी मंदिर की पहाड़ी पर नया जलमीनार बनाने का प्रस्ताव
- मोहरदा में सेटलिंग पोंड और भुवनेश्वरी मंदिर के पहाड़ पर बनेगा वाटर टैंक
- 20 किमी लंबी नयी पाइपलाइन बिछेगी, घर-घर मिलेगा पानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय के निर्देश पर मोहरदा जलापूर्ति फेज-2 के संबंध में एक बैठक जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय में विशेष पदाधिकारी की अध्यक्षता में टाटा स्टील यूआइएसएल पूर्व नाम (जुस्को) के मोहदा प्रोजेक्ट प्रभारी राज्यवर्द्धन सिंह राठौर और विधायक प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोहरदा जलापूर्ति फेज 2 के डीपीआर बनाने के लिए कंसलटेंट शीघ्र बहाल कर लेने का निर्णय लिया गया। फेज 2 के अंतर्गत मोहरदा जालपूर्ति योजना के इंटकवेल के बगल में स्थित खाली भूखंड पर एक सेटलिंग पोंड का निर्माण करने तथा टेल्को, भुवनेश्वरी मंदिर के समीप एक नया पानी टंकी का निर्माण, पंप हाउस का विस्तारीकरण, पानी प्यूरीफाई करने हेतु अतिरिक्त केलारी फोकलेटर और फिल्टर बेड का निर्माण कराने को लेकर कारवाई करने पर विस्तृत चर्चा की गयी।

बैठक में ब्रांच रोड में पाइप लाइन का विस्तारीकरण, अलग अलग पानी टंकियों के लिए डेटिकेडेड राइजिंग पाईप लाइन बिछाने सहित वर्तमान में नालियों के ऊपर बिछा दिए गए सर्विस पाइप लाइन को हटाकर व्यवस्थित करने का प्रस्ताव दिया गया। ज्ञात हो कि बिरसानगर जोन 1, 1 बी, 2 बी जैसे ऊंचे स्थानों पर बसे घरों में मोहरदा जलापूर्ति से पेयजल की आपूर्ती नहीं हो पाती है। जिसके लिए विधायक श्री राय ने भुवनेश्वरी मंदिर के ऊपर पानी टंकी बनाकर पेयजल की आपूर्ति करवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि के रुप में जन सुविधा विभाग के हरेराम सिंह, निजी सचिव सुधीर और पेयजल प्रभारी अमरचंद्र झा उपस्थित हुए।

विधायक श्री राय ने शुरू से ही मोहरदा जलापूर्ति योजना के तहत लोगों को जुस्को के पेयजल आपूर्ति की तरह ही गुणवत्ता युक्त पेयजल आपूति एवं निश्चित समय पर लोगों के घरों तक पानी पहुँचे इसके लिए प्रयासरत हैं। पूर्व के राजनीतिक अदूरदर्शिता के कारण मोहरदा जलापूर्ति जैसी महत्वपूर्ण एवं जनोपयोगी योजना अपने उद्देश्य में कारगर साबित नहीं हो पाया था। लेकिन पूर्वी क्षेत्र से विधायक बनने के बाद श्री राय के प्रयास से इसमें काफी सुधार आया है। मोहरदा जलापूर्ति के लिए निर्मित टंकियों की सफाई हुई जो कि कभी नहीं हुई थी। इंटकवेल में कचरा प्रवेश न करे इसके लिए तीन जालियों का अधिष्ठापन करवाया गया है। पहले लोगों को कभी कभार घरों में जलापूर्ति होती थी। अब प्रतिदिन दो वक्त जलापूर्ति हो रही है। नियमित पानी की गणवत्ता की जांच हो रही है। 360 स्थलों पर पाइप लाइन की सफाई की गयी है। पानी का कनेक्शन लेने के लिए कैम्प लगवाया गया है।


जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के साथ बैठक करते कंपनी के अधिकारी और विधायक प्रतिनिधि।

## आज गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में भाग लेने चाईबासा जायेंगे भाजपाई

- करनडीह प्रखंड कार्यालय के समीप जुटेंगे विभिन्न मंडलों के कार्यकर्तागण
- सुबह 9 बजे करेंगे वाहनों के काफिले के साथ चाईबासा के लिए प्रस्थान


गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की तैयारी बैठक में मार्गदर्शन देते जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डु।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को चाईबासा आ रहे हैं जहां वे टाटा कॉलेज मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं की विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर एक ओर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है तो वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री अमित शाह की सभा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर पार्टी पूरी तैयारी में जुट गई है। गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की सफलता के निमित्त भाजपा जमशेदपुर महानगर की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई।

## टाटा स्टील को इंडिया वर्कप्लेस इक्वालिटी इंडेक्स 2022 में गोल्ड नियोक्ता सम्मान

➲ कंपनी को लगातार दूसरे वर्ष प्राप्त हुई यह मान्यता

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को इंडिया वर्कप्लेस इक्वेलिटी इंडेक्स (आईडबल्यूईआई) 2022 द्वारा लगातार दूसरे वर्ष 'गोल्ड' नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई है। गोल्ड अवार्ड विजेता का सम्मान उन नियोक्ताओं को दिया जाता है जिन्होंने एलजीबीटी+ समावेशन को सफलतापूर्वक अपनी नीतियों, नियुक्ति प्रक्रियाओं, बाहरी संचार में शामिल किया है। साथ ही एलजीबीटी+ समावेशन के प्रति दीर्घकालिक और गहन प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। जया सिंह पांडा, चीफ डाइवर्सिटी ऑफिसर, टाटा स्टील ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मंजम्मा जोगाथी, एक कलाकार और सांस्कृतिक हस्ती से यह पुरस्कार प्राप्त किया। टाटा स्टील ने लगातार दूसरे वर्ष गोल्ड नियोक्ता रैंकिंग में जगह बनाई है। इससे पहले, कंपनी को 2021 में ग्लोबल एंप्लॉयर रिकॉग्निशन और 2020 में सिल्वर एम्प्लॉयर रिकॉग्निशन मिली थी, जिस वर्ष यह प्रतिष्ठित रैंकिंग स्थापित की।



टाटा स्टील की तरफ से अवार्ड ग्रहण करतीं श्रीमती जया सिंह पांडा।

# तुलसी भवन में दुलर्भ सिक्कों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी आज से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** तुलसी भवन बिसपुर में कॉइन कलेक्टर्स क्लब जमशेदपुर की ओर से 28 वी प्राचीन दुर्लभ सिक्कों की राष्ट्रीय प्रदर्शनी जैमकॉयन- 2023 का आयोजन 6 जनवरी से 8 जनवरी तक करने जा रही है। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा करेंगे। यह जानकारी क्लब के अध्यक्ष एवं टाटा स्टील यूआइएसएल के जनरल मैनेजर विजय प्रकाश सिंह व महासचिव पी बाबूराव ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। साकची स्थित कॉयल म्यूजियम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में क्लब के कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार अग्रवाल व जुस्को की प्रवक्ता सुकन्या दास भी मौजूद थीं। अध्यक्ष एवं टाटा स्टील यूआइएसएल के जनरल मैनेजर विजय प्रकाश सिंह भी मौजूद थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते महासचिव पी बाबू राव। साथ में अध्यक्ष विजय प्रकाश सिंह, कैलाश अग्रवाल, सुकन्या दास व अन्य पदाधिकारीगण।

## करणडीह पंचायत भवन के लिए आवंटित जमीन पर अतिक्रमण गंभीर मामला : विद्युतवरण महतो

- सीओ अमित श्रीवास्तव की चुप्पी के खिलाफ चार दिनों से धरना दे रहे पंचायत प्रतिनिधि
- सांसद पहुंचे धरना स्थल, कहा- डीसी से कहेंगे त्वरित कदम उठायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के उत्तरी करनडीह पंचायत में बनने वाले पंचायत भवन के लिए आवंटित सरकारी जमीन का अतिक्रमण किए जाने के खिलाफ गुरूवार को भी लगातार चौथे दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। धरना स्थल पर जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरण महतो पहुंचे। सांसद के पहुंचते ही धरनास्थल पर बैठे पंचायत प्रतिनिधि सहित स्थानीय ग्रामीण लोगों ने मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र पढ़ने के बाद उन्होंने उपायुक्त से बात कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। उन्होंने इसे जायज बताया। सांसद ने कहा कि मैं खुद उपायुक्त से बात करूंगा। जमशेदपुर सीओ अमित श्रीवास्तव के कार्रवाई नहीं करने पर जब उक्त जमीन पंचायत मंडप के लिए दिया गया फिर कोई दूसरा व्यक्ति इस तरह अवैध कब्जा कैसे कर सकता है।



# तीनों लोकों में माता का धाम मणिद्वीप से सुंदर कुछ नहीं : विजय गुरूजी

- बिष्टुपुर राम मंदिर में पूर्णाहूति एवं भंडारा के साथ देवी भागवत कथा का विश्राम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्रीविद्या शक्ति सर्वस्वम, चेन्नई के तत्वाधान में श्रीमाता ललिताम्बिका राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी की अत्यंत महत्ती कृपा से बिष्टुपुर राम मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत, कथा ज्ञान यज्ञ नौवें दिन गुरूवार को मणिद्वीप निवासीनी पराम्बा की पूर्णार्हुति एवं भंडारा के साथ कथा का विश्राम हुआ। भंडारा के बाद पहले दिन कलश उठाने वाली महिलओं के बीच पवित्र कलश का वितरण किया गया।

इससे पहले आज सुबह 9 बजे से कथा का शुभारंभ हुआ जिसमें पूज्यनीय आचार्य विजय गुरूजी ने गायत्री महिमा, देवी के मणिद्वीप धाम तथा भगवती के मुख्य धाम की कथा का विस्तार से वर्णन किया। ब्रह्मलोक के ऊपर देवी के मुख्य धाम मणिद्वीप का वर्णन करते हुए गुरूजी ने कहा कि जहां भगवती स्वयं विराजमान हैं। जिस प्रकार भगवान शिव का लोक कैलास, विष्णु का वैकुंठ, और गौलोक है, उससे श्रीश्रेष्ठ धाम पराम्बा भगवती का धाम मणिद्वीप है। यह मणिद्वीप तीनों लोकों का छत्रस्वरूप है। तीनों लोकों में इससे सुंदर कुछ भी नहीं है। इसीलिए इसे सर्वलोक कहा गया है। मां भक्तों के कल्याण के लिए सिद्धपीठ विन्ध्याचल में सशरीर विराजित माता विंध्यवासिनी का धाम मणि द्वीप के नाम से विख्यात है। यहां माता अपने तीनों रूप महालक्ष्मी, महाकाली व महासरस्वती के रूपों में तीन कोण पर विराजमान हो कर भक्तों को दर्शन देती हैं।





**गायत्री मंत्र की महिमा महान :** उन्होंने आगे कहा कि गायत्री सभी मंत्रों को शक्ति प्रदान करती हैं। गायत्री मंत्र की महिमा महान है, आत्मसाक्षात्कार के जिज्ञासुओं के लिए यह मंत्र इश्वारिये वरदान है। केवल गायत्री मंत्र ही, बिना समर्थ गुरु के सतत सानिध्य के बिना आत्मसाक्षात्कार करने में समर्थ है। गायत्री मंत्र का जप, शापोद्धार मंत्र करके ही करना चाहिए, अगर शापोद्धार मंत्र नहीं करते हैं तो अपने गुरु का स्मरण कर लें। गुरु अस्मरण कर लेने से विश्वामित्र और वाशिस्था जी के शाप से मुक्त हो जाती है। इसीलिए सभी को रोज गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए।

## एक नजर में

## सिल्ली में विश्व शांति वैदिक महायज्ञ की मेजबानी करेंगे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो

›› 25-26 मोर्च को प्रस्तावित है महायज्ञ सह विहंगम योग समारोह

**जमशेदपुर।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो आगामी 25-26 मार्च को सि ी में विश्व शांति वैदिक महायज्ञ सह विहंगम योग समारोह की मेजबानी करेंगे। इस महायज्ञ में सैकड़ों दंपत्ति एक साथ भाग लेंगे। विहंगम योग संत समाज द्वारा आगामी मार्च महीने में होने वाली कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आज गुरुवार को रांची काके रोड स्थित झारखंड के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो के आवास पर झारखण्ड संत समाज परामर्शक विष्णु कांत खेमका, उत्तरी झारखंड के प्रचार मंत्री नागेश्वर प्रसाद मेहता, उत्तरी झारखंड के अन्न मंत्री रवि गोराई जी, दक्षिणी झारखण्ड के प्रचार मंत्री अखिलेश शर्मा, पच्छिम बंगाल के प्रचारक जी पी सिंह, युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा, चाईबासा संयोजक मनमोहन महतो, रामगढ़ संयोजक भोला अग्रवाल, रांची संयोजक राणा जी, राँची के युवा प्रचारक संजय नायक, टाटा के युवा प्रचारक रौशन पाण्डेय के साथ साथ झारखण्ड के सभी जिलों से पधारे सक्रिय सदस्यों की मौजूदगी में हुए बैठक में आगामी कार्यक्रम को भव्य रूप देने की चर्चा हुई। मौके पर संत समाज द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सुदेश महतो का स्वागत किया गया। साथ ही सुदेश जी द्वारा विहंगम योग संत समाज के कोल्हान प्रभारी नीरज मिश्रा को स्मृति चिह्न मोमेंटो प्रदान किया गया।



विहंगम योग के कोल्हान प्रभारी नीरज मिश्रा को अपने आवास पर स्मृति चिह्न प्रदान करते पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुदेश महतो।

## आनंद मार्ग ने 100 जरूरतमंदों को दिया कंबल



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल जमशेदपुर गदरा आनंद मार्ग जागृति कैंपस में गदरा गांव के अगल-बगल के जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर लगभग 100 जरूरतमंदों के बीच ठंड से बचने के लिए कंबल एवं भोजन का पैकेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मण प्रसाद, अमित कुमार, अरुण सिंह, संजू सिंह, उर्मिला देवी, रामबली सिंह, लाल बिहारी आनंद, अशोक प्रसाद, सुनील आनंद, गणेश प्रसाद तथा अन्य लोगों ने भी सहयोग किया। वहीं दूसरी ओर, गदरा आनंद मार्ग जागृति में लगभग 20 मोतियाबिंद के मरीजों का पूर्णिमा नेत्रालय में निशुल्क ऑपरेशन कर निशुल्क लेंस लगाकर दवा एवं चश्मा देकर घर पहुंचा दिया गया, बता दें कि पिछले दिनो इन मरीजों का चयन गदरा आनंद मार्ग जागृति में आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से आयोजित शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन हुआ था।

## पूर्व विधायक सनातन माझी को झामुमो ने किया याद



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला सम्पर्क कार्यालय में जिला समिति की ओर से पोटका विधानसभा क्षेत्र से दो बार का विधायक एवं झारखंड राज्य में जनजातीय परामर्शदात्री समिति का सदस्य स्वार्गीय सनातन माझी का 82 वां जन्म दिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता शेख बदरूद्दीन ने कहा कि माझी सहाब इस राज्य के अग्रणी नेता थे उनके विधायक कार्यकाल में लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कालेज करनडीह, आसानबनी इंटर कॉलेज बनाया। इस कॉलेज में पढ़ कर डॉक्टर, इंजिनियर, बैंकर्स, साइंटिस्ट बने। आज हम-सब को उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए तभी जाकर उनका सपना साकार होगा। जिला बीस सूत्री सह क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार सदस्य प्रमोद लाल ने कहा कि सनातन माझी पार्टी का एक अनुसाशित नेता थे और राज्य की जनता के प्रति हमेशा सकारात्मक सोच रहती थी।इस जन्म जयंती समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता रोड़ेया सोरेन, जिला उपाध्यक्ष अरूण प्रसाद,सागेन पुर्ति,राज लकड़ा,अजय रजक, प्रीतम हेंब्रम, जुगल किशोर मुखी, पिंटू दता, बिनोद डे, गोपाल महतो, मोहम्मद समद, झरना पाल, रवि मुंडा, धीरेन मारडी, उमानाथ झा, पिंटू लाल, गुरमीत सिंह गिल, बाबू कालिंदी प्रबीर कुमार पालित, विष्णु नाग, परवेज आलम, मजदूर नेता शैलेंद्र मैती आदि उपस्थित थे।

## पतंजलि परिवार ने निकाली योग जागरूकता रैली



**जमशेदपुर।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि परिवार, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, वैदिक संस्कृति की निष्काम सेवा, साधना एवं संघर्ष के 28 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय स्थापना दिवस समारोह टेल्को रीक्रिएशन क्लब में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया तथा योग रैली निकाली गई। घर-घर में योग का प्रचार प्रसार हो इसके लिए नारा लगाते हुए पतंजलि के योग साधक साधिकाओं ने लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ मनीष डूडिया, विशिष्ट अतिथि पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार, पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ योग शिक्षिका आरती सिन्हा, टेल्को रीक्रिएशन क्लब की योग शिक्षिका नमिता साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ मनीष डूडिया ने कहा कि योग- आयुर्वेद, स्वास्थ्य और समृद्धि की संजीवनी है। भारत स्वाभिमान न्यास और पतंजलि परिवार ने सभी के लिए निशुल्क योग सेवा का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति पूर्वी सिंहभूम के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार ने योग सेवा को उत्कृष्ट सेवा बताते हुए इसे और अधिक शक्ति के साथ प्रसारित करने पर बल दिया। पतंजलि युवा भारत के नरेंद्र कुमार ने युवाओं को इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

## स्पीड न्यूज

### पलामू के अधिवक्ता दो दिन न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे : रामदेव यादव



**मेदिनीनगर।** कोर्ट फीस बढ़ोतरी वापस लेने की मंग को लेकर एवं अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने व अन्य मांगों को लेकर झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ के सभी अधिवक्ता शुक्रवार व शनिवार को न्यायिक कार्य से अपने को अलग रखेंगे। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव ने कही। उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट बार काउसिल रांची के निर्देशानुसार न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय लिया गया है इस संबंध में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व एक्सकुटिव कोर्ट के पदाधिकारियों को उक्त आशय की सूचना भेज दी गयी है छः एवं सात जनवरी को सभी अधिवक्ता न्यायीक कार्य से अपने आप को अलग रहेंगे। उन्होंने पत्र भेजकर आग्रह किया है कि इस दौरान पीड़क कार्रवाई नहीं की जाये। जिले के अधिवक्ता सिविल कोर्ट, एक्सकुटिव कोर्ट, रेवेन्यू कोर्ट आदि में न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे। साथ ही प्रत्येक दिन काउंटर पर बिक्री किया जाने वाला फॉर्म काउंटर भी बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि आठ जनवरी को रांची में बैठक है। आगे की रणनीति पर विचार किया जायेगा।

### नौडीहा बाजार के निवर्तमान थाना प्रभारी रंजीत यादव को दी गयी विदाई



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार थाना परिसर में गुरूवार को बिदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में निर्वतमान थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव को विदाई दी गई और नव पदस्थापित थाना प्रभारी श्री अमन का स्वागत किया गया। मौके पर गणमान्य और ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर निर्वतमान थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने कहा कि नौडीहा बाजार वासियों का मुझे प्यार और स्नेह मिला है उसे मै सदैव याद रखूँगा। सरकारी सेवा में स्थानांतरण और पदस्थापित प्रक्रिया नियमित चलता रहता है। जो सरकारी सेवा में आया है उसे निश्चित अवधि के बाद जाना तय है। उपस्थित लोगों ने थाना प्रभारी के कार्यों की सहरानीय की और उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। नव पदस्थापित थाना प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि पूरे नौडीहा बाजार वासियों के सहयोग से बेहतर से बेहतर पुलिसिंग सेवा दूंगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, जिप सदस्य सीता राम, पूर्व प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया जितेंद्र भारती, जितेंद्र पासवान, धनंजय गुप्ता, रामबली पासवान, पूर्व मुखिया प्रत्याशी सह युवा मोर्चा के अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनोज भुइयां, पंसस शत्रुध्न साव, विजय सिंह के अलाव अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बजरंग दल का जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से : जिला संयोजक




**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन छह जनवरी से संस्कृत महाविद्यालय के परिसर में आयोजित किया गया है। इसकी बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप दास ने प्रेस वार्ता में दिया। उन्होंने कहा कि संस्कार सप्ताह के तहत यह कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। कबड्डी आज विलुप्त होते जा रहा है। जिसे बढ़ावा देने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने इस प्रकार के खेल का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक दस टीम का प्रवेश नि:शुल्क हो चुका है। इस खेल का समापन 12 जनवरी को किया जाएगा। समापन के अवसर पर बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक ठाकुर, विहिप के विभाग संयोजक शिव प्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, जिला मंत्री दामोदर मिश्रा समेत अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। मैच का सेमी फाइनल 9 जनवरी को कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजरंग दल संस्कार सप्ताह के तहत गांव में छुपे प्रतिभा को उजागर करने का काम कर रही है। खेल का आनंद लेने के लिए सनातनी धर्म प्रेमी सज्जनों से निवेदन किया है कि वे संस्कृत महाविद्यालय परिसर में पधार कर खिलाड़ियों का हौसला बुलंद करें। प्रेस वार्ता में जिला मठ मंदिर प्रमुख संजय प्रजापति, नगर संयोजक विवेक चौबे, कुंदन सिंह, अमित तिवारी, धीरज गुप्ता, सौरभ कुमार कर्ण, रंजन कुमार वर्मा, संजीव चंद्रवंशी, उमेश साहू व अन्य मौजूद थे।

### मासूम आर्ट के कलाकारों ने बेतला में किया कंबल और वस्त्र का वितरण



**मेदिनीनगर।** मासूम आर्ट ग्रुप ने बेतला नेशनल पार्क के समीप कंबल वितरण किया। स्व प्रभात रंजन मुखर्जी स्मृति वस्त्र वितरण के द्वितीय चरण के तहत ये कार्यक्रम हुए। ज्ञात हो कि मासूम आर्ट ग्रुप पिछले नौ वर्षों से लगातार ठंड के समय पीटीआर के सुदूर ग्रामीण इलाके में जरूरतमंदों के बीच वस्त्र बांटता है। गुरुवार को बेतला के भुइयां टोली के जरूरतमंदों के बीच कंबल और पुराने कपड़े बांटें गये। वरीय रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती ने कहा कि कलाकार सिर्फ कला तक ही सीमित नहीं बल्कि अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जरूरतमंदों को राहत भी पहुंचाती है। मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकार जन सहयोग से ये कार्य कर रहे हैं। वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तीसरे चरण के तहत शुक्रवार को पीटीआर के सुदूर गांवों में कार्यक्रम किया जायेगा। दूसरे और तीसरे चरण के कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजेश कुमार, मोहन केडिया, बबलू चावला, अरविंद अग्रवाल, देवाशीष सेनगुप्ता, आभा मुखर्जी, सजल चक्रवर्ती, रोहित जैन, अर्चना प्रिया का सहयोग रहा। मौके पर मासूम के सचिव सैकत चटर्जी, रंगकर्मी अमर भांजा, उज्ज्वल सिन्हा, बेतला के मोहम्मद मुश्ताक, फैयाज अंसारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# अनुकंपा समिति की बैठक, 22 मामलों में कुल 10 आवेदकों को नौकरी देने का निर्णय

›› उपायुक्त ने की अनुकंपा समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




अनुकंपा समिति की बैठक में उपस्थित उपायुक्त, अपर समाहर्ता व अन्य।

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने गुरुवार को अनुकंपा समिति की बैठक समाहरणालय के सभागार में आयोजित की। बैठक में कुल 10 आवेदकों को नौकरी देने का निर्णय लिया गया। जिसमें सामान्य अनुकंपा के 8 मामले थे जबकि चौकीदारी के दो मामले शामिल थे।

बताते चलें कि बैठक में कुल 22 मामलों की समीक्षा की गयी जिसमें सामान्य अनुकंपा के 20 मामलों की समीक्षा की गयी। वहीं चौकीदारी के दो मामलों की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने एक-एक कर सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# ओबीसी को आरक्षण नहीं मिला तो 17 को उपायुक्त के समक्ष करेंगे प्रदर्शन : अजीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ओबीसी आरक्षण बचाओ मोर्चा पलामू ने प्रेस वार्ता माटी कला बोर्ड के कार्यालय में किया। मौके पर अजीत तिवारी ने कहा कि झारखंड राज्य में ओबीसी की स्थिति बद से बतर होती जा रही है आजादी के बाद से जो भी सत्ता में रहे इस समाज को ठगने व बरगलाने का काम किया है। राष्ट्रीय स्तर पर हमारी आवादी 52%है। झारखंड राज्य में 54 प्रतिशत पिछड़ा आबादी हैं। पलामू मे 63 प्रतिशत आबादी हंसिया पर है। झारखंड राज्य के स्थापना के समय ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण था। राज्य बनने के बाद घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।



**खास बातें :** चुनाव के समय सभी दल ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा कि हम आबादी के अनुपात में आरक्षण देंगे। मगर हुआ ढाक के तीन पात। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में करीब 10 हजार ओबीसी प्रतिनिधि की हकमारी हुई। वर्तमान सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी अब तक जनगणना नहीं कराना सरकार के मंसूबे को विफल साबित करता है। नगर निकाय चुनाव में सरकार ने ओबीसी आरक्षण के बगैर चुनाव कराने का निर्णय लेना अति दुर्भाग्यपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर हुई है। सरकार को नोटिस मिला है। मोर्चा 17 जनवरी को उपायुक्त पलामू के समक्ष एकदिवसीय महाधरना प्रदर्शन में ओबीसी समुदाय के हजारों लोग शामिल होंगे। प्रेस वार्ता में डॉ रवि पाल, सतीश कुमार अजीत मेहता, संजय यादव, राम नाथ चन्द्रवंशी, ललन प्रजापति, टाईगर कुमार, रोशन कुमार, कलिम अंसारी, सुनिल साव, ओम प्रकाश साव, रिंकू मेहता, अविनाश मेहता, रविरंजन मेहता, बिरेन्द्र मेहता आदि दर्जनों नेता शामिल थे।

# जल्द ठीक हो जायेगी विश्रामपुर कस्तूरबा की टूटी चहारदीवारी


■ अगले निरीक्षण में गड़बड़ियां मिली तो नापेंगे कस्तूरबा के सभी स्टाफ : डीईओ

■ विश्रामपुर कस्तूरबा के निरीक्षण के दौरान डीईओ ने सभी कर्मियों को कार्यशैली में सुधार का दिया सख्त निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी गुरुवार को विश्रामपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर वार्डेन सहित अन्य शिक्षिकाओं एवं कर्मियों को अपनी कार्यशैली में सुधार करने का सख्त निर्देश दिया है।





कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के कार्यालय में बैठ जानकारी लेते पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी व विद्यालय परिसर का भ्रमण कर व्यवस्था की जानकारी लेते जिला शिक्षा पदाधिकारी व अन्य।

**पढ़ाई सहित पूरी व्यवस्था में सुधार की हिदायत :** उन्होंने दो टूक लहजे में स्पष्ट तौर पर सभी को कहा कि पढ़ाई सहित पूरी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो अगली बार निरीक्षण में सभी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वार्डेन उषा कुमारी से दूरभाष के माध्यम से सभी छात्राओं को अविलंब स्कूल पहुंचने की सूचना देने की हिदायत दिया ताकि छुट्टी के बाद सभी छात्राएं स्कूल पहुंच सकें। डीईओ ने विद्यालय की व्यवस्था पर काफी नाराजगी प्रकट किया। उन्होंने पूरी व्यवस्था में तब्दीली लाने का निर्देश वार्डेन एवं लेखापाल को दिया। डीईओ श्री चौधरी ने वार्डेन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगले बार निरीक्षण के दौरान अगर गड़बडियं मिली तो पद से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्राओं कि पढाई में किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं किया जाएगा। अपनी बच्ची समझ उन्हें तालीम देने की जरूरत है। अंशकालिक शिक्षिकाओं के बढ़े मानदेय पर भी उन्होंने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान वहां के पांच अंशकालिक शिक्षिकाएं डीईओ से बढ़े मानदेय की भुगतान कराने का अनुरोध किया था। निरीक्षण के दौरान वार्डन उषा कुमारी, लेखापाल अमित श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# उपायुक्त के नेतृत्व में सेंट्रल जेल में की गयी छापामारी

›› आपत्तिजनक कोई भी सामान नहीं हो सका बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त डोडे के नेतृत्व में पलामू सेंट्रल जेल में गुरुवार को दोपहर बाद छापेमारी की गई। जो लगभग दो घन्टे तक चली। जेल के सभी सेल,वार्डो की सघन तलाशी ली गई। जेल की विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा से संबंधित कई पहलुओं पर भी जानकारी प्राप्त किया गया। जेल में बंद कैदियों की स्थिति की भी जानकारी ली। छापेमारी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि यह एक रूटीन प्रक्रिया के तहत छापेमारी की गई है। ताकि विधि व्यवस्था का संधारण सामान्य रूप से संचालित हो सके। छापेमारी के दौरान पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, सदर एसडीपीओ सह आईपीएस ऋषभ गर्ग, प्रशिक्षु आईएएस, सदर एसडीओ, मजिस्ट्रेट के अलावे कई पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 प्रकाशित



**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत गुरुवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है जिसका अवलोकन आम लोग कर सकते हैं। विदित हो कि आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में दिनांक 9 नवंबर 2022 को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 8 दिसंबर 2022 तक दावा/आपत्ति संबंधी प्रपत्र प्राप्त करने की कार्रवाई सभी मतदान केंद्रों एवं निर्धारित कार्यालयों में की गयी थी। उक्त दावा/ आपत्ति संबंधी प्रपत्रों का संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से निष्पादन के उपरांत अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची का प्रकाशन करने की कार्रवाई पूर्ण कर ली गयी है। प्रारूप प्रकाशन तिथि दिनांक 9 नवंबर 2022 को मतदाताओं की संख्या 1576572 थी, जो अब बढ़कर 1622627 हो चुकी है। उक्त अवधि में आयोग से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित करने की कार्रवाई की गयी है।

### सीएसपी में हर हाल में लगायें सीसीटीवी : गौतम



**मेदिनीनगर।** सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को थाना परिसर में सीएसपी संचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक में सदर थाना प्रभारी ने सीएसपी संचालकों को निर्देश दिया कि अपने सीएसपी केंद्र में हर हाल में सीसीटीबी कैमरा लगायें ताकि गतिविधियों की जानकारी मिल सके। आये दिन सीएसपी में लूटपाट की घटना हो रही है। इसे लेकर सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सीएसपी संचालक बैंक जाते समय अपने साथ कुछ ल्रोगों को लेकर जायें। संदेह होने पर थाना को हर हाल में सूचित करें। सतर्कता नहीं बरतने के कारण सीएसपी में लूट होती है। कैमरा लगाने से लूट करने वाले लोगों की पहचान हो जायेगी। सदर थाना पुलिस सीएसपी संचालकों के साथ है। बैठक में सदर थाना के एसआई रामतबक्या, एसआई धीरेंद्र कुमार सिंह, खनवा के सीएसपी संचालक जुबैर अहमद, कौड़िया के सदाम हुसैन समेत कई सीएसपी संचालक मौजूद थे।

### यातायात सुरक्षा हेतु पुलिस ने यमराज को उतारा



**हरिहरगंज पलामू।** यातायात सुरक्षा नियम पालन कराने को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए हरिहरगंज थाना की पुलिस ने यमराज का प्रतिरूप बन कर शहर में जागरूकता अभियान चलाया। एनएच 98 पर आने जाने वाले बाइक चालकों को हेलमेट लगाने तथा नशा पान नहीं करने की हिदायत दी। इसमें यमराज के रूप में लोगों को बताया गया कि अगर सड़क सुरक्षा की पालन नहीं करेंगे तो वैसे लोगों को यमराज ले जायेंगे। यह अभियान एनएच 98 पर थाना से लेकर बाजार मोड़, कॉलेज मोड़ सहित कई स्थानों पर चलाया गया। अभियान में थाना प्रभारी सुदामा कुमार कुमार दास, एसआई प्रकाश कुमार, एएसआई विक्रम सिंह, संजय कुमार सिंह सहित कई पुलिस बल शामिल थी। वहीं युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने यमराज का अभिनय के लिए एएसआई विक्रम सिंह को मेडल देकर सम्मानित किया।

# नेत्रहीन होने के बावजूद प्रेरणास्रोत है हुसैनाबाद का लाल

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** नेत्रहीन होने पर दुनिया में बहुत से लोग अपनी जिंदगी से हार मान लेता है। लेकिन हुसैनाबाद के लाल ने देश की राजधानी दिल्ली में जेएनयू जैसे विश्वविद्यालय में ब्रेन लिपि भाषा अंग्रेजी विभाग पीजी कर क्षेत्र का ही नहीं बल्कि पलामू के प्रेरणास्रोत बन गये हैं। 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस मनाया जाता है। तब **खबर मन्त्र** संवाददाता से बात करते हुए मुन्ना ने बताया कि मैं अभी जेएनयू से पीजी की डिग्री ले रहा हूं। आगे केंद्रीय शिक्षक की तैयारी जारी है। जानकारी के अनुसार मुन्ना कुमार सिंह, शहर के वार्ड 1 शिवपुरी मुहल्ला के सुदर्शन सिंह के पुत्र हैं।

मुन्ना ने बताया कि चौथी-पांचवीं कक्षा की पढ़ाई के दौरान ही उसकी आंखों की रोशनी चली गयी थी। उन्होंने अपनी जिंदगी से निराश होकर पढ़ाई से मुंह मोड़ लिया था, परंतु ईश्वर के रूप में मुझे बीआरसी के विनोद से मुलाकात हुई। जिन्होंने मुझे पुनः अंधे से शिक्षा की प्रकाश को बताया और मैं उन्हीं की प्रेरणा से ब्रेन लिपि में अध्ययन करने लगा और विनोद सर ने मुझे पढ़ाया।

**शहर के शिवपुरी मुहल्ला के निवासी हैं मुन्ना सिंह**



इसके बाद सरस्वती विद्या मंदिर जपला से मैट्रिक और शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज से इंटमीडिएट की शिक्षा ली। इसके बाद बीए एवं बीएड की डिग्री बीएचयू बनारस उत्तर प्रदेश से किया। इसके बाद अभी पीजी दिल्ली जेएनयू में दृष्टि बाधित अंग्रेजी विभाग से कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि जेएनयू जैसे विश्व विद्यालय में पढ़ने के लिए ऑल ओवर इंडिया में दिव्यांगता कोटा में दूसरा स्थान और दृष्टिहीन में देश भर में प्रथम आस्थान आया है। अभी प्रथम वर्ष की परीक्षा देंगे। मेरा आगे केंद्रीय शिक्षक बनने का सपना है। बता दें कि विश्व ब्रेल दिवस 4 जनवरी को लुइस ब्रेल की याद में मनाया जाता है। फ्रांस में रहने वाले लुइस ब्रेल दृष्टिहीन होते हुए भी दृष्टिहीनों को पढ़ने-लिखने योग्य बनाया। उन्होंने मात्र 15 वर्ष की आयु में दृष्टिहीनों के लिए एक अलग लिपि का विकास किया जिसे ब्रेल लिपि का नाम दिया गया।

**नेत्रहीन छात्रों को शिक्षा देना हर्ष की बात : बिनोद प्रसाद**

**नेत्रहीन छात्रों को शिक्षा देना हर्ष की बात : बिनोद प्रसाद**



मुन्ना के आदर्श बने बीआरसी हुसैनाबाद में कार्यरत विनोद प्रसाद हैं। ये बताते हैं कि हमारी बहाली ही शिक्षा विभाग में ऐसे छात्रों को शिक्षा देने के लिए हुई है। मुझे इस बात से बहुत खुशी है कि हमारा एक प्रयास आज पलामू जिला के लिए आंखों की रौशनी बन गया है।

# बच्चों का निवाला छीन रहे हैं अधिकारी : संग्राम सिंह

**मनीष दुबे**

■ एमडीएम का चावल नहीं मिलने से पाटन के सौ स्कूलों में मध्याह्न भोजन बंद



**पाटन पलामू।** गोदाम से एमडीएम का चावल नहीं मिलने पर पाटन प्रखंड के करीब 100 स्कूलों में मध्याह्न भोजन बंद है। इससे बच्चों की उपस्थिति में भी कमी आयी है। फिलहाल ठंड में स्कूल बंद है लेकिन बच्चे स्कूल से दूर ही रहते हैं। सरकार बच्चों को स्कूल लाने के लिए कई सुविधाएं दे रही है लेकिन सुविधा नहीं मिलने से वे शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं। इस लेकर जिप सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने कहा कि जिला शिक्षा अधीक्षक चावल आपूर्ति का आवंटन दे चुके हैं। अक्टूबर, नवंबर दिसंबर का 1253 किग्रा चावल दिया जाना था जो अभी तक करीब 750 क्विंटल ही मिला है। पाटन बीइओ और बीआरसी का कहना है कि चावल गोदाम में है फिर स्कूल को क्यों नहीं दिया जा रहा है।

### अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे : महासचिव

**मेदिनीनगर।** कोर्ट फीस वृद्धि वापस लेने, अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने व अन्य मांगों को लेकर झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ के सभी अधिवक्ता शुक्रवार से काउंसिल के अगले आदेश तक न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे। जानकारी पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध सिन्हा ने दी। झारखंड स्टेट बार काउंसिल रांची के निर्देश पर न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय लिया गया है। पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व एक्सकुटिव कोर्ट के पदाधिकारियों को सूचना भेज दी गई है।

# जिप सदस्य संग्राम सिंह का आरोप मनगढ़ंत है: अध्यक्ष

■ डीएसई को आवेदन देकर की पहल करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के उमवि सदपुर में कोरोना काल में बच्चों के बीच पैसा वितरण मामले में सदपुर विद्यालय के अध्यक्ष क्यूम अंसारी ने जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन देकर पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह द्वारा लगाये गये आरोप को बेबुनियाद व मनगढ़त करार दिया है। आवेदन में कहा गया कि मेरे उपर आरोप लगाया गया कि कोरोना काल का पैसा में अनियमितता की गई है। स्कूल के अध्यक्ष व संयोजिका पति पत्नी हैं। अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना काल का कोई राशि में अनियमितता नहीं बरती गयी है। एक बार में 87210 रुपये व दूसरे बार एक लाख कुल 187210 रुपये का वितरण जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों को उपस्थिति में किया गया है। विद्यालय से हटाने का कुत्सित प्रयास गलत है। कहा कि न्यायालय में जिप सदस्य संग्राम सिंह व बीइइओ समेत डीएसई के खिलाफ याचिका दायर किया जायेगा।

# चेरो शासक राजा मेदिनी राय हैं पलामू के समृद्ध इतिहास का प्रतीक : राजन सिन्हा

➲ सरजा और सरनावा ने अपने-अपने मैच जीते

■ वाईजेके ने किया राजा मेदिनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा जागृति केंद्र की चैनपुर प्रखंड समिति ने राजा मेदिनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट चैनपुर प्रखंड के बहेरा कला स्थित नर्सरी ग्राउंड में कराया। टूर्नामेंट का उद्घाटन युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चैनपुर बीडीओ गिरवर मिंज थे। कार्यक्रम का संचालन सोनू गुप्ता ने किया।





**खास बातें :** राजन सिन्हा ने कहा पलामू के गौरवमयी इतिहास के स्मरण एवं उसे समृद्ध करने की जरूरत है। महान चेरो शासक राजा मेदिनी राय पलामू के समृद्ध इतिहास के प्रतीक हैं तथा उनका व्यक्तित्व युवाओं के लिए अनुसरण योग्य है। बिना स्वयं के इतिहास को जाने भविष्य निर्माण नहीं हो सकता। साथ ही क्षेत्र में युवाओं के बीच खेल की भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होना भी अत्यंत आवश्यक है। बीडीओ गिरवर मिंज ने कहा कि युवा जागृति केंद्र चैनपुर प्रखंड समिति द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट बेहतर प्रयास है। इससे क्षेत्र के युवाओं मे अनुशासन व संघर्ष का संचार होगा। मौके पर केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह उर्फ गुड्डन जी ने बताया की टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं तथा चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की टीमों टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। उद्घाटन मैच जयनगरा एवं सरजा के बीच खेला गया, जिसमें सरजा की टीम 1 गोल से विजयी रही। जयराम सिंह मैन ऑफ द मैच रहे। द्वितीय मैच सरनावा एवं बरांव के बीच खेला गया, जिसमें सरनावा की टीम 3 गोल से विजयी रही। पप्पू सिंह मैन ऑफ द मैच रहे। कार्यक्रम में सलतुआ मुखिया, सेमरा मुखिया वसंत जी, युवा जागृति केंद्र जिला सचिव अमित रंजन, छोटू तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, संतोष गुप्ता, बिट्टू पासवान, राहुल पासवान, शैलेंद्र सिंह, आस मोहम्मद अंसारी, अली अंसारी, अनुज गुप्ता, संतोष उरांव, संदीप उरांव, प्रधान प्रसाद, संतु सिंह, फेकन राम, बबन सिंह, मुन्ना जी, चौकीदार विश्वास सिंह, श्रवण पासवान, युगल किशोर सिंह, सुनील सिंह, दिलीप प्रसाद , रेफरी अजय सिंह, संतोष उरांव लाइनमैन सूरज सिंह एवं विनय सिंह उपस्थित थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ को करना होगा मजबूत : मुन्ना

➲ यूथ कांग्रेस ने किया बूथ जोड़ो यूथ जोड़ कार्यक्रम को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर / मनातू।** गुरुवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में पलामू जिला यूथ कांग्रेस ने बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो कार्यक्रम की बैठक हुई। मौके पर पलामू जिलाध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा कि आने वाला वक्त युवाओं का है। युवा ही इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। इसके लिए पलामू जिला के सभी युवा साथियों को अपने-अपने बूथ को मजबूत करना होगा। इस कार्यक्रम में सभी प्रखंड अध्यक्षों को दिशा निर्देश दिया गया कि जल्द हर बूथ पर 10 यूथ जोड़ने का कार्य किया जाये।



कार्यक्रम के दौरान यूथ कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता।

**कार्यक्रम की खास बातें :** इस कार्यक्रम से कांग्रेस पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत होगी, जो 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अधिक सीट दिला कर राहुल जी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक रहा है। देश की आवाम राहुल जी को 2024 में आशा भरी निगाहों से देख रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला सचिव सौरभ तिवारी, युवा कांग्रेस जिला महासचिव साकेत आनंद, छतरपुर विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पासवान, विश्रामपुर विधानसभा अध्यक्ष गुलाम नबी, पाकी विधानसभा अध्यक्ष अजीत दुबे, हुसैनाबाद विधानसभा अध्यक्ष साकेत सिंह, आफताब आलम, कामाख्या नारायण यादव, मोहम्मद कैफ, ताराचंद यादव, प्रकाश रंजन शुक्ला सहित दर्जनों युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पूर्व विधायक से हालचाल लेने पहुंचे बिरसा समिति सदस्य



**सिन्दरी।** बिरसा समिति सिन्दरी के संस्थापक पूर्व सिन्दरी विधायक आनंद महतो को निरोगी रहने की कामना के साथ समिति सदस्यों ने उनके आवास पर पहुँचकर गुलदस्ता देकर आशीर्वचन लिया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा क्रांति के प्रेरक के साथ समाज में स्नेह और सद्भाव बनाने में विश्वास रखते थे। हमें भी उनके पदचिन्हों पर चलकर समिति को मजबूत बनाने के लिए आपसी तालमेल बनाए रखना जरूरी है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व पूर्व विधायक कार दुर्घटना में घायल हो गए थे। आशीर्वचन लेने वालों में सुरेश प्रसाद, सहदेव सिंह, पुरन सिंह, सुशील दूबे, महालाल हासदा, बीर सिंह मुण्डा, बिरंची महतो, अमर सिंह, मंगल होरो मौजूद थे।

## मालगाड़ी से कोयला चोरी के दौरान लगा करंट, युवक झुलसा

**झरिया ।** पूर्व मध्य रेलवे के पाथरडीह बाजार रेलवे स्टेशन समीप रेलवे रैक से कोयला चोरी करने के दौरान में आनंद नामक युवक झूलस गया। आनंद कुमार निषाद लोदना बाजार निवासी बताया जाता है। वह हाईटेंशन तार की चपटे में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। गनीमत रही की झटका लगने के कारण वह जमीन पर गिरा और जान बच गई। जिसे देख अन्य कोयला चोरों में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की जानकारी रेल पुलिस व स्थानीय सुदामडीह पुलिस को दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल युवक को 108 एम्बुलेंस से धनबाद एसएनएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## कपूरिया में तेज रफ्तार 407 पलटा, मौके पर चालक की मौत

**महुदा ।** कपूरिया ओपी थाना क्षेत्र के बांधडीह स्थित धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग में देर रात बिसलेरी पानी लोड से भरा 407 मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खेतों में जाकर पलट गया। वहीं इस हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता हैं कि 407 गाड़ी राँची धनबाद कि और जा रही थी। उसी दरमियान ये हादसा हुई। जानकारी के अनुसार बढ़ती ठंड के कारण देर रात काफी कुहासा होती हैं, और वाहन में धुंध होने के कारण ये घटना घटी होंगी।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कोहिनूर मैदान के पास स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने ईवीएम कक्ष, सील किए गए कमरे, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने बताया कि यह एक रूटीन निरीक्षण था। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, भारतीय जनता पार्टी से नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से प्रभाकर कुमार, राष्ट्रीय जनता दल से विक्रम यादव, आजसू से रति लाल महतो, निर्वाचन शाखा से अरुण कुमार धारी, सागर कुमार मौजूद थे।

## नेत्र जांच शिविर में 29 रोगी ऑपरेशन के लिए चयनित

**सिन्दरी ।** लायंस क्लब सिन्दरी की ओर से राँगामाटी स्थित जय माता दी मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्रजाँच सह चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें 132 मरीजों का नेत्रजाँच कर 29 रोगियों में मोतियाबिंद की शिकायत पायी गई है।

# मजदूरों की मांगों को लेकर जीएम से वार्ता

**14 सूत्री मांगों को लेकर विधायक ने की वार्ता**

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बिजली, पानी, नाली, सड़क, बीसीसीएल आवास, मजदूरों की सुरक्षा समेत 14 सूत्री मांगों को लेकर पीवी एरिया के महाप्रबंधक अरुण कुमार, एरिया मैनेजर माणिक गर्ग, एडिशन जीएम आर के शर्मा,एपीएम आशीष मिश्रा से वार्ता किया। वही महाप्रबंधक के साथ विधायक के घंटों वार्ता चलने के बाद पीबी एरिया महाप्रबंधक ने धनबाद विधायक राज सिन्हा को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दी गई 14 सूत्री मांगों पर जल्द विचार किया जाएगा।वही धनबाद विधायक राज सिन्हा ने मीडिया से बाते करते हुए कहा कि पुटकी बलिहारी क्षेत्र में आवास बिजली नाली स्ट्रीट लाइट ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क की गंभीर समस्या उत्पन्न है।साथ ही बीसीसीएल 2 लाख तक का जो भी टेंडर है उसे मैनुअल कराया जाए इन मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें महाप्रबंधक से आश्वासन मिला कि जल्द ही सभी समस्याओं का निदान कर दिया जाएगा।मोके पर भाजपा के बालमुकुंद राम,प्रहलाद सिंह, राजू कुमार सिंह, लव सिंह,संजीव सिन्हा, रामकेश पांडेय, विकाश पासवान, लालबाबू सिंह, राकेश गुप्ता, रामसुजित सिंह, अखलेश सिंह, रामविलाश कुमार, धनंजय सिंह, संजय साव आदि कोयलांचल संवेदक संघ पीबी एरिया के सदस्यगण एवं कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा प्रयोग के विरोध में प्रेस वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** 4जनवरी को मधुबन कोल वाशरी में हो रहे धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेता एवं बाघमारा के पूर्व विधायक जलेश्वर महतो के द्वारा हमारा वर्तमान विधायक के बारे मे आपत्तिजनक भाषा प्रयोग करने के विरोध में गुरुवार को बाघमारा भाजपा के द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बाघमारा मंडल अध्यक्ष बच्चु राय एवं खानुडीह मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो ने संयुक्त रूप से बताया कि पूर्व विधायक जलेश्वर महतो का दिमागी संतुलन खो गया है। इसलिए कभी ब्राह्मण समाज के खिलाफ तो कभी भुंइया समाज के खिलाफ तो कभी जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधि के खिलाफ उलुल जुलुल बायानबाजी करते रहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे उम्रदराज लोगों के लिए बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के द्वारा रामराज्य मंदिर बना दिया गया है जलेश्वर महतो वहां जाकर पूजा-पाठ तब ध्यान करें उन्हें सद्बुद्धि प्राप्त होगी। अगर जलेश्वर महतो के द्वारा 14 जनवरी तक सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी जाती है तो भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जगह-जगह जलेश्वर महतो का पुतला दहन का कार्यक्रम कर विरोध प्रकट किया जाएगा।

## खिलाड़ियों के प्रति टुंडी विधायक उदासीन: दीप नारायण सिंह

**गोमो ।** हरिहरपुर में एच पी एल - 8 क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। फाइनल मुकाबला समशाद-11 और पवन -11 के बीच हुई। खेल प्रारंभ होने से पूर्व दोनों टिम के खिलाड़ीयों से श्री सिंह ने परिचय प्राप्त किया।जिसमें समशाद -11 ने 32 रन से जीत हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो खिलाड़ियों के प्रति उदासीन है। अगर टुंडी विधायक खेल के क्षेत्र में युवाओं को सहयोग करते तो निश्चित रूप से टुंडी विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी अपने क्षेत्र का नाम देश और प्रदेश में रौशन करने का काम करते। गांव के खिलाड़ियों को स्थानीय विधायक के द्वारा सहयोग नहीं मिल पाने के कारण अपनी प्रतिभा को अच्छी तरह से निखार नहीं पाते हैं। युवा साथी यूथ फोर्स से जुड़े,अगर आने वाले समय में टुंडी विधानसभा क्षेत्र से यूथ फोर्स जीतेगी तो खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करेगी। मौके पर हीरामन नायक, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, यूथ फोर्स के वरिष्ठ नेता सुजीत ठाकुर, इरफान अंसारी, शमशाद अंसारी, एहसान अंसारी, इरसाद अंसारी, समीर अंसारी आदि मौजूद थे।

## टासरा के ग्रामीणों ने प्रशासन से की जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनिश्चितकालीन चक्का जाम में थे शामिल**

अनिश्चितकालीन चक्का जाम में शामिल ग्रामीणों में गर्जन सिंह, सोनू सिंह, गोवर्धन मंडल, देवेन मंडल, अनिल सिंह, दशरथ ठाकुर, कारु महतो, चमकलाल सिंह, मिहिर मंडल, कर्णेश सिंह, सहदेव मंडल, संतोष सिंह, छोटू सिंह, बिरेन मंडल, राहुल धीवर, सूरज दूबे, सावित्री पाण्डेय सहित सैंकड़ों ग्रामीण तीसरे दिन भी डटे रहे।

**सिन्दरी ।** सेल टासरा प्रोजेक्ट का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को तीसरे दिन जारी अनिश्चितकालीन चक्का जाम के दौरान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से माँग की है कि प्रोजेक्ट के आसपास के घरों व भूमि की स्थिति की जाँच किया जाए। उनकी भूमि को एकमुश्त अधिग्रहण कर सेल प्रबंधन विस्थापित कर पुनर्वास की व्यवस्था करे। ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण ढंग से तीसरे दिन भी टासरा प्रोजेक्ट में चल रहे अनिश्चितकालीन चक्का जाम जारी रखा। उन्होंने बताया कि सेल प्रबंधन द्वारा कोयला खनन के लिए किए जा रहे ब्लास्टिंग से आसपास के घरों में दरार पड़ गई है। ग्रामीण भय की जिंदगी जी रहे हैं। आए दिन हो रहे भूधँसान से ग्रामीण रातों में जागकर जीने को मजबूर हैं। उन्होंने जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों से माँग की है कि वस्तुस्थिति की जाँच कर ग्रामीणों को इंसाफ दिलाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि रैयतों की 224 एकड़ भूमि सेल प्रबंधन एकमुश्त अधिग्रहण करे और रैयतों को विस्थापित कर पुनर्वास की व्यवस्था करे। इससे झरिया जैसी त्रासदी से बचा जा सकता है।

## रेलवे जीएम से मिले कांग्रेस मेंस शाखा सचिव

**कर्मचारियों की समस्याओं पर की चर्चा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**महुदा ।** दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस, महुदा- भागा शाखा के शाखा सचिव संजय कुमार ने दक्षिण पूर्व रेलवे के जेनरल मैनेजर से जोनल कार्यलय कोलकाता में मिलकर उनको फूलों का गुलदस्ता भेंट कर नव-वर्ष की शुभकामनाएं दी। कल दक्षिण पूर्व रेलवे के जोनल कार्यलय जो कोलकाता के गार्डनरिच में स्थित है, दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल संयोजक श्री रवि चटर्जी अपने आद्रा डिविजन के ब्रांच सेक्रेट्री संजय कुमार, महुदा-भागा , श्री देवदास चटराज, आद्रा ब्रांच -॥, अचिंत्य कर्मकार, पुरुलिया ब्रांच, गोरखनाथ यादव, गार्डेनरीच ब्रांच और अपने यूनियन के अन्य पदाधिकारिओ के साथ जोनल कार्यलय कोलकाता में जा कर जेनरल मैनेजर, (पी.सी.पी.ओ) प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर, प्रिंसिपल चीफ मेडिकल डॉयरेक्टर और सभी पी.एच.ओ.डी. के साथ मिलकर उनको फूलों का गुलदस्ता और मिठाईयां भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। मौके पर जेनरल मैनेजर एस. ई. रेलवे श्रीमती अर्चना जोशी के साथ द.पु.रेलवे मेंस कांग्रेस के पदाधिकारी गण रहे मौजूद।

## वेतन समझौते में सम्मानजनक सहमति होने पर मजदूरों में हर्ष

**धनबाद।** भारतीय मजदूर संघ के वरीय पदाधिकारी के. लक्ष्मां रेड्डी कॉल उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ की अगुवाई एवं सुधीर कुमार घुरडे महामंत्री अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की देखरेख, सुरेंद्र कुमार पाण्डे सह कोल प्रभारी एवं के. पी गुप्ता के दमखम के साथ 19% एमजीबी पर सहमति हुआ। उसके उपरांत जेबीसीसीआई सदस्य के पी. गुप्ता के धनबाद वापसी पर गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर जोरदार ढंग से स्वागत किया गया।धनबाद रेलवे स्टेशन से भारतीय मजदूर संघ के कार्यकताओं का काफिला संघ कार्यालय विश्वकर्मा भवन धनबाद पहुंचा जहां इस ऐतिहासिक जीत पर भगवान विश्वकर्मा भारत माता एवं श्रद्धेऐ दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद के रूप में मिठाइ वितरण कर कार्यकताओं की एक आवश्यक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता बीएमएस जिला अध्यक्ष बलदेव महतो एवं संचालन संघ के महामंत्री रामधारी ने की। जेबीसीसीआई सदस्य पी गुप्ता ने कहा कि 11वा वेतन समझौता कोल प्रभारी के. एल. रेड्डी के कुशल नेतृत्व सहमति प्राप्त हुई।

# श्याम महोत्सव को लेकर निकाली निशान यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा तीन बाण धारी भक्त मंडल चिरकुंडा द्वारा आयोजित श्याम महोत्सव को लेकर गुरुवार को चिरकुंडा एफसीआई गोदाम के समीप से भव्य निशान यात्रा निकाली गई । इस निशान यात्रा में 551 महिलाओं ने अपने हाथों में निशान लेकर पैदल ही बराकर के रास्ते होते हुए नियामतपुर श्री श्याम मंदिर में पहुंची जहां भजन कीर्तन का आयोजन किया गया । चिरकुंडा तीन बाण धारी भक्त मंडली ने बताया कि यह निशान शोभायात्रा जो कि चिरकुंडा से निकाली गई है और सभी भक्तों भक्ति श्रीश्याम की रस में डूबे नजर आ रहे हैं और सभी खाटू के श्याम को आराधना कर रहे हैं ,और शुक्रवार की संध्या भव्य भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। सभी भक्तजनों से आग्रह किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर श्री श्याम के दरबार में हाजिरी अवश्य लगाएं खाटू नरेश सबो की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती है और प्रत्येक वर्ष चिरकुंडा तीन बाण धारी द्वारा भव्य आयोजन किया जाता है। जिसे लेकर क्षेत्र के सभी भक्तों का भरपूर सहयोग रहता है। श्याम महोत्सव सह श्याम बाबा का कीतर्न 6 जनवरी की भजन कीर्तन तीन बाण धारी भक्त मंडल चिरकुंडा के द्वारा सोनारडंगाल स्थित प्रकृति फार्म हाउस( पुराना एफसीआई गोदाम ) में श्री श्याम बाबा का कीर्तन कार्यक्रम 6 जनवरी को जयपुर से आए भजन गायक आयुष सोमानी द्वारा भजन गाकर श्रद्धालुओं को झुमाएगें। सभी श्याम भक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनायें।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर अनिल शर्मा, संजय शर्मा,बुद्धराम शर्मा,टिंकू गडिया,किट्टू सिंह, सुनील हड्डा,उज्वल रूंगटा, धनंजय शर्मा,सुशील गढ़याण,आशा शर्मा,मंजु अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, अनिता देवी, अनिता शर्मा, सीमा अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल,संदीप जिंदल,रोहित गढ़याण, आदर्श खरकिया, अनमोल शर्मा, विपुल शर्मा, अमित खरकिया, संजय केजरीवाल, जितेंद्र शर्मा, सज्जन अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पवन डोरवाल, बिभूति सिंह, सुदेश सिंह,देबू अग्रवाल राम अवतार अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## पिकअप वैन में लदा अवैध कोयला जब्त

**झरिया।** थाना क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार चरम पर ,खानापूर्ति के लिए देर रात झरिया पुलिस ने चांदमारी कोलडंप से अवैध कोयला लदा पिकप भेन किया जप्त । सूत्रों के मुताबिक अवैध कोयले का कारोबार गणेश , रमेश , मेराज व बुधन सिंडिकेट का है । बताया जाता है कि रोज दो से तीन गाड़ी का काम इन लोग करते हैं एसएसपी के लाख मना करने के बावजूद भी अवैध कोयला की छोरी विभिन्न क्षेत्रों में नहीं रुक पा रही है । कुछ ही दिन पहले बलियापुर क्षेत्र में भी छापामारी की गई थी । उसके बाद भी फिर भी आज जगह जगह पर अवैध कोयला की चोरी चल रही है। यहां तक की स्कूटर से भी अवैध कोयला ढोया जा रहा है।

## बोकारो और बेरमो की खबरें

## क्रिकेट टूर्नामेंट में घोसको ने नावाडीह टीम को हराया



**बेरमो/बोकारो थर्मल।** नावाडीह प्रखंड के बरई पंचायत अंतर्गत ग्रहवा बाबा स्टेडियम माखोटांड में युवा स्पोर्टिंग क्लब बरई की ओर से आयोजित बारह दिवसीय 11वां क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ गुरुवार को किया गया । इसका उद्घाटन नावाडीह प्रखंड प्रमुख पूनम देवी ने फीता काटकर की । जिसके बाद प्रमुख पूनम देवीए आजसू डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवीए पूर्व जिप सदस्य टिकैत कुमार महतोए सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवालए मुखिया विजय कुमार रवि ने खिलाड़ियों से परिचय लेने व बल्लेबाजी कर किया । उद्घाटन मैच एलेवन किंग क्लब घोसको बनाम स्टार स्पोर्टिंग क्लब नावाडीह के बीच खेला गया । यहां नावाडीह की टीम आठ विकेट खोकर 77 रन बनाया। जवाबी पारी में नावाडीह की टीम निर्धारित दस ओवर में नौ विकेट खोकर महज 69 रन ही बना सकी।

## मल्टी एक्टिविटी सेंटर बुजुर्गों के लिए मददगार

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी की उपस्थिति में जिले में बुजुर्गों के लिए मल्टी एक्टिविटी सेंटर संचालन हेतु ईएसएल स्टील लिमिटेड और सामर्थ कम्युनिटी फोरम के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू पर सीईओ ईएसएल आशीष गुप्ताए हेड सीएसआर ईआर एंड पीआर ईएसएल आशीष रंजन और निदेशक समर्थ ने हस्ताक्षर किया। उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि मल्टी एक्टिविटी सेंटर जिले के बुजुर्गों के लिए मददगार साबित हो रहा है। चीरा चास स्थित राजेंद्र नगर में वर्ष 2022 से संचालित इस सेंटर में ईएसएल और समर्थ यह सुनिश्चित करेंगे कि पूर्व के भांति बुजुर्गों को परामर्श के साथ स्वास्थ्य की सुविधा भी देता है।

## साक्षरता समिति के गठन के लिए मुखिया ने की बैठक

**महुदा।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत तारगा, काण्ड्रा, व केशरगढ़ पंचायत में पंचायत साक्षरता समिति का गठन के लिये पंचायत सचिवालय में मुखिया पिंकी देवी, रिन्कु देवी, व बबिता देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई । जिसमें प्रखण्ड़ साक्षरता कॉर्डिनेटर भागीरथ सिंह उपस्थित हुए । श्री सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुये, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दिया । कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत के 15 वर्ष से ऊपर उम्र वाले असाक्षरो को चिन्हित कर 8 से10 की संख्या का समूह बनाकर स्वयं सेवक प्रशिक्षित शिक्षक के माध्यम से पढ़ाने लिखाने का कार्य गाँव टोला में केन्द्र बनाकर साक्षर किया जायेगा । बैठक को विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो , मुखिया प्रतिनिधि कैलाश रवानी, पाथरगडिया पंचायत कॉर्डिनेटर बिनोद महतो, शिवाकर महतो ने सम्बोधित किया। अन्त मे पंचायत साक्षरता समिति का गठन किया गया।

**कमेटी का गठन**

तारगा मे अध्यक्ष मुखिया पिंकी देवी , साक्षरता पर्यवेक्षक प्रधानाध्यापक शिशिर मुखर्जी, कॉर्डिनेटर बालिका देवी , साक्षरता कर्मी रितेश कुमार पाठक , काण्ड्र में अध्यक्ष मुखिया रिंकु देवी साक्षरता पर्यवेक्षक प्रधानाध्यापक इरफान हुसैन , कॉर्डिनेटर चण्डी चरण गोस्वामी , साक्षरता कर्मी शिवानी महतो , केशरगढ़ मे अध्यक्ष मुखिया बबीता देवी साक्षरता पर्यवेक्षक प्रधानाध्यापक उदय रजक , कॉर्डिनेटर सुनिता देवी , साक्षरता कर्मी देवन्ति देवी को चयन किया गया

## पेज एक का शेष

### अब पर्यटन क्षेत्र...

राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया जाता है।

**निगरानी समिति बनायी :** केंद्र सरकार ने इसके लिए एक निगरानी समिति भी बनायी। झारखंड सरकार से कहा गया है कि वह इस समिति में शामिल होने के लिए जैन समुदाय से दो सदस्यों और स्थानीय जनजातीय समूह से एक सदस्य को स्थायी सदस्य के रूप में आमंत्रित करे।

**आंदोलन कर रहा था जैन समुदाय :** सम्मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने के खिलाफ पिछले कुछ दिनों से झारखंड समेत देश भर में जैन समुदाय आंदोलन कर रहा है। इसके खिलाफ कई जैन मुनियों ने आमरण अनशन भी शुरू कर दिया था। इसमें जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण भी त्याग दिया था।

**जैनियों का पवित्र तीर्थ है सम्मेद शिखरजी :** सम्मेद शिखरजी जैनियों का पवित्र तीर्थ है। जैन समुदाय से जुड़े लोग सम्मेद शिखरजी के कण-कण को पवित्र मानते हैं। झारखंड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित श्री सम्मेद शिखरजी को पार्श्वनाथ पर्वत भी कहा जाता है। ये जगह लोगों की आस्था से जुड़ी हुई है। बड़ी संख्या में हिंदू भी इसे आस्था का बड़ा केंद्र मानते हैं। जैन समुदाय के लोग सम्मेद शिखरजी के दर्शन करते हैं और 27 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले मंदिरों में पूजा करते हैं। यहां पहुंचने वाले लोग पूजा-पाठ के बाद ही कुछ खाते-पीते हैं।

### 1 जनवरी 2024 ...

**विपक्ष रोज पूछता था, अब मुद्दा हाथ से निकला :** शाह ने कहा कि कांग्रेस के साथ अन्य विपक्षी दल भी राम मंदिर निर्माण की तारीख को लेकर सवाल पूछते थे। चुनावी सभाओं में भी यह सवाल उठाया जाता था। अब अमित शाह के ऐलान के बाद विपक्ष को जवाब के साथ ही उनके हाथ से यह मुद्दा भी निकल गया है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर के मुद्दे को लंबे समय तक कोर्ट में उलझाये रखा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राम मंदिर का निर्माण का रास्ता साफ हो गया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के निर्माण को आगे बढ़ाया।

**सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में सुनाया था फैसला :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से राम मंदिर का निर्माण कार्य जोरशोर से चल रहा है। नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया था। साथ ही मस्जिद के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को 5 एकड़ का एक भूखंड आवंटित करने का निर्देश भी दिया था। शीर्ष अदालत के फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया था। **ऐसा होगा श्रीराम मंदिर :** राम मंदिर के नक्शे के मुताबिक मंदिर में भूतल पर 160 स्तंभ, पहली मंजिल पर 132 स्तंभ और दूसरी मंजिल पर 74 स्तंभ होंगे। इसके अलावा मंदिर में पांच मंडप होंगे। इसके अलावा मंदिर परिसर में एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र, म्यूजियम, रिसर्च सेंटर, ऑडिटोरियम, प्रशासनिक भवन और मैदान में पुजारियों के लिए कमरे होंगे। मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन के मौके पर देश- विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

### अब गांव में ...

**पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का संकल्प :** मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बीच ग्रामीण क्षेत्रों को पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का संकल्प सरकार ने ले रखा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा की हम एक तरफ चांद पर जाने की बात कर रहे हैं, तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी, पिछड़ापन, बेरोजगारी और कुपोषण जैसी कई समस्याएं व्याप्त है। अलग राज्य बने 22 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन, ग्रामीण इलाके आज भी विकास से अछूते हैं। गांव और ग्रामीणों की दशा पर ना तो सरकार की नजरें गयी और न ही उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कोई सार्थक प्रयास हुआ। हमारी सरकार पिछले 3 वर्षों में ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। सर्वजन पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लोगों को आर्थिक सुरक्षा कवच देने का काम हो रहा है।

**ग्रामीणों को आर्थिक रूप से बना रहे स्वावलंबी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सक्षम और स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार प्रयासरत है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी तमाम योजनाएं शुरू की गई हैं । आप इन योजनाओं से जुड़े और दूसरों को जोड़ने के लिए भी जागरूक करें। इससे आप आत्मनिर्भर बनेंगे और ग्रामीण क्षेत्र भी मजबूत होगा। सीएम ने कहा कि जो कृषि के लिए नीति निर्धारण हो रहा है, उसका नतीजा है कि किसान खेती-बाड़ी छोड़कर मजदूरी करने को मजबूर है। हमारी सरकार का संकल्प किसानों को खेतों से जोड़ना है।

**श्रमिकों का पलायन रोकना है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की कोशिश है कि गांव में ही लोगों को रोजगार उपलब्ध करायें ताकि उनका पलायन नहीं हो। इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रम विभाग के पोर्टल पर अपना निबंधन जरूर कराएं। श्रमिकों को उनके स्किल के अनुरूप कार्य उपलब्ध कराया जा रहा है।

**पढ़ाई न छोड़े, सारा खर्च सरकार उठायेगी :** मुख्यमंत्री ने समारोह में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित बच्चियों से कहा कि आप पढ़ाई जरूर करें। किसी भी परिस्थिति में पढ़ाई कभी न छोड़ें। आपकी पढ़ाई के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की है। यदि कोई कोचिंग करेगा तो उसका खर्च सरकार देगी। इतना ही नहीं, मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ जैसे कोर्स की पढ़ाई में जो भी खर्च भी सरकार उठाएगी। विद्यार्थियों के लिए सरकार ने 15 लाख रुपये तक की राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान किया है। स्वरोजगार के लिए भी सरकार ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत आर्थिक सहायता देने की योजना चला रही है।

**परिसंपत्तियों का वितरण, योजनाओं का शिलान्यास :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर यूनिवर्सल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सोना -सोबरन धोती साड़ी योजना और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी कई योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने जेएसएलपीएस की सखी मंडलों को चेक प्रदान किया। सेविका और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र और ग्राम प्रधानों को प्रधानी पट्टा सौंपा। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे-बच्चियों को स्वेटर और गरीबों- जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 61 करोड़ 25 लाख रूपए की योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर राजमहल सांसद विजय हांसदा और जिले के उपायुक्त आरएन यादव और पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### 22 सदस्यीय टीम..

इस दौरे पर दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड दोनों के साथ खेलना हमें वह सब कुछ प्रदान करता है, जो हमें एशियाई खेलों के बारे में सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा, विश्व नंबर 1 नीदरलैंड के खिलाफ खेलने से हमारी कमजोरियों का पता चलेगा और यह भी दिखायेगा कि हम अपने प्रदर्शन और विकास के साथ कहां हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हमें हमारे खेल में सुधार करने का मौका मिलेगा।

**टीम इस प्रकार है :** सविता (कप्तान-गोलकीपर), बिच्छु देवी खारीबाम (गोलकीपर)। डिफेंडर्स : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, गुरजीत कौर। मिडफील्डर : वैष्णवी विट्ठल फाल्के, पी सुशीला चानू, निशा, सलीमा टेटे, मोनिका, नेहा, सोनिका, बलजीत कौर। फारवर्ड : लालरेमसियामी, नवनीत कौर (उपकप्तान), वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, रानी, रीना खोखर और शर्मिला देवी।

### झारखंड को जल्द ...

सूचना के अनुसार इनमें से अजय कुमार सिंह राज्य के नये डीजीपी बन सकते हैं। यूपीएससी ने जिनके नामों पर मुहर लगायी है, उनमें 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय भटनागर वर्तमान में केंद्र में सीबीआइ में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। अजय कुमार सिंह वर्तमान में झारखंड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हैं और उनके पास झारखंड पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डीजी का अतिरिक्त प्रभार है। 1990 बैच के अनिल पाल्टा वर्तमान में डीजी रेल हैं। नये डीजीपी के लिए सबसे आगे 1988 बैच के आइपीएस अधिकारी एसएन प्रधान का नाम था। सूचना है कि उन्होंने निजी कारणों से झारखंड वापस आने से मना कर दिया था। एसएन प्रधान वर्तमान में केंद्र में डीजी एनडीआरएफ हैं। उनके पास डीजी फायर सर्विसेज, सिविल डिफेंस व गृह रक्षा वाहिनी का के डीजी का भी अतिरिक्त प्रभार है। यह भी सूचना है कि उन्हें केंद्र में कोई बड़ा पद मिल सकता है, क्योंकि वे केंद्र में भी डीजी रैंक में इम्पैनल्ड हो चुके हैं। अगले माह 11 फरवरी को झारखंड के वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा सेवानिवृत्त हो हो रहे हैं। उनकी सेवानिवृत्ति से पहले राज्य के नये डीजीपी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली जानी है। महकमे में चर्चा है कि 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह राज्य के नये डीजीपी बन सकते हैं। उन्हें झारखंड पुलिस में महत्वपूर्ण पद मिला हुआ है। वे बेहद शांत स्वभाव के व सुलझे हुए भी हैं तथा विवादों से दूर भी रहे हैं। झारखंड में उन्होंने एडीजी सीआइडी व एडीजी मुख्यालय के रूप में भी अपनी सेवा दी है।

स्पीड न्यूज

## रूसी सेना 6- 7 जनवरी को यूक्रेन पर नहीं करेगी हमला

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने गुरुवार की रात घोषण की है कि उनकी सेना 6 और 7 जनवरी को यूक्रेन पर हमले नहीं करेगी। पुतिन ने यह फैसला रूस के 76 साल के ईसाई धर्मगुरू पेट्रीआर्क किरिल की अपील के बाद किया है। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर हमले के बाद ऐसा पहली बार है, जब रूस ने सीजफायर का एलान किया है। रूस और युक्रेन दोनों देश आर्थोडॉक्स चर्च के अनुसार क्रिसमस मनाते हैं, जो सात जनवरी को पड़ता है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में पेशाब करने का एक और मामला

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया के विमान में शराब पीकर सहयात्री पर पेशाब करने का एक और मामला सामने आया है। न्यूज एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, पेरिस से दिल्ली आ रहे विमान में नशे में धुत एक शख्स ने महिला यात्री के कंबल में पेशाब कर दिया। एयर इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि पुरुष यात्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी, क्योंकि उसने लिखित माफी मांग ली है। ये घटना 6 दिसंबर को हुई थी।

## देश में ओमिक्रोन के 11 सब-वेरिएंट मिले

**नयी दिल्ली।** भारत में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की जांच के दौरान ओमिक्रोन वेरिएंट के 11 सब–वेरिएंट मिले हैं। इन सभी स्वरूप के मामले पहले भी भारत में सामने आ चुके हैं। आधिकारिक सूत्र ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर कुल 19,227 नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसमें 124 यात्री पॉजिटिव पाये गये।

## सत्येंद्र जैन ने दी देख लेने की धमकी

**नयी दिल्ली।** तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने जेल महानिदेशक को एक शिकायत सौंपी है। इस शिकायत में अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता और अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन ने धमकी देते हुए कहा कि जेल से बाहर निकलने के बाद जेल अधिकारियों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## ओडिशा में 5जी सेवा का शुभारंभ

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा राज्य में गुरुवार को 5जी सेवा का शुभारंभ किया। राज्य में कलाहांडी, कंधमाल, मालकानगिरि आदि जिले सहित एक सौ मोबाइल टॉवर का शुभारंभ किया गया। स्थानीय शिक्षा व अनुसंधान विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ओडिशा में 5जी सेवा शुरू होने से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन आयेगा और इसका लाभ राज्य की जनता को मिलेगा।

# उत्तर भारत में शीतलहर बिहार में भी कड़ाके की ठंड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत शीत लहर की चपेट में है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 5 दिनों में कई क्षेत्रों में पारा शून्य से नीचे जाने के आसार हैं। दिल्ली में मौसम का सबसे सर्द दिन गुरुवार रहा। फॉग अलर्ट के साथ-साथ सर्दी का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। उत्तर भारत में घने कोहरे का असर फ्लाइट्स और ट्रेनों पर पड़ा है। बिहार के कई शहर और जिलों में पिछले तीन दिनों से कड़ाके कि ठंड पढ़ रही है। गुरुवार को यहां का तापमान 8 डिग्री पहुंच गया है और अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया है। यहां 26 सालों बाद बुधवार सबसे सर्द दिन रहा। समस्तीपुर जिले में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान में शिमला और श्रीनगर से भी ज्यादा सर्दी रिकॉर्ड हुई। सबसे ठंडा माउंट आबू रहा।



तापमान गिरने के कारण जमने के कगार पर डल झील।

# वाटर विजन @ 2047 अगले 25 वर्षों की अमृत यात्रा का महत्वपूर्ण आयाम : मोदी

## प्रधानमंत्री ने राज्यों के जल संसाधन मंत्रियों के प्रथम सम्मेलन को किया संबोधित

एजेंसी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए जल-जीवन मिशन एक बड़ा डेवलपमेंट पैरामीटर साबित हुआ है। ग्राम पंचायतें जल-जीवन मिशन का नेतृत्व करें। जब किसी अभियान से जनता जुड़ी रहती है, तो उसे उसकी गंभीरता का पता चलता है। आज भारत वाटर सिक्योरिटी पर अभूतपूर्व काम कर रहा है। 'वाटर विजन @ 2047' अगले 25 वर्षों की अमृत यात्रा का महत्वपूर्ण आयाम है।

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को दिल्ली से मप्र की राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय वार्षिक राज्य मंत्रियों का सम्मेलन 'वॉटर विजन @ 2047' को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं अन्य राज्यों के मंत्रीगण मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी संवैधानिक व्यवस्था में पानी का विषय राज्यों के नियंत्रण में आता है। जल संरक्षण के लिए राज्यों के प्रयास देश के सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में बहुत सहायक होंगे। जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में जनता, सामाजिक संगठनों और सिविल सोसायटी को भी ज्यादा से ज्यादा साथ लेना होगा। जब किसी अभियान से जनता जुड़ी रहती है तो उस कार्य की गंभीरता भी पता चलती है। इससे जनता में किसी योजना या अभियान के प्रति सेंस आफ ओनरशिप भी आती है।

उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री और खेती दोनों सेक्टर को ही पानी की कितनी जरूरत होती है। हमें इन दोनों ही सेक्टर्स से जुड़े लोगों में विशेष अभियान चलाकर इन्हें वाटर सिक्योरिटी के प्रति जागरूक करना चाहिए। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सभी राज्यों में तेजी से काम हो रहा है। इसके अंतर्गत पर ड्राप मोर क्राप अभियान की शुरुआत की गयी थी। जल संरक्षण के लिए केंद्र ने अटल भूजल संरक्षण योजना शुरू की है। यह एक संवेदनशील अभियान है और इसे उतनी ही संवेदनशीलता से आगे बढ़ाने की जरूरत है।

मोदी ने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी सर्कुलर एकोनामी की बड़ी भूमिका है। जब ट्रीटेड वाटर को री-यूज किया जाता है, फ्रेस वाटर को कंसर्व किया जाता है, तो उससे पूरे इकोसिस्टम को बहुत लाभ होता है। हमारी कोई भी नदी या जल स्त्रोत बाहरी कारकों से प्रदूषित न हो, इसके लिए हमें हर राज्य में वेस्ट मैनेजमेंट और सीवेज ट्रीटमेंट का नेटवर्क बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जियो मैपिंग और जियो सेंसिंग जैसी तकनीक जल संरक्षण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कई राज्यों ने इसमें अच्छा काम किया है और कई राज्य इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी की सोच को जनता के मन में जगाना है। हम इस दिशा में जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, उतना ही अधिक प्रभाव पैदा होगा। जल संरक्षण के लिए देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बन रहे हैं और अब तक 25,000 अमृत सरोवर बन भी चुके हैं। देश की जल संबंधी समस्याओं पर मंथन करके राज्यों के जल मंत्री भोपाल में दो दिवसीय सम्मेलन में रोडमैप तैयार करने जा रहे हैं। इसमें वाटर विजन @ 2047 पर संवाद होगा। पानी बचाने से जुड़े हर पहलू पर चर्चा होगी।

## भारत के डिजिटल इंडिया विजन को करेंगे साकार : सत्या नडेला



**नयी दिल्ली (हि .स)।** सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) सत्या नडेला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यहां मुलाकात की। नडेला ने ट्वीट कर कहा कि हम भारत के डिजिटल इंडिया विजन को साकार करने और दुनिया के लिए एक रोशनी बनने में उसकी मदद के लिए तैयार हैं। भारतीय मूल के सत्या नडेला इन दिनों भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद नडेला ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन के नेतृत्व में टिकाऊ और समावेशी आर्थिक विकास पर भारत सरकार की गहरी नजर है, जो बेहद प्रेरणादायक है। हम भारत के डिजिटल इंडिया विजन को साकार करने और दुनिया के लिए एक रोशनी बनने में उसकी मदद करने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से उनके ट्वीट को रिट्वीट किया गया। इसमें कहा गया कि प्रौद्योगिकी और नवाचार में भारत की प्रगति तकनीक के नेतृत्व वाले विकास के युग में प्रवेश कर रही है। हमारे युवा ऐसे विचारों से भरे हुए हैं जिनमें ग्रह को बदलने की क्षमता है। नडेला ने आगे कहा कि भारत डिजिटल सेक्टर में बेहतर काम कर रहा है। दुनिया के किसी और देश में डिजिटल को लेकर इतना उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है।

# पाकिस्तान ने चीन से मांगी भारत की खुफिया जानकारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारतीय वायु सेना के सीमावर्ती ठिकानों की खुफिया जानकारी और उनकी सैटेलाइट तस्वीरें हासिल करने के लिए चीन से सहयोग मांगा है। चीन से 22 भारतीय ठिकानों की विस्तृत उपग्रह तस्वीरें मांगी गयी हैं, जिनमें से छह वायु सेना के एयरबेस हैं। यह मांग भौतिकी में एकमात्र पाकिस्तानी नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. अब्दुस सलाम से जुड़े अंतरिक्ष और ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग के माध्यम से की गयी है।

दरअसल, पाकिस्तान जानना चाहता है कि भारतीय वायु सेना सीमावर्ती क्षेत्रों में क्या गतिविधियां कर रही है, इसलिए चीन से भारतीय वायु सेना के कम से कम छह सीमावर्ती ठिकानों की विस्तृत उपग्रह तस्वीरें मांगी गयी हैं। पाकिस्तान ने खुफिया जानकारी के लिए चीन से कुल 22 ठिकानों के बारे में जानकारी मांगी है। पाकिस्तान ने यह जानकारियां अपने स्पेस एंड अपर एटमॉस्फियर रिसर्च कमीशन (एसयूपीएआरसीओ) के जरिये चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) से मांगी हैं। इस आयोग के संस्थापक भौतिकी में एकमात्र पाकिस्तानी नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. अब्दुस सलाम हैं। पाकिस्तान और चीन के इन दोनों संस्थाओं के बीच एक-दूसरे से जानकारियां साझा करने के लिए दस साल का समझौता है।

दोनों संस्थाओं के बीच 2021 में हस्ताक्षरित अंतरिक्ष सहयोग रूपरेखा समझौते के तहत चीन पाकिस्तान को उपग्रह तस्वीरें दे सकता है। पाकिस्तानी आयोग से मांगी गयी जानकारियों में श्रीनगर, आदमपुर, अंबाला, बठिंडा, सिरसा और भुज जैसे उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में सक्रिय भारतीय वायुसेना के ठिकाने हैं। ये सभी भारतीय वायुसेना के पश्चिमी और दक्षिण पश्चिमी कमान का हिस्सा हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में महसूस किये गये भूकंप के झटके

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में गुरुवार को 5.9 तीव्रता के भूकंप के बाद नयी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), पंजाब, जम्मू कश्मीर के क्षेत्रों में रात्रि 07:57 बजे झटके महसूस किये गये हैं। भूकंप के झटके इस्लामाबाद और लाहौर में भी महसूस किये गये हैं। हालांकि, अब तक किसी नुकसान की खबर सामने नहीं आयी है। इससे पहले 1 जनवरी और 12 नवंबर को दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किये गये थे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने ट्वीट किया कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 79 किमी दक्षिण में स्थित था। वहीं, अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किये जाने की जानकारी मिली है। जबकि, पाकिस्तान के इस्लामाबाद और कराची तक में भूकंप के झटके महसूस किये गये।

# भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 16-17 जनवरी को

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक यहां 16-17 जनवरी को होगी और इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दी जा सकती है। साल 2024 के आम चुनावों से पहले वर्ष 2023 में नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। लोकसभा में विजयी हैट्रिक लगाने की उम्मीद कर रही भाजपा ने राज्य चुनावों के लिए अभी से कमर कसनी शुरू कर दी है।

भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में चुनावी योजना और चुनावी सफलता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को संबोधित करेंगे। साथ ही, भाजपा शासित राज्यों से रिपोर्ट कार्ड भी मांगा जायेगा। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक 16 जनवरी को पार्टी मुख्यालय में शुरू होगी, जिसकी अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कर सकते हैं। इस बैठक में भाजपा के महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष व सह अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी भाग लेंगे। बताया जा रहा है कि बैठक का सबसे बड़ा आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समापन भाषण होगा। वह अपने पार्टी सहयोगियों को पार्टी और संगठन को आगे ले जाने और चुनावी सफलता को लेकर अपना मंत्र साझा करेंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के केंद्र में आगामी विधानसभा चुनाव होंगे।

कुछ राज्यों के नेताओं को कार्यकारिणी को संबोधित करने के लिए कहा जा सकता है कि वे आगे के चुनावों की तैयारी कैसे कर रहे हैं। त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय, कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना वे नौ राज्य हैं, जहां 2023 में विधानसभा चुनाव होंगे।

स्पोर्ट्स

### एसीसी ने अगले दो वर्षों के लिए जारी किया कैलेंडर

# एशिया कप 2023 : भारत व पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

**कोलंबो (हि.स.)।** कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान एशिया कप 2023 के लिए एक ही समूह में हैं, गुरुवार को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इसकी पुष्टि की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने गुरुवार को 2023 और 2024 के लिए परिषद के क्रिकेट कैलेंडर की घोषणा की।

शाह ने ट्वीट किया, 2023 और 2024 के एशियन क्रिकेट की पाथवे संरचना और क्रिकेट कैलेंडर को प्रस्तुत करना! यह इस खेल को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे अद्वितीय प्रयासों और जुनून को दर्शाता है। देश भर के क्रिकेटर शानदार प्रदर्शन के लिए कमर कस रहे हैं, यह क्रिकेट के लिए एक अच्छा समय होने का वादा करता है!

**वर्ष 2023 : नये** कैलेंडर के अनुसार, वर्ष 2023 पुरुष चैलेंजर्स कप के साथ शुरू होगा, जो दस टीमों का पचास ओवर का टूर्नामेंट है। इस टूर्नामेंट में 10 टीमें भाग लेंगी, जिनमें से आठ टीमें बहरीन, सऊदी अरब, भूटान, चीन, म्यांमार, मालदीव, थाईलैंड और ईरान हैं। अभी दो टीमों का नाम तय होना बाकी है। पांच-पांच टीमों के दो ग्रुप होंगे। कुल 23 मैच खेले जाएंगे। मार्च में पुरुषों का अंडर-16 क्षेत्रीय टूनामेंट आयोजित किया जायेगा। टूर्नामेंट में क्षेत्रवार आठ टीमें हिस्सा लेंगी। उपरोक्त चैलेंजर्स कप के विजेता और उपविजेता, प्रीमियर कप, 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। यह प्रतियोगिता अप्रैल में खेली जायेगी और इसमें 24 मैच होंगे। दस टीमों को दो ग्रुप में बांटा जायेगा। टूनार्मेंट के लिए पुष्ट की गयी टीमें संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, कुवैत, कतर, ओमान, हांगकांग, सिंगापुर और मलेशिया हैं।

जून में महिला टी-20 इमर्जिंग टीम्स एशिया कप का आयोजन किया जायेएगा। इसमें आठ टीमें होंगी, जिन्हें दो-दो के समूहों में विभाजित किया जायेगा। एक ग्रुप में भारत ए, पाकिस्तान ए, थाईलैंड और हांगकांग होंगे। दूसरे ग्रुप में श्रीलंका ए, बांग्लादेश ए, यूएई, मलेशिया जैसी टीमें होंगी। अगला मुकाबला मेंस इमर्जिंग टीम्स एशिया कप होगा, जो 50 ओवर का टूर्नामेंट है। इस प्रतियोगिता में आठ टीमें होंगी, जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जायेगा। पहले ग्रुप में भारत ए, पाकिस्तान ए, श्रीलंका ए और क्वालीफायर 1 होंगे। दूसरे ग्रुप में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए और क्वालीफायर 2 और 3 होंगे। इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे। अगस्त में, पुरुषों के लिए एल-2 कोचिंग कोर्स और क्यूरेटर वर्कशॉप आयोजित की जायेगी।

एसीसी का मुख्य टूर्नामेंट पुरुष एशिया कप, सितंबर में आयोजित किया जायेगा। इसमें 6 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें दो समूहों में विभाजित किया गया है। भारत, पाकिस्तान और क्वालीफायर 1 (पुरुषों के प्रीमियर कप का विजेता) एक ग्रुप में हैं, जबकि दूसरे में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हैं। टूनार्मेंट में कुल 13 मैच खेले जायेंगे। अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में पुरुष अंडर 19 क्रिकेट के लिए एक-एक टूर्नामेंट आयोजित किया जायेगा। अक्टूबर में अंडर-19 क्रिकेटरों के लिए चैलेंजर्स कप की शुरुआत होगी। टूर्नामेंट में 10 मैच होंगे और इसे पांच-पांच के ग्रुप में बांटा जायेगा। पहले ग्रुप में बहरीन, सऊदी अरब, भूटान, चीन और एक क्वालीफायर होगा। दूसरे ग्रुप में म्यांमार, मालदीव, थाईलैंड, ईरान और क्वालीफायर 2 होगा। पुरुष अंडर-19 प्रीमियर कप नवंबर में होगा, जिसमें दस टीमें हिस्सा लेंगी। पहले ग्रुप में यूएई, कुवैत, नेपाल, कतर और क्वालीफायर 1 होंगे। अगले ग्रुप में ओमान, हांगकांग, सिंगापुर, मलेशिया और क्वालीफायर 2 होगा। दिसंबर में पुरुष एशिया कप अंडर-19 स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता, उपविजेता और प्रीमियर कप से तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम शामिल होगी। इस टूनार्मेंट के लिए पुष्टि की गई टीमें ग्रुप 1 में भारत, पाकिस्तान के साथ दो क्वालीफायर और ग्रुप 2 में बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ एक टीम क्वालीफायर की होगी।

**वर्ष 2024 :** साल 2024 की शुरुआत फरवरी में पुरुष टी-20 चैलेंजर कप और मार्च में महिला टी-20 चैलेंजर कप के साथ होगी। पुरुष टूर्नामेंट में एशियाई क्रिकेट की सहयोगी टीमों की रैंकिंग 14 से 23 तक होगी, जबकि महिला टूनार्मेंट में नौ से 18 रैंक वाली सहयोगी टीमें होंगी। इस टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता क्रमशः अप्रैल और मई में होने वाले पुरुष और महिला टी-20 प्रीमियर कप के लिए क्वालीफाई करेंगे। पुरुष टूर्नामेंट में 10 टीमें होंगी, क्वालीफायर के साथ सभी सहयोगी टीमों की रैंकिंग 6-13 होगी। महिलाओं के टूर्नामेंट में छह टीमें होंगी, जिसमें पांच से आठ रैंक वाली सहयोगी टीमें और दो क्वालीफायर होंगे। अगस्त में, पुरुषों के लिए एल3 कोचिंग कोर्स और क्यूरेटर वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। सितंबर और अक्टूबर में महिला टी-20 एशिया कप और पुरुष अंडर-19 एशिया कप होगा। महिला प्रीमियर कप की शीर्ष दो टीमें टी-20 एशिया कप में शामिल होंगी। इसमें 16 मैच और छह टीमें होंगी, जिन्हें तीन-तीन के दो समूहों में विभाजित किया जायेगा। एक ग्रुप में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश होंगे, जबकि दूसरे में श्रीलंका और दो क्वालीफायर होंगे। अक्टूबर में होने वाले मेंस अंडर-19 एशिया कप में आठ टीमें होंगी। एक ग्रुप में भारत, पाकिस्तान, क्वालीफायर 1 और 2 होंगे और दूसरे ग्रुप में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका और क्वालीफायर 3 होंगे। नवंबर में अंपायरों की कार्यशाला आयोजित की जायेगी। इसके बाद दिसंबर में पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप आयोजित की जायेगी।

### अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के मैच अधिकारी घोषित

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आइसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप 2023 के वार्म-अप और ग्रुप चरण के मैचों के लिए 15 मैच अधिकारियों की घोषणा की है। 15 मैच अधिकारियों में से नौ महिलाएं हैं, यह किसी आइसीसी कार्यक्रम के लिए नियुक्त की जाने वाली महिला मैच अधिकारियों की सबसे बड़ी संख्या है। टूर्नामेंट में बारह अंपायर और तीन मैच रेफरी होंगे।

# 'जा अब पलट के देखब ना' ने पार किये 51 मिलियन व्यूज



**भोजपुरी** के लोकप्रिय सिंगर-एक्टर नीलकमल सिंह, चार्मिंग गर्ल काजल राघवानी और पॉपुलर गायिका प्रियंका सिंह पहली बार एक साथ दर्दभरा वीडियो सांग 'जा अब पलट के देखब ना' लेकर आये थे। यह म्यूजिक वीडियो वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया था। इस गाने को अब तक 51 मिलियन से ज्यादा व्यूज और 4 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। इस गाने में नीलकमल सिंह और काजल राघवानी एक-दूसरे से नाराज नजर आ रहे हैं। लगता है कि दोनों के रिश्तों में दरार पड़ गयी है और एक दूसरे से कह रहे हैं- 'जा अब पलट के तेरी ओर नहीं देखेंगे'। इस गाने को भव्य लोकेशन पर फिल्माया गया था। इस सैड सांग के पोस्टर में भी नीलकमल सिंह और काजल राघवानी एक-दूसरे से मुंह मोड़े हुए नजर आ रहे हैं। गाने को 18 अप्रैल, 2021 को रिलीज किया गया था। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स द्वारा प्रस्तुत इस दर्द भरे गीत को नीलकमल सिंह और प्रियंका सिंह ने गाया है। इसके निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। गीत के लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं, जबकि संगीत राज गाजीपुरी का है। इसके अरेंजर मोहित मौर्या हैं। गाने का प्रचार डब्ल्यूडब्ल्यूआर टीम कर रही है। इस वीडियो के निर्देशक रवि पंडित और कोरियोग्राफर राहुल यादव हैं। इसके एडिटर दीपक पंडित और प्रोडक्शन इंचार्ज पंकज सोनी हैं।

### वंदे भारत ट्रेन पर पथराव मामले पर बोलीं ममता बनर्जी

# बंगाल को बदनाम करने की कोशिश क्यों हुई



**कोलकाता (हि.स.)।** वंदे भारत ट्रेन पर पथराव को लेकर रेलवे की ओर से किये गये खुलासे के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमलावर हो गयी हैं। उन्होंने कहा है कि जब बिहार में पत्थर फेंके गये, तो पश्चिम बंगाल को बदनाम करने की कोशिश क्यों हुई। गुरुवार को गंगासागर से वापस लौटने के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि कई मीडिया हाउस तीन दिनों से हमारे खिलाफ इस मुद्दे को बढ़ावा दे रहे हैं। फेक न्यूज दिखाया। बंगाल का अपमान करने की कोशिश की गयी है। कानून उनके खिलाफ अपना काम करेगा।

उन्होंने आगे कहा कि घटना बंगाल में नहीं हुई, बिहार में हुई। बिहार की जनता नाराज हो सकती है। लोकतंत्र में लोगों में गुस्सा हो सकता है। ऐसा कहकर बिहार का अपमान करने की इजाजत नहीं है। मुझे लगता है कि उनका भी अधिकार है। उन्होंने कहा कि जब बिहार में भाजपा सरकार नहीं है, तो उन्हें यह ट्रेन क्यों नहीं मिलेगी? ममता ने कहा कि रेलवे के विकास के नाम पर पुराने ट्रेनों को पेंट करके चलाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में कितनी सारी पुरानी ट्रेनें खड़ी थीं। अब एक भी नहीं है। मैं मीडिया से कहूंगी कि फर्जी खबरें चलाना बंद करें। ममता ने आगे कहा कि जिनके पास करने को कुछ नहीं है, वो ऐसा करते हैं। वे हर जगह अपनी नकारात्मक सोच फैलाना चाहते हैं। मैं उनसे कहूंगी कि निराश न हों। मैं हमेशा केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बनाकर काम करने के पक्ष में हूं।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !